


सूर्योदय प्रात: 5:27 | सूर्यास्त संध्या 6:17 | पखवाड़ा श्रावण शु. दशमी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 31° न्यूनतम 25°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित





रांची, शनिवार, 22 अगस्त 2026, वर्ष : 17, अंक : 188, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


# जेएसएससी-सीजीएल और सीडीपीओ नियुक्ति रद्द करने के आदेश पर भी हाई कोर्ट की रोक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** झारखंड में भर्ती परीक्षाओं को लेकर चल रहे विवाद के बीच झारखंड उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को जेएसएससी-सीजीएल और सीडीपीओ परीक्षा से जुड़ीं नियुक्तियां रद्द करने के राज्य सरकार के आदेश पर भी रोक लगा दी। नियुक्त कर्मियों को हटाने सम्बन्धी सरकारी अधिसूचना को चुनौती देनेवालीं चार अलग-अलग याचिकाओं पर न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत में सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान अदालत ने महाअधिवक्ता रोहित राय से कहा कि इस तरह के सभी मामलों में सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल करने के लिए एक निश्चित समय-सीमा तय की जाये। अदालत ने राज्य सरकार को अपना जवाब दाखिल करने के लिए 07 सितम्बर तक का समय दिया है। वहीं, प्रार्थियों को सरकार के जवाब पर 14 सितम्बर तक प्रतिउत्तर दाखिल करने के निर्देश दिये गये। मामले की अगली सुनवाई 15 सितम्बर को होगी।

प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। याचिकाओं में राज्य सरकार की ओर से सीडीपीओ ; यानी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी परीक्षा का विज्ञापन रद्द करने के फैसले को चुनौती दी गयी है। इसके अलावा जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा और उससे जुड़ीं नियुक्तियों को रद्द करने के सरकार के आदेश के खिलाफ भी याचिका दाखिल की गयी है।

कुछ प्रार्थियों ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की 11वीं से 13वीं सिविल सेवा परीक्षा तथा फूड सेफ्टी ऑफिसर की नियुक्तियां रद्द करने के सरकारी आदेश को भी चुनौती दी है।

अदालत ने सीडीपीओ तथा जेएसएससी की 11वीं से 13वीं परीक्षा को रद्द करने के सम्बन्ध में राज्य सरकार और जेपीएससी से जवाब मांगा है। अदालत के अंतरिम आदेश से इन परीक्षाओं से जुड़ीं नियुक्तियों को लेकर तत्काल उत्पन्न संकट फिलहाल टल गया है।

उल्लेखनीय है कि सीआईडी जांच में सामने आये तथ्यों के आधार पर राज्य सरकार ने 18 अगस्त की देर रात उन परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की थी, जिनमें टीडीपीएल की भूमिका सामने आयी थी। इसके साथ ही वर्ष 2014 से आयोजित सभी नियुक्ति परीक्षाओं में सम्भावित अनियमितताओं को देखते हुए जांच कराने की ● शेष पृष्ठ 11 पर

**■ सरकार को 07 सितम्बर तक जवाब के निर्देश**




## शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,540.83 | 3.11 (0.00%) |
| निफ्टी | 24,252.00 | 20.15 (0.08%) |

## सर्राफा बाजार

प्रति 10 ग्राम

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,54,880.00 |
| चांदी | 2600.00 |

## एक झलक

### झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 25 अगस्त को

**रांची :** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 25 अगस्त को होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन करेंगे। बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में आयोजित की जायेगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने शुक्रवार को बैठक की जानकारी दी। बैठक में कई महत्त्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श के बाद मुहर लगने की सम्भावना है।

### 'वंदे मातरम्' के विरोध पर राजनाथ ने कांग्रेस को घेरा

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'वंदे मातरम्' को लेकर कांग्रेस के रुख पर कड़ी आपत्ति जतायी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का 'वंदे मातरम्' का सम्मान करने से इनकार करना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह संवैधानिक दृष्टि से भी गंभीर विषय है। सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक वीडियो साझा कर कहा कि संसद देश की सर्वोच्च संस्था है और संसद से पारित कानून सभी के लिए बाध्यकारी होते हैं। ऐसे में किसी कानून या संवैधानिक व्यवस्था को मानने से इनकार करने पर सम्बन्धित व्यक्ति या संस्था की संविधान के प्रति निष्ठा पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत का सम्मान करने से इनकार करने पर देशभक्ति को लेकर भी सवाल खड़े होते हैं।

### भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे गांव में ग्रेनेड हमला

**चंडीगढ़ :** पंजाब के अमृतसर में भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे गांव जट्टा में बीती रात एक घर पर हुए ग्रेनेड हमले में तीन व्यक्ति घायल हो गये। शुक्रवार को दिन भर पुलिस ने पूरे इलाके को अपने घेरे में रखा। घायलों को निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पंजाब पुलिस तथा सेना ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि सीमावर्ती गांव जट्टा में बीती रात बाइक सवारों ने एक घर पर ग्रेनेड हमला किया। हमले से हुए धमाके के चलते घर के शीशे टूट गये और परिवार के तीन सदस्य घायल हो गये। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

## अंदर के पन्नों पर


3 एमएमडीआर संशोधन विधेयक के खिलाफ...

5 सावन महोत्सव में बिखरी संस्कृति की छटा...

7 धनबाद राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में पलामू के...

9 राजकमल में साइबर सेफ्टी एंड अवेयरनेस पर लगी...

10 महिला डीपीएल में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स की शानदार...


## कार्टून कोना




भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) का झारखंड सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने किया दौरा

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में नयी प्रतिभाएं तैयार करेंगे आईआईटी जोधपुर और झारखंड

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**जोधपुर/रांची :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) का झारखंड सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया। इस दौरान झारखंड में समावेशी और भविष्य के लिए तैयार सेमीकंडक्टर प्रतिभा एवं नवाचार तंत्र विकसित करने को लेकर रणनीतिक चर्चा हुई। बैठक में व्यापक सिलिकॉन माइंड्स ढांचे के तहत प्रस्तावित ट्विश-झारखंड कार्यक्रम पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया।

प्रस्तावित कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी एवं ग्रामीण युवाओं, इंजीनियरिंग और डिप्लोमा विद्यार्थियों, आईटीआई व पॉलिटेक्निक विद्यार्थियों तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्र की छात्राओं एवं महिलाओं को सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों से जोड़ना है। बैठक में झारखंड सरकार, आईआईटी जोधपुर और अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासन संस्थान के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, आईआईटी जोधपुर की शोध एवं तकनीकी क्षमताओं, झारखंड में कार्यक्रम के क्रियान्वयन की आवश्यकताओं, सम्भावित संस्थागत भूमिकाओं और भविष्य में सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की गयी।

प्रस्तावित कार्यक्रम में प्रतिभाओं की पहचान और बुनियादी प्रशिक्षण से शुरुआत कर उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण, प्रयोगशाला में व्यावहारिक अनुभव, प्रशिक्षण-अवसर, रोजगार और उद्यमिता तक समग्र मार्ग विकसित करने की परिकल्पना की गयी है। प्रशिक्षण के प्रमुख क्षेत्रों में वीएलएसआई डिजाइन एवं अनुकरण, एम्बेडेड प्रणाली, पीसीबी एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स, सेमीकंडक्टर की मूल अवधारणाएं, स्वच्छ कक्ष का व्यावहारिक परिचय और निर्माण तकनीक शामिल हैं।

आईआईटी जोधपुर के अधिकारियों ने एआईओटी फैब लैब और केन्द्रीय अनुसंधान सुविधा का प्रदर्शन किया। प्रतिनिधिमंडल को संस्थान में उपलब्ध उन्नत शोध, प्रयोगशाला और तकनीकी विकास क्षमताओं से अवगत कराया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने प्रस्तावित कार्यक्रम और आईआईटी जोधपुर की शोध एवं प्रयोगशाला क्षमताओं के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की। बैठक में झारखंड सरकार, आईआईटी जोधपुर और अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासन संस्थान की विशेषज्ञता एवं क्षमताओं को एक साथ लाकर राज्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यक्रम के क्रियान्वयन मॉडल की सम्भावनाओं ● शेष पृष्ठ 11 पर



■ आदिवासी व ग्रामीण युवाओं, छात्राओं और महिलाओं को शिक्षा, प्रयोगशाला प्रशिक्षण, रोजगार व उद्यमिता से जोड़ने की पहल

### छात्राओं-महिलाओं के लिए अवसर विकसित करने पर दिया जा रहा जोर

**इस** पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पारम्परिक कौशल प्रशिक्षण तक सीमित रखने के बजाय उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण और अत्याधुनिक तकनीकी वातावरण का प्रत्यक्ष अनुभव उपलब्ध कराना है। खासतौर पर आदिवासी समुदायों, ग्रामीण युवाओं तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्र की छात्राओं व महिलाओं के लिए अवसर विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है।

# झारखंड विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

**पुलिस ने खंगाला पूरा परिसर, एफआईआर दर्ज**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के कुछ कर्मचारियों को फोन कर विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। फोन करनेवाले ने कर्मचारियों से विधानसभा नहीं जाने की बात भी कही। मामले में रांची के विधानसभा थाने में शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की गयी है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, धमकी की जानकारी 20 अगस्त को मिली। मामला सामने आते ही रांची पुलिस ने इसे गम्भीरता से लेते हुए विधानसभा परिसर की सुरक्षा जांच करायी। बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) की टीम ने पूरे परिसर को बारीकी से खंगाला और हर सम्भावित स्थान की जांच की। हालांकि, जांच के दौरान कहीं कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली।

पुलिस के वरीय अधिकारियों के मुताबिक धमकी देनेवाले मोबाइल नम्बर को ट्रेस किया जा रहा है। आरोपित की पहचान के लिए तकनीकी टीम को लगाया गया है। पुलिस कॉल की पूरी डिटेल खंगालने के साथ यह पता लगाने में जुटी है कि धमकी किसने और किस मकसद से दी।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी रांची में सिविल कोर्ट, उपायुक्त कार्यालय, पासपोर्ट कार्यालय सहित कई महत्त्वपूर्ण सरकारी संस्थानों और निजी मॉल को बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं। सिविल कोर्ट और उपायुक्त कार्यालय को कई बार निशाना बनाने की धमकी दी गयी। हालांकि, हर बार बीडीएस टीम की जांच में धमकी अफवाह साबित हुई।



- ■ विधानसभा थाना में एफआईआर, पुलिस ने शुरू की जांच
- ■ बीडीएस ने पूरे परिसर की तलाशी ली, कुछ संदिग्ध नहीं मिला
- ■ कर्मचारियों को विधानसभा नहीं आने की दी चेतावनी
- ■ धमकी देनेवाले मोबाइल नम्बर को ट्रेस करने में जुटी पुलिस

### बांग्लादेश के साथ गंगा जल संधि पर तकनीकी स्तर पर चर्चा जारी

**नयी दिल्ली :** भारत और बांग्लादेश के बीच साल 1996 को हुई गंगा जल संधि अपने 30 वर्ष पूरे करनेवाली है और यह इसी साल दिसम्बर में समाप्त हो रही है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि गंगा जल संधि पर दोनों देशों के बीच तकनीकी स्तर पर चर्चा जारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि गंगा जल संधि पर साल 1996 में 30 वर्षों की अवधि के लिए हस्ताक्षर किये गये थे। भारत और बांग्लादेश के बीच नदियों से सम्बन्धित सभी मुद्दों पर संयुक्त नदी आयोग के अंतर्गत चर्चा की जाती है। इसके अलावा ● शेष पृष्ठ 11 पर

# लिव-इन रिलेशनशिप शादी जैसा, माता-पिता दखल नहीं दें




■ दिल्ली हाईकोर्ट की लिव-इन मामले में अहम टिप्पणी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली हाईकोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा है कि अपनी मर्जी से साथ रहनेवाले बालिगों का रिश्ता शादी जैसा ही है और न तो माता-पिता, रिश्तेदार और न ही दोस्त उनकी पसंद में दखल दे सकते हैं या उनकी जान को खतरा पहुंचा सकते हैं। जस्टिस सौरभ बनर्जी ने हाल ही में एक लिव-इन कपल की सुरक्षा याचिका पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिये।

दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब दो वयस्क अपनी इच्छा और सहमति से जीवन साथी चुन कर साथ रहने का निर्णय लेते हैं, तो यह उनका व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार है, जिसे सामाजिक मान्यताओं, पूर्वाग्रहों या पारिवारिक दबाव के आधार पर सीमित नहीं किया जा सकता। हालांकि, कोर्ट ने यह भी साफ किया कि लिव-इन रिलेशनशिप को कानूनी ● शेष पृष्ठ 11 पर

# प्रधानमंत्री ने 20 अंतरिक्ष स्टार्टअप के सीईओ और संस्थापकों से किया संवाद

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सेवा तीर्थ में देश के 20 अंतरिक्ष स्टार्टअप के सीईओ और संस्थापकों के साथ संवाद किया। इस दौरान अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की निजी कंपनियों की बढ़ती क्षमताओं, वैश्विक स्तर पर भारतीय अंतरिक्ष तकनीकों की बढ़ती मांग और अंतरिक्ष क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, बैठक में रॉकेट बनाने, दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले अंतरिक्ष यान और प्रक्षेपण यान, उपग्रह, अंतरिक्ष से जुड़ी इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियों, नई तकनीक से रॉकेट इंजन बनाने, अंतरिक्ष एवं रक्षा से जुड़ी जानकारी, अंतरिक्ष में जमा कचरे को हटाने ● शेष पृष्ठ 11 पर



### युवाओं की ऊर्जा का देशहित में उपयोग करेगा संघ

**हैदराबाद :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय समन्वय बैठक 19 अगस्त से 21 अगस्त तक विशाखापत्तनम के गुडीलोवा स्थित विज्ञान विहार स्कूल में आयोजित की गयी। संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत और सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के नेतृत्व में हुई इस बैठक में राष्ट्रीय मुद्दों, आपसी समन्वय और सामाजिक सुधारों पर चर्चा करने के लिए संघ से प्रेरित 32 संगठनों के 306 प्रतिनिधि शामिल हुए। आज शाम बैठक का विधिवत समापन होगा।

# पूरा 'वंदे मातरम्' गाया जाना इस बार स्वतंत्रता दिवस को खास बना गया : शाह

एजेंसी

**सिलीगुड़ी :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि देश की आजादी और विभाजन के बाद लम्बे समय तक कुछ लोगों ने 'वंदे मातरम्' को पूरे मन से स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि संसद में इस गीत को गाया जाता था और सभी लोग सम्मान में खड़े होते थे, लेकिन आजादी के बाद भी इसका पूरा संस्करण नहीं गाया जाना उन्हें हमेशा खलता रहा।

अमित शाह ने यह बात दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के अधिकारियों और जवानों को सम्बोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने जवानों से संवाद किया और सिलीगुड़ी में कई परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। ● शेष पृष्ठ 11 पर



### सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा के लिए विशेष त्रिकोणीय सुरक्षा ग्रिड तैयार

**तीन** दिवसीय पश्चिम बंगाल दौरे पर पहुंचे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सिलीगुड़ी कॉरिडोर यानी 'चिकन नेक' की सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की विशेष बैठक में उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत को देश के बाकी हिस्सों से जोड़नेवाले इस संवेदनशील भौगोलिक क्षेत्र की सुरक्षा केन्द्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

पैलेट गन फायरिंग में घायल हुए छात्र साहिल लोचब को साथ लेकर संसद मार्ग थाना पहुंचे नेता प्रतिपक्ष

# राहुल के दबाव में अंततः अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर प्रदर्शनकारी छात्र साहिल की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन मामला अज्ञात पर दर्ज किया गया है। यह कदम नेता प्रतिपक्ष द्वारा संसद मार्ग थाने के समक्ष धरना देने के बाद उठाया गया। साहिल का आरोप है कि पैलेट छर्रे लगने से उसकी आंख की रोशनी चली गयी। एफआईआर दर्ज कराने तक राहुल थाने के बाहर ही बैठे रहे। वह शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 बजे से संसद मार्ग थाने पहुंचे थे। जब उनकी मांग नहीं मानी गयी, तो वह डीसीपी से मिले। बातचीत का नतीजा नहीं निकलने पर धरने पर बैठ गये। उन्होंने कहा था कि जब तक एफआईआर दर्ज नहीं होगी, वह हटेंगे नहीं। इसके बाद 5.30 बजे पुलिस ने प्रोसेस शुरू की। अर्थात, राहुल गांधी 08 घंटे धरने पर बैठे, तब जाकर एफआईआर दर्ज की गयी। इससे पहले राहुल ने साहिल को लगे छर्रे दिखा कर कहा था कि पैलेट गन चलने के सबूत हैं। ये छर्रे साहिल के शरीर से निकले हैं। अगर पुलिस ने गन नहीं चलायी, तो किसने चलायी है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

- ■ जंतर-मंतर की लड़ाई कांग्रेस के धरने तक पहुंची
- ■ एफआईआर दर्ज कराने को लेकर राहुल गांधी को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत
- ■ 08 घंटे संसद मार्ग स्थित डीसीपी कार्यालय के सामने धरने पर बैठे रहे राहुल और प्रियंका



### राहुल गांधी कानून का सम्मान करें, अराजकता न फैलायें : रविशंकर प्रसाद

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने राहुल गांधी के संसद मार्ग थाने के बाहर किये गये विरोध प्रदर्शन पर तीखा हमला बोला। भाजपा के मुताबिक जिस मामले को लेकर राहुल गांधी धरना दे रहे हैं, उसकी जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही उच्चस्तरीय समिति गठित कर दी है। राहुल गांधी बिना पूर्व अनुमति संसद मार्ग थाने के बाहर धरने पर बैठे, जबकि पुलिस पहले स्पष्ट कर चुकी है कि मामले में एफआईआर दर्ज है और जांच जारी है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि इस मामले में गठित समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश कर रहे हैं।



### सिर्फ मीडिया में सुर्खियां बटोरने को राहुल ने दिया धरना : जेपी नड्डा

**केन्द्रीय** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने संसद मार्ग थाने के बाहर राहुल गांधी के धरने को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश एक बार फिर राहुल गांधी की 'सस्ती और सुर्खियां बटोरनेवाली राजनीति' देख रहा है। उनका यह धरना सिर्फ मीडिया की सुर्खियां बटोरने के लिए है।

जेपी नड्डा ने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि यह धरना न तो छात्रों के हित में है और न ही न्याय के लिए, बल्कि कांग्रेस की राजनीतिक हताशा और राहुल की मीडिया में बने रहने की कोशिश का प्रतीक है।



## एक झलक

### बेड़ो में 24 अगस्त को होगा शिवसेना का भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन

**बेड़ो** : शिवसेना बेड़ो प्रखंड के तत्वाधान में सोमवार 24 अगस्त को प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर में शिवसेना का भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में बेड़ो प्रखंड कमेटी का गठन के साथ-साथ शिवसेना की सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में शिवसेना के झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह एवं उपप्रमुख संदीप मुखर्जी का आगमन होगा। सम्मेलन में जिले के सभी पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में शिवसैनिक उपस्थित रहेंगे। वहीं कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। शुक्रवार को दिनभर कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्था को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। वहीं सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवसेना के राज्य प्रमुख दीपक सिंह के द्वारा महादानी बाबा का भव्य श्रृंगार पूजा किया जाएगा, जिसके बाद प्रसाद व भंडारे का वितरण किया जाएगा।

बेड़ो में कल निकाली जाएगी भव्य जलाभिषेक यात्रा

### लापुंग के घाघरी धाम से बेड़ो महादानी मंदिर तक होगी पैदल यात्रा

**बेड़ो** : लापुंग के प्रसिद्ध घाघरी धाम मंदिर से रविवार को बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी बाबा मंदिर तक प्रखंड के शिवचर्चा ग्रुप कटहल टोली व पुरियो कटहल टोली ग्रामवासियों के द्वारा भव्य जलाभिषेक यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में शिव भक्त घाघरी नदी से पवित्र जल लेकर पैदल चलकर महादानी मंदिर पहुंचेंगे और महादानी बाबा का जलाभिषेक करेंगे। वहीं आयोजनकर्ताओं ने बताया कि रविवार को सुबह 5 बजे प्रखंड के ग्रामीण व महिलाएं घाघरी धाम में एकत्रित होंगे। जहां से वे गाजे-बाजे के साथ भजन-कीर्तन करते हुए बेड़ो के महादानी बाबा मंदिर तक पदयात्रा करेंगे। वहीं यात्रा के समापन के बाद महादानी मंदिर के प्रांगण में महाप्रसाद भंडारे का भी आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने सभी ग्राम वासियों से इस पवित्र यात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाने और अपना सहयोग देने की अपील की है। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक सौहार्द और भक्तिमय वातावरण को बढ़ावा देगा।

### भुरकुंडा ओपी में ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील**

**भुरकुंडा** : ईद मिलादुन्नबी पर्व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर भुरकुंडा ओपी में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार ने की। बैठक में पर्व के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने और किसी भी प्रकार के भ्रामक प्रचार से बचने पर जोर दिया गया। ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए और सोशल मीडिया पर कोई भ्रामक या आपत्तिजनक संदेश प्रसारित न किया जाए। बैठक के दौरान जुलूस मार्ग, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के मद्देनजर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। समिति के सदस्यों ने प्रशासन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अवसर पर एसआई अजीत कुमार, प्रदीप मांझी, बारीक अंसारी, डब्लू सिंह, जगतार सिंह, राजेश सिन्हा, मुकेश राऊत, प्रेम विश्वकर्मा, प्रेम मुंडा, मोहम्मद इरफान अंसारी, मोहम्मद अली, अब्दुल नाजिर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### माध्यमिक शिक्षा निदेशक और संयुक्त सचिव ने पीएम श्री उच्च विद्यालयों का किया निरीक्षण

# विद्यार्थियों को उपलब्ध करायी जा रहीं सुविधाओं का लिया जायजा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : विभागीय आदेश के आलोक में शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशक राजेश प्रसाद और संयुक्त सचिव कुंवर सिंह पाहन द्वारा रामगढ़ जिले के तीन पीएम श्री उच्च विद्यालयों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, आधारभूत संरचना, पठन-पाठन की व्यवस्था एवं विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लेना था। निरीक्षण के क्रम में माध्यमिक शिक्षा निदेशक एवं संयुक्त सचिव ने पीएम श्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय,



रजरप्पा प्रोजेक्ट, पीएम श्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय, बरियातू तथा पीएम श्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय, कुल्ही का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, पेयजल एवं स्वच्छता सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा विद्यार्थियों से संवाद कर पठन-पाठन एवं शिक्षा की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। माध्यमिक शिक्षा निदेशक राजेश प्रसाद ने विद्यालयों के शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पीएम श्री योजना के तहत चयनित विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ आधारभूत संरचना एवं उपलब्ध संसाधनों को आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी शिक्षा उपलब्ध कराने तथा विद्यालयों में नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। अधिकारियों ने विद्यालय प्रशासन को विद्यालय की व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार सुनिश्चित करने तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्रत्येक छात्र-छात्रा तक पहुंचाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, रामगढ़ श्री अभय कुमार सील, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अनूप माइकल केरकेट्टा एवं सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी कुमार राज सहित संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं अन्य विभागीय कर्मी उपस्थित रहे।

## झारखंड फ्रेम्स फेस्ट 2026 में दिखी फोटोग्राफी की रचनात्मक दुनिया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर उषा मार्टिन विश्वविद्यालय (UMU) के फैकल्टी ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन की ओर से Canon के साथ साझेदारी में झारखंड फ्रेम्स फेस्ट 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, फोटोग्राफी के उत्साही लोगों और पेशेवर फोटोग्राफरों ने भाग लेकर फोटोग्राफी, रचनात्मकता और दृश्य कहानी कहने की कला का उत्सव मनाया। फेस्टिवल में फोटोग्राफी प्रदर्शनी, विशेषज्ञ मास्टरक्लास, फोटोग्राफी वॉक, लाइव Canon प्रतियोगिता, Canon Experience तथा "Five Frames, One Jharkhand Story" फोटो चैलेंज जैसे आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण "Photography Beyond the Camera: Art, Ethics & Visual Storytelling" विषय पर आयोजित मास्टरक्लास रहा, जिसे पेशेवर फोटोग्राफर नयन शौर्य ने संचालित किया। वहीं उंल्लङ्घल्ल के सुभोजित बराल के नेतृत्व में प्रतिभागियों ने फोटोग्राफी वॉक में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं की घोषणा की गई। UMU के उज्ज्वल करण ने Best Mobile Photography, विशाल भारद्वाज ने People's Choice Award और सत्यम मेहता ने Best Photographer का पुरस्कार हासिल किया।

## बुढ़मू जेएसएलपीएस महिला कर्मियों के एक वर्ष के मानदेय भुगतान की मांग, बीडीओ को सौंपा गया मांगपत्र



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू** : पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष, रांची सह आजसू नेत्री पार्वती देवी के नेतृत्व में शुक्रवार को जेएसएलपीएस की महिला कर्मियों के एक वर्ष से लंबित मानदेय भुगतान को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) धीरज कुमार एवं डीपीएम को मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में बताया गया कि सितंबर 2025 से अगस्त 2026 तक विभिन्न कैडरों का मानदेय भुगतान लंबित है। इनमें जी-सीआरपी, एलएच-बीआरपी, एफएल-सीआरपी, जेआरपी, बीडीएसपी, सेतु दीदी, एपीएस, यूपीएस एवं बागवानी सखी शामिल हैं। महिला कर्मियों ने कहा कि कई महीनों से मानदेय नहीं मिलने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में भी कठिनाई हो रही है। कर्मियों का आरोप है कि लगातार आश्वासन मिलने के बावजूद अब तक बकाया भुगतान नहीं किया गया है। मांग पत्र की प्रतिलिपि ऑल सीएलएफ बुढ़मू, बीडीओ बुढ़मू, डीपीएम जेएसएलपीएस, एसपीएम रांची एवं सीईओ जेएसएलपीएस को भी दी गई है। मौके पर अंजनी देवी, एपीएस रश्मि महली, सोनी कुमारी, सनम देवी, मीना देवी, गीता देवी, सुमिता देवी, सकमनी कुमारी, बेबी देवी, मंधुजी, मीना कुजूर, उषा देवी, संध्या समेत अन्य मौजूद थीं।

## भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी सम्मानित

**खूंटी** : भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों को उपायुक्त-सह-प्रधान जनगणना पदाधिकारी मो जावेद हुसैन ने शुक्रवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक संपादित किया गया था। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक संपन्न कराने में उत्कृष्ट योगदान के लिए तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-चार्ज पदाधिकारी (जनगणना), अड़की ज्योति कुमारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-चार्ज पदाधिकारी (जनगणना), मुरहू रंजीत कुमार सिन्हा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस, अनुभव व सम्मान का उत्सव : डालसा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा सदस्य सचिव, झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव के नेतृत्व में 'अपना घर' ओल्ड-एज-होम हेसाग हटिया, रांची में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी संगीता सिंह, संजय उरांव, दिपेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, शिवानी तिर्की, करसेंसिया बाखला, चालक राजा वर्मा समेत अपना घर, ओल्ड-एज-होम के कर्मचारियों समेत वृद्धजन उपस्थित थे। राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि इस विधिक जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के बुजुर्गों को मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपने जीवन के इस पड़ाव को पूरे स्वाभिमान और गरिमा के साथ जी सकें। अकेले नहीं हैं आप के तहत बुजुर्गों को यह विश्वास दिलाना है कि पूरा समाज उनके साथ खड़ा है। आगे उन्होंने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण सुरक्षा और कल्याण अधिनियम - 2007 के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। श्री सिन्हा ने विधिक जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं विशेषताओं के बारे में बताते हुए कहा कि युवाओं और स्वयंसेवकों को बुजुर्गों के साथ समय बिताने, उनकी कहानियाँ सुनने और उनके अनुभवों से सीखने के लिए प्रेरित किया जाता है, जिससे कि बुजुर्ग अपने आप को अकेला महसूस न करें।

## बेड़ो थाना कांड के आरोपी विपुल खन्ना गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**बेड़ो** : बेड़ो थाना कांड संख्या 50/26 के प्राथमिकी अभियुक्त 35 वर्षीय विपुल खन्ना पिता रघुवीर खन्ना निवासी मनखा मुंडा थाना बेड़ो, जिला रांची को बेड़ो थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 108 के तहत मामला दर्ज है। मामले में आगे की कार्रवाई के तहत आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## फसल बीमा को लेकर मुखिया दुर्गा उरांव ने चलाया जागरूकता अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग** : प्रखंड के देवगांव पंचायत के नदी टोली गांव में शुक्रवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। मुखिया दुर्गा उरांव ने गांव जाकर किसानों को योजना की जानकारी दी। मुखिया ने बताया कि बाढ़, सुखाड़, ओलावृष्टि या कीट लगने से फसल खराब होने पर सरकार पूरा मुआवजा देती है। अभियान के दौरान मौके पर ही कई किसानों का रजिस्ट्रेशन कराया गया। साथ ही किसानों को बताया गया कि कैसे सीएससी सेंटर या बैंक से फॉर्म भरना है। जरूरी कागजात आधार, खतियान, बैंक पासबुक और बुआई का प्रमाण पत्र भी बताए गए। मुखिया दुर्गा उरांव ने कहा हमारे कई किसान हर साल मौसम खराब होने से नुकसान झेलते हैं। फसल बीमा से उनको आर्थिक मदद मिलेगी। मेरा लक्ष्य है पंचायत के हर किसान को इस योजना से जोड़ना। किसानों ने कहा कि पहले उन्हें इस योजना के बारे में पूरी जानकारी नहीं थी। जागरूकता अभियान से फायदा होगा।

## बारिश में बह गयी करोड़ों की लागत से बनी पुल की एप्रोच सड़क



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग (रांची)** : रांची जिले के लापुंग प्रखंड के पोलानदी टोली में करीब तीन-चार माह पहले बनकर तैयार हुई करोड़ों रुपये की लागत वाली पुल की एप्रोच सड़क का आधा हिस्सा बारिश में बह गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क का बचा हिस्सा भी बहने का खतरा बना हुआ है। इससे आसपास के करीब आधा दर्जन गांवों के लोगों के आवागमन पर संकट मंडरा रहा है। सड़क बहने पर ग्राम प्रधान तेम्बा उरांव सचिव संदिप मिंज, मुखिया दुर्गा उरांव व वार्ड सदस्य पोड़हा उरांव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पुल बनाने की मांग को लेकर पुल के समीप शुक्रवार को सड़क निर्माण को लेकर ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी किया। साथ ही मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की व पुर्व मंत्री बंधु तिर्की को जल्द बनाने की मांग किया। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ दिन पहले पुल का गार्डवाल भी बारिश में बह गया था। ग्रामीणों ने पुल और एप्रोच सड़क के निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इतनी बड़ी पुलिया के दोनों छोर पर पर्याप्त दूरी तक मजबूत गार्डवाल बनाया जाना चाहिए था, लेकिन यहां महज छोटा सा गार्डवाल बनाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि एप्रोच सड़क पर अलकतरा और गिट्टी की परत की मोटाई आधा इंच भी नहीं है। इसके कारण सड़क कई जगह से उखड़ गई है और जगह-जगह दरारें भी पड़ गई हैं। बारिश के बाद सड़क का आधा हिस्सा बह जाने से निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने दोषियों पर कार्रवाई के साथ एप्रोच सड़क की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। मौके पर जोसेफ पन्ना, कृष्णा लोहरा, कृष्णा उरांव, विकास उरांव, सुकरा उरांव, महली उरांव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहें।

## सिकिदरी बस स्टैंड में खुला शहंशाह वस्त्रालय, किफायती कीमत पर मिलेंगे कपड़े



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : शुक्रवार को सिकिदरी बस स्टैंड में शहंशाह वस्त्रालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। अनगड़ा प्रखंड के कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि सफीक अंसारी एवं किरण देवी ने फीता काटकर वस्त्रालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों ने संचालक गुलफाम आलम को शुभकामनाएं दीं। मौके पर कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि सफीक अंसारी ने कहा कि क्षेत्र में नए व्यवसाय की शुरूआत होना स्थानीय लोगों के लिए अच्छी पहल है। उन्होंने वस्त्रालय के संचालक को व्यवसाय में सफलता की शुभकामना देते हुए ग्राहकों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने की बात कही। वस्त्रालय के संचालक गुलफाम आलम ने कहा कि ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यहां विभिन्न प्रकार के वस्त्र किफायती एवं उचित कीमतों पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता के कपड़े उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में वंदना, सुरेश महतो, ताहिर हुसैन, खालीद, फौलाद अंसारी, हुसैन, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के फारूक अंसारी, इनाम अंसारी, गौतम सिंह, हमीद अंसारी, अजगुत करमाली, कमल हसन, बबलू, इरफान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### महिलाओं के हक, अधिकार, हिस्सेदारी व राजनीतिक भागीदारी को लेकर शक्ति अभियान के तहत हुई बैठक

## महिलाओं ने अपने क्षेत्र से जुड़ीं विभिन्न समस्याओं को सामने रखा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**तमाड़** : ब्लॉक मोड़, रायडीह में महिलाओं के हक, अधिकार, हिस्सेदारी एवं राजनीतिक भागीदारी को लेकर शक्ति अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक विनीत कुमार सिंह एवं रोशन कामती द्वारा आयोजित किया गया। बैठक का नेतृत्व भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस की सह-प्रभारी प्रीति मांझी जी ने किया। बैठक में क्षेत्र की दर्जनों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान महिलाओं ने अपने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, चुनौतियों एवं आवश्यकताओं को सामने रखा। प्रीति मांझी जी ने महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। अपने संबोधन में प्रीति मांझी ने कहा कि महिलाएं समाज की आधी आबादी हैं और उनके बिना समाज एवं देश का समग्र विकास संभव नहीं है। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से महिलाओं से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने और उनके अधिकारों की लड़ाई को प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के लिए आगे आएं, एक-दूसरे का सहयोग करें और समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को केवल सम्मान और प्रतिनिधित्व की बात तक सीमित नहीं रखना है, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में बराबर की हिस्सेदारी दिलानी है। बैठक के दौरान महिलाओं ने शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा, सरकारी योजनाओं का लाभ, आर्थिक आत्मनिर्भरता तथा राजनीतिक भागीदारी जैसे विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखी।

## एस्बेस्टस हटा कर तेल मिल में घुसे चोर 25-30 हजार का सरसों तेल ले गये



**बेड़ो** : बेड़ो बाजार टांड़ स्थित अंकित आटा चक्की एवं तेल मिल में गुरुवार देर रात अज्ञात चोरों ने एस्बेस्टस की छत हटाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर मिल में रखे करीब 10 से 12 टीन सरसों तेल लेकर फरार हो गए। चोरी गए तेल की कीमत करीब 25 से 30 हजार रुपए बताई जा रही है। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह मिल दुकान में काम करने वाले एहसान मियां के दुकान खोलने पर चला। उन्होंने मिल के अंदर सरसों का तेल बिखरा देखा। ऊपर एस्बेस्टस की सीट भी हटी हुई थी। इसके बाद उन्होंने मिल संचालक नरेश सोनी को घटना की जानकारी दी। सूचना पर नरेश सोनी और अंकित सोनी मौके पर पहुंचे और बेड़ो पुलिस को सूचना दी।

### वरिष्ठ नागरिक दिवस पर मोती राज देवी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

## गीत, नृत्य और नाटक के जरिये प्रशिक्षुओं ने बुजुर्गों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता व कृतज्ञता का दिया संदेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : मोती राज देवी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के इ.एफ. विभाग में वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गीत, नृत्य और नाटक की रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान का संदेश दिया। प्रशिक्षुओं की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और कृतज्ञता की भावना को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बुजुर्गों को समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए उनके अनुभवों और योगदान के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम कॉलेज की प्राचार्या डॉ.अनवर जहां खातून की गरिमामयी उपस्थिति एवं कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. अरफा सदफ, सलोमी तिर्की, ज्योत्स्ना, शाहीन



अफरोज एवं डॉ. निमरोदी टोप्पो सहित कॉलेज के संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में फैकल्टी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्राचार्या डॉ.अनवर जहां खातून ने प्रशिक्षुओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के बुजुर्ग हमारी अमूल्य धरोहर हैं और उनका सम्मान करना प्रत्येक युवा का कर्तव्य है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशील एवं सम्मानपूर्ण व्यवहार अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी फैकल्टी सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं ने वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया।

**ICMR शॉर्ट-टर्म स्टूडेंटशिप 2026**

## माउंट कार्मेल स्कूल की पूर्व छात्रा स्वाति स्नेहा का चयन

- राष्ट्रीय स्तर पर 1,640 विद्यार्थियों में मिली जगह, एस.बी. मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में कर रही हैं MBBS की पढ़ाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : माउंट कार्मेल स्कूल, ओरमांझी की पूर्व छात्रा स्वाति स्नेहा ने राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वर्ष 2019-20 बैच की छात्रा रहीं स्वाति स्नेहा का प्रतिष्ठित इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR) शॉर्ट-टर्म स्टूडेंटशिप 2026 के लिए चयन हुआ है। पूरे देश से चयनित 1,640 विद्यार्थियों में स्वाति का शामिल होना विद्यालय, परिवार और क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। स्वाति स्नेहा वर्तमान में एस.बी. मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग में टइइर ढँशी क्कक्की पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने क्ढटफ शॉर्ट-टर्म स्टूडेंटशिप कार्यक्रम के



तहत अपना शोध प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसका चयन राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित शोध कार्यक्रम के लिए किया गया। स्टूडेंटशिप के दौरान स्वाति चिकित्सा अनुसंधान से जुड़ा कार्य करेंगी और वैज्ञानिक शोध-पद्धति का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगी। शोध पूरा होने के बाद उनके शोध के निष्कर्ष प्रकाशित किए जाएंगे। इस उपलब्धि को उनके चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ भविष्य के शोध कार्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्वाति की सफलता पर माउंट कार्मेल स्कूल के निदेशक फादर दीपक डउऊऔर प्रधानाचार्या सिस्टर टेसिन रअइर ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि स्वाति ने अपनी उपलब्धि से परिवार और विद्यालय दोनों का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य और शोध कार्य की सफलता की कामना की। विद्यालय परिवार ने कहा कि स्वाति स्नेहा की यह उपलब्धि वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। यह सफलता विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अनुसंधान और समाज की सार्थक सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी। माउंट कार्मेल स्कूल परिवार ने स्वाति स्नेहा को शुभकामनाएं देते हुए उनके शोध कार्य की सफलता और चिकित्सा के क्षेत्र में उज्ज्वल एवं सार्थक भविष्य की कामना की।

## पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयन्ती पर श्रद्धांजलि



**नगड़ी** : नगड़ी प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा ग्राम एड़चोरो के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, आधुनिक भारत के निर्माता एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी की जयंती के अवसर पर उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर नगड़ी प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्री सहाबीर लोहरा ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने देश को आधुनिकता, विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान की। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और आधुनिक सोच ने भारत को 21वीं सदी की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जी का मानना था कि देश की असली ताकत उसके युवा हैं। युवाओं को सशक्त बनाने, पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए उनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। श्री सहाबीर लोहरा ने कहा कि आज राजीव गांधी जी की 82 वां जयंती के अवसर पर हम सभी उनके आदर्शों, विचारों एवं देश सेवा के संकल्प को आत्मसात करने का प्रण लेते हैं और उनके सपनों के आधुनिक, सशक्त एवं समृद्ध भारत के निर्माण के लिए कार्य करने का संकल्प दोहराते हैं।

## सावन में महादानी बाबा के दरबार में उमड़ रही भक्तों की भीड़, 26 वर्षों से जारी है भव्य शृंगार पूजा की परम्परा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक महादानी बाबा मंदिर में सावन माह में पूरे महीने तक पूजा अर्चना करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। महादानी मंदिर में विशेष रूप से सावन में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। यहां भक्तों द्वारा सुबह से ही भगवान का जलाभिषेक किया जाता है। वहीं शाम के समय विशेष रूप से महादानी बाबा का फूलों से विशेष श्रृंगार पूजा व भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। विजय टंडन व अशोक पंडा द्वारा 25 जुलाई 2001 में शुरू किया गया श्रृंगार पूजा आज भी 26 वर्षों से लगातार जारी है। पुजारी अशोक पंडा ने बताया कि वर्ष में एक बार लगने वाले सावन माह की महिमा अपरंपार है। यह माह भक्तों के कल्याण के लिए है। सावन माह में बाबा का दर्शन, जप, तप और दान करने से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूरी होती हैं। महादानी बाबा के भव्य श्रृंगार करने के लिए ऐसे सैंकड़ों श्रद्धालु भक्त हैं, जो सावन महीना में बाबा का नियमित दर्शन, पूजा तथा जलाभिषेक करते हैं। भक्तों द्वारा पूरे एक महीना के श्रृंगार पूजा अनुष्ठान को पूरा करने के लिए अपने अनुसार पूरे एक महीना का दिन चयन कर पवित्र सावन महीना में बाबा का भव्य श्रृंगार पूजा, संध्या आरती व प्रसाद का वितरण किया जाता है।

## एक झलक

### छात्रों के शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक कार्यक्रम में व्यवधान व पुलिस लाठीचार्ज की घटना दुर्भाग्यपूर्ण : ओम वर्मा



**रांची** : अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि JPSC-JSSC रिफॉर्म मंच द्वारा झारखंड के सभी जिलों में छात्रों की ओर से आयोजित शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान उत्पन्न घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। ओम वर्मा ने कहा कि JPSC-JSSC रिफॉर्म मंच के बैनर तले छात्र अपनी मांगों को लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से सरकार के समक्ष रखने के लिए पुतला दहन कार्यक्रम कर रहे थे। ऐसे कार्यक्रम में कथित रूप से खटट कार्यकर्ताओं द्वारा हस्तक्षेप करते हुए पुतला छीनने/लूटने तथा कार्यक्रम को बाधित करने का प्रयास किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

### झारखंड के छह जिलों में 23 अगस्त को भारी बारिश का येलो अलर्ट

**रांची** : झारखंड के छह जिलों में 23 अगस्त (रविवार) को भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसे लेकर शुक्रवार को येलो अलर्ट जारी किया है। प्रभावित जिलों में उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के पलामू, गढ़वा और चतरा तथा दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र के गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, इन जिलों में रविवार को गरज के साथ भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने तथा कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की अपील की है। इधर, पिछले तीन-चार दिनों से हो रही बारिश के बाद शुक्रवार को राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ और खुशनुमा रहा। बारिश नहीं होने से लोगों को राहत मिली और सामान्य जनजीवन पटरी पर लौटता नजर आया। गली-मोहल्लों में जमा पानी भी धीरे-धीरे कम होने लगा है।

### एक्युप्रेशर सह चुम्बकीय प्रशिक्षण शिविर का समापन, सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र

**रांची** : मारवाड़ी महिला समिति, गम्हरिया और डॉ. लालचंद बगड़िया एक्युप्रेशर संस्थान, रांची के संयुक्त तत्वावधान में 16 अगस्त से आयोजित एक्युप्रेशर सह चुंबकीय प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन समारोह में मारवाड़ी महिला समिति, गम्हरिया की अध्यक्ष रीना धानुका ने मुख्य अतिथि, संस्थान के पदाधिकारियों और अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने महिला समिति के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समिति की महिलाएं समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। उन्होंने भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। संस्थान के अध्यक्ष रामा शंकर बगड़िया ने बताया कि 28 वर्ष पूर्व ब्रह्मलीन गुरुदेव ने जमशेदपुर के तुलसी भवन में एक्युप्रेशर सह चुंबकीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया था। 28 वर्ष बाद गम्हरिया में दोबारा इस तरह का शिविर आयोजित किया गया है।

### डीएसपीएमयू में 19 सितम्बर को करम पूर्व संध्या, तैयारी पर चर्चा

**रांची** : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के अखड़ा में आगामी करम पूर्व संध्या समारोह के आयोजन को लेकर शुक्रवार को पहली तैयारी बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसीएस यूनिट के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने की। बैठक में सर्वसम्मति से करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन 19 सितंबर 2026 को करने का निर्णय लिया गया। एसीएस यूनिट के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने कहा कि करम केवल एक पर्व नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी सदस्यों से समर्पण और उत्साह के साथ आयोजन को सफल बनाने की अपील की। बैठक में समारोह के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

### एमएमडीआर संशोधन विधेयक के खिलाफ 27 अगस्त से कांग्रेस का राज्यव्यापी आन्दोलन

# जनता को भाजपा की कथित सच्चाई से कराया जायेगा अवगत




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंडी हितों के खिलाफ केंद्र सरकार का मनमाना रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। झारखंड कांग्रेस एमएमडीआर संशोधन विधेयक और चंदा चोरी के मुद्दे पर प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक व्यापक आंदोलन करेगी। यह बातें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि एमएमडीआर संशोधन विधेयक के जरिए राज्यों के खनिजों पर सेस वसूलने के अधिकार को समाप्त करने के केंद्र सरकार के फैसले के विरोध में कांग्रेस 27 अगस्त से राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेगी। इसके तहत 27 अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय धरना दिया जाएगा और राष्ट्रपति के नाम मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। कमलेश ने बताया कि सात सितंबर को लोक भवन के समक्ष राज्यस्तरीय धरना दिया जाएगा। इसके बाद नौ से 16 सितंबर तक सभी प्रखंड मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 16 सितंबर के बाद प्रखंडस्तरीय कार्यक्रम समाप्त होने पर आगे के आंदोलन की घोषणा की जाएगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एमएमडीआर संशोधन विधेयक से झारखंड को होने वाले नुकसान और राम मंदिर चंदा चोरी प्रकरण को प्रखंड स्तर तक ले जाकर जनता को भारतीय जनता पार्टी की कथित सच्चाई से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2024-25 में खनिज से झारखंड को 1,380 करोड़ रुपये और 2025-26 में 7,487.91 करोड़ रुपये मिले थे। इससे राज्य की कई योजनाओं को वित्तीय सहायता मिली। खनिजों पर सेस लगाने का अधिकार समाप्त होने से स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, पेंशन और मंईयां सम्मान जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावित होंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि जमीन और खनिज झारखंड के हैं। प्रदूषण और विस्थापन का दर्द झारखंड के लोग झेलें, लेकिन निर्देश केंद्र सरकार दे, यह स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेस लगाने का अधिकार उच्चतम न्यायालय ने राज्यों को दिया था। सवाल है कि क्या केंद्र सरकार इस अधिकार से भी ऊपर है। सुखदेव भगत ने आरोप लगाया कि राज्यों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है और केंद्र सरकार राज्यों पर अपने फैसले थोप रही है। संवाददाता सम्मेलन में मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, प्रवक्ता सोनाल शांति और उज्ज्वल प्रकाश तिवारी मौजूद रहे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची जिला अंतर्गत Santosh College of Teachers Training Education में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों एवं अन्य हितधारकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, मतदाता पहचान पत्र संबंधी जानकारी तथा लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान ECINET App डाउनलोड करने तथा इसके माध्यम से फॉर्म-06 भरकर नए मतदाता के रूप में नाम दर्ज करने की प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को ऐप के उपयोग, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में व्यावहारिक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया गया। उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी, रांची, मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत अपना नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज करवाएं तथा एडब्ल्यूएल असवस्र के माध्यम से सुविधापूर्वक आवेदन करें। यह अभियान जन-जागरूकता बढ़ाने तथा मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं समावेशी बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

### एमएमडीआर पर रक्षा राज्य मंत्री की पत्रकार वार्ता

## राज्य की तकदीर और तस्वीर बदलनेवाला है यह विधेयक : संजय सेठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने केंद्रीय कार्यालय में MMDR विधेयक-2026 को लेकर पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि यह विधेयक खनिज संपदा से समृद्ध झारखंड जैसे राज्यों की तकदीर और तस्वीर बदलनेवाला ऐतिहासिक कदम है। यह विधेयक राज्यों के हितों को मजबूत करने के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। संजय सेठ ने कहा कि विपक्ष द्वारा इस विधेयक को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। राज्यों के हितों से कोई समझौता नहीं किया गया है। खनिज राजस्व का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा पहले की तरह राज्यों को मिलता रहेगा। इससे राज्यों की आय बढ़ेगी और गांव-गांव तक विकास की रफ्तार तेज होगी। उन्होंने कहा कि MMDR विधेयक-2026 का सबसे बड़ा प्रभाव अवैध खनन और खनिज चोरी पर प्रभावी रोक के रूप में सामने आएगा। मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत खनिज संपदा की चोरी रोकना आवश्यक है। जितना अधिक वैध खनन बढ़ेगा और जितना अधिक अवैध खनन रुकेगा, उतना ही अधिक राजस्व सरकार को प्राप्त होगा और उतनी ही तेजी से विकास के कार्य आगे बढ़ेंगे। मोदी सरकार के प्रयासों से खनिज राजस्व में ऐतिहासिक वृद्धि श्री सेठ ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले राज्य को खनिज क्षेत्र से लगभग 4,662 करोड़ का राजस्व प्राप्त होता था, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर लगभग 33,494 करोड़ हो गया है। यानी इसमें लगभग 618 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## एनएसई रिसर्च इनिशिएटिव 2.0 पर राष्ट्रीय सेमिनार, शोध और वित्तीय बाजार के बीच बेहतर तालमेल पर जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) के अर्थशास्त्र एवं विकास अध्ययन विभाग (DEDS) और आरएंडडी सेल के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार, 21 अगस्त 2026 को मैनेजमेंट बिल्डिंग स्थित सभागार में 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) रिसर्च इनिशिएटिव 2.0' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा वित्तीय क्षेत्र के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत भाषण के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों का सम्मान एवं पारंपरिक दीप प्रज्वलन किया गया। उद्घाटन सत्र को प्रो. मनोज कुमार, डीन,



अकादमिक अफेयर्स एवं डीन, आरएंडडी सेल; डॉ. संहिता सुचरिता, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र एवं विकास अध्ययन विभाग तथा डीन, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीयूजे के कुलपति प्रो. सारंग मेधाकर ने अकादमिक जगत और वित्तीय बाजार के बीच बेहतर संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास शोध को बाजार की वास्तविक जरूरतों से जोड़ने के साथ-साथ शोधकर्ताओं के लिए आंकड़ों की उपलब्धता और उपयोग को भी बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। इसके बाद धन्यवाद ज्ञापन हुआ और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। सेमिनार के पहले तकनीकी सत्र की अध्यक्षता सीयूजे के आईक्यूएसी निदेशक प्रो. तपन कुमार बसंतिया ने की। इस सत्र में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के मुख्य अर्थशास्त्री डॉ. तीर्थंकर पटनायक ने मुख्य व्याख्यान दिया। उन्होंने शेयर बाजार में निवेश और भागीदारी से जुड़े आंकड़ों को प्रस्तुत करते हुए देश में बाजार भागीदारी के क्षेत्रीय स्वरूप पर चर्चा की। विशेष रूप से झारखंड में लोगों की शेयर बाजार में भागीदारी और भविष्य में इसे बढ़ाने की संभावनाओं पर उन्होंने प्रकाश डाला। डॉ. पटनायक ने कहा कि वित्तीय बाजारों में भागीदारी के क्षेत्रीय पैटर्न को समझना जरूरी है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि ऐसे आयोजन अकादमिक शोध और वित्तीय बाजार के बीच मौजूद दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने शोधार्थियों और विद्यार्थियों को बेहतर एवं प्रासंगिक शोध के लिए सही सवाल पूछने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि अच्छे शोध की शुरूआत अच्छे सवालों से होती है।

## दो साल की सेवा-सम्भाल के बाद शम्भु यादव को मिला अपना परिवार
### सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम ने सम्मानपूर्वक भेजा पैतृक घर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है-इस भाव को चरितार्थ करते हुए परमहंस संत डॉ. सदानंद महाराज जी के पावन सानिध्य में एम.आर.एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम, पुंदाग, रांची निराश्रित, दिव्यांग एवं जरूरतमंद प्रभुजनों के लिए सेवा और आश्रय का महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है। वर्ष 2024 से आश्रम का कुशलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में यहां 47 निराश्रित प्रभुजन आश्रय लेकर रह रहे हैं, जिनकी भोजन, आवास, चिकित्सा एवं देखभाल की जिम्मेदारी आश्रम द्वारा पूरी श्रद्धा और सेवा भावना के साथ निभाई जा रही है। इसी सेवा यात्रा में आश्रम के लिए एक भावुक और संतोषजनक अवसर उस समय आया, जब शंभू यादव को उनकी खोई हुई याददाश्त वापस आने के बाद उनके पैतृक घर दिवारी लक्ष्मी नगर दरभंगा,बिहार पूरे सम्मान के साथ भेजा गया। शंभू यादव को दो वर्ष पूर्व 16 जून 2024 को वाराणसी से रेस्क्यू करके आश्रम लाया गया था।

## सीखने की क्षमता का निरन्तर विकास करें : नितिन मदन कुलकर्णी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सरला बिरला विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नए विद्यार्थियों के लिए 'एआई युग के लिए अपनी सोच और सीखने की क्षमता के विकास' विषय पर आज एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नितिन मदन कुलकर्णी, आईएएस, अपर मुख्य सचिव, राज्यपाल, झारखंड ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्री कुलकर्णी ने तकनीक को अपनाने, सीखने की क्षमता को निरंतर विकसित करने तथा निर्धारित पाठ्यक्रम से आगे बढ़कर नवीन कौशल अर्जित करने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि केवल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र दीर्घकालिक करियर सुरक्षा की गारंटी नहीं देते। अतएव लक्ष्य पर बाज जैसी नजर रखें। एआई पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इससे नौकरियों की प्रकृति बदल रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को इसका प्रयोग सीखने के क्रम में सहायक के रूप में करने तथा अपने कार्य और सोच को पूरी तरह एआई पर निर्भर न करने की सलाह दी। उन्होंने आलोचनात्मक चिंतन, स्वतंत्र निर्णय क्षमता, तथ्यों का सत्यापन, एकाग्रता, ध्यान और निरंतरता के महत्व पर विशेष जोर दिया। मानवीय महत्व के दृष्टिकोण की चर्चा करते हुए उन्होंने एथिकल जजमेंट, क्रिएटिविटी, क्रिटिकल थिंकिंग और कॉमन सेंस के महत्व पर जोर दिया। सत्र में श्री कुलकर्णी ने अपने अनुभवों एवं विचारों को साझा करते हुए विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया।

## भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर तारिक मंसूर को अन्नावादी इंसाफ पार्टी ने दी बधाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : तारिक मंसूर को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अन्नावादी इंसाफ पार्टी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पार्टी के केंद्रीय संयोजक एवं अधिवक्ता कफीलूर रहमान ने कहा कि तारिक मंसूर को भाजपा में इतनी बड़ी जिम्मेदारी दिया जाना देश के मुसलमानों के बीच भाजपा के प्रति सकारात्मक नजरिया और विश्वास बढ़ाने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि इससे भाजपा को भी और मजबूती मिलेगी। कफीलूर रहमान ने कहा कि तारिक मंसूर एक अच्छे व्यक्तित्व के धनी हैं। वे अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति रह चुके हैं और वर्तमान में उत्तर प्रदेश से विधान परिषद सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि तारिक मंसूर को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना सामाजिक एवं राजनीतिक समावेश की दिशा में सकारात्मक संदेश है। उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान सामाजिक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। आम जनता, विशेषकर युवा वर्ग, जाति, धर्म, भाषा और लिंग के भेद से ऊपर उठकर देश एवं समाज के समग्र विकास के लिए आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में भाजपा द्वारा तारिक मंसूर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दिया जाना निश्चित रूप से सकारात्मक कदम है। कफीलूर रहमान ने कहा कि यह पहल मजबूत और विकसित भारत के सपने को साकार करने में योगदान दे सकती है। उन्होंने तारिक मंसूर को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए भाजपा के इस निर्णय के लिए आभार भी व्यक्त किया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल में स्टेट लेवल टूर्नामेंट डीएवी स्पोर्ट्स-2026 क्लस्टर III का भव्य शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में स्टेट लेवल डी ए वी स्पोर्ट्स-2026 (क्लस्टर-III) का भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिनों तक (दिनांक 21.08.2026 से दिनांक 23.08.2026) चलनेवाले इस इस पतियोगिता में शूटिंग, कबड्डी, फुटबॉल स्केटिंग, एसनुकर एवं स्विमिंग का आयोजन हुआ है. इस समारोह के मुख्यातिथि शिवेंद्र नाथ दुबे (ट्रेजरार झारखण्ड ओलम्पिक असोसिएशन) थे। विद्यालय के प्राचार्य सह एआरओ डीएवी झारखंड जोन जी एवं क्लस्टर इंचार्ज विपिन राय ने मुख्यातिथि के साथ स्पोर्ट्स फ्लैग को फहराया। तीन दिनों तक चलनेवाले उपरोक्त स्पधाओं में अंडर-19,अंडर-17,अंडर-19 बॉयज एवं गर्ल्स मिलाकर लगभग 1500 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विद्यालय के कल्चरल सेक्रेटरी द्वारा सभी खिलाडियों को खेल को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यतिथि ने सभी खिलाड़ियों को अपने जीवन के बहुमूल्य खेल से जुड़ी बातों को बताया। विद्यालय के प्राचार्य सह क्लस्टर इंचार्ज विपिन राय ने सभी प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रतिस्पर्धा में सफलता और असफलता पर ध्यान न देकर अपनी प्रतिभा का शत -प्रतिशत उपयोग करना चाहिए। हार-जीत दोनों ही जीवन के अभिन्न अंग हैं। स्वस्थ शरीर व मानसिक विकास के लिए पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ खेल भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डीएवी ज्ञान-विज्ञान के साथ -साथ खेल पर भी सम्यक ध्यान देती है। आज स्पोर्ट्स के शुभारंभ के अवसर पर डीएवी नीरजा सहाय पब्लिक स्कूल प्राचार्या किरण यादव, एसआर डीएवी प्राचार्य तापस घोष, प्राचार्य डीएवी सिल्ली मैडम बुबुन शरण, प्राचार्या डीएवी आनंद स्वामी डॉ रेशु चौधरी एवं डीएवी हेहल सीनियर विंग के एस एच बी कार्तिक, इंचार्ज एम सी एम मैडम अनुश्री एवं एन डी जी ब्लॉक के इंचार्ज मैडम शालिनी प्रसाद की उपस्थिति रही।

### रांची में 23 अगस्त को झारखंड रेरा सेमिनार

## हितधारकों को अधिनियम की बारीकियों पर मिलेगा मार्गदर्शन

**रांची** : झारखंड रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (झारखंड रेरा) द्वारा रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यावहारिक पहलुओं पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन 23 अगस्त 2026 को किया जायेगा। यह कार्यक्रम रांची के रेडिसन ब्लू होटल में प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक आयोजित होगा। सेमिनार में रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े विभिन्न हितधारकों को अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, परियोजना पंजीकरण, प्रमोटर एवं आवंटियों के अधिकार एवं दायित्व, अनुपालन प्रक्रिया, वित्तीय प्रबंधन, शिकायत निवारण व्यवस्था एवं अन्य नियामकीय पहलुओं पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम के दौरान एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया जायेगा, जिसमें प्रतिभागियों द्वारा उठाए जानेवाले व्यावहारिक प्रश्नों एवं जिज्ञाशाओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा। झारखंड रेरा ने सभी बिल्डरों, प्रमोटरों, भूमि स्वामियों, होमबायर्स, बैंक एवं वित्तीय संस्थानों तथा अन्य हितधारकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक सहभागिता करने की अपील की है, ताकि रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता एवं विश्वास को और मजबूत किया जा सके।

## भक्ति, संगीत और सामूहिक सहभागिता का अनूठा संगम होगा 'रास एंड रिदम'

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची माहेश्वरी महिला समिति एवं माहेश्वरी युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में भक्ति, संगीत और सामूहिक सहभागिता से सजा विशेष कार्यक्रम 'रास एंड रिदम-भजन जैमिंग सेशन' का आयोजन 22 अगस्त दिन शनिवार को डंगराटोली स्थित स्वर्णभूमि वेंकट, रांची में किया जाएगा। आयोजन को लेकर माहेश्वरी समाज के लोगों में विशेष उत्साह है। आयोजकों का उद्देश्य भजन, संगीत और सामूहिक सहभागिता के माध्यम से श्रद्धालुओं एवं संगीत प्रेमियों को आध्यात्मिक आनंद के साथ सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव कराना है। कार्यक्रम में भक्ति संगीत को आधुनिक एवं सामूहिक जैमिंग के अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें प्रतिभागी भजनों के साथ जुड़कर गायन, संगीत और ताल के माध्यम से भक्ति का आनंद ले सकेंगे।



आयोजन में लाइव म्यूजिक की विशेष प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र होगी। भक्ति और संगीत के इस अनूठे संगम के माध्यम से लोगों को तनावमुक्त वातावरण में आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम की खास प्रस्तुति नेपाल के प्रसिद्ध 'लोकल जैमर्स नेपाल' बैंड द्वारा दी जाएगी। यह बैंड अपने लाइव म्यूजिक और भक्ति संगीत की प्रस्तुतियों के लिए जाना जाता है। बैंड की प्रस्तुति कार्यक्रम में ऊर्जा, उमंग और भक्ति का विशेष रंग भरने के साथ श्रोताओं के लिए यादगार अनुभव बनने की उम्मीद है।

# कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने संसदीय समिति के अध्यक्ष से की मुलाकात



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : प्रदेश कांग्रेस कमिटी का एक प्रतिनिधिमंडल महासचिव आलोक कुमार दूबे, डॉ. राजेश गुप्ता, राजीव रंजन प्रसाद, फिरोज रिजवी मुन्ना, अभिषेक साहू एवं मेंहुल दूबे के नेतृत्व में उद्योग संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद तिरुचि शिवा तथा समिति के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर रांची स्थित हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (त्थ्एउ) के समग्र पुनरुद्धार, आधुनिकीकरण, वित्तीय पुनर्गठन एवं उत्पादन क्षमता के पुनर्स्थापन को लेकर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने संसदीय समिति के समक्ष एचईसी की वर्तमान स्थिति, कर्मचारियों की समस्याओं तथा संस्थान की उत्पादन क्षमता को पुनः पटरी पर लाने की आवश्यकता से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं को रखा। ज्ञापन में कहा गया कि एचईसी की स्थापना देश में भारी एवं विशाल औद्योगिक संयंत्रों के निर्माण की आत्मनिर्भर क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से की गई थी। एचईसी ने देश के अनेक महत्वपूर्ण औद्योगिक संयंत्रों, परियोजनाओं एवं आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसलिए इसे किसी सामान्य सार्वजनिक उपक्रम के रूप में नहीं, बल्कि देश की रणनीतिक औद्योगिक संपदा के रूप में देखा जाना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक कुमार दूबे ने कहा कि एचईसी झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश की औद्योगिक आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इसके पास जमीन, आधारभूत संरचना, अनुभवी मानव संसाधन और तकनीकी क्षमता आज भी मौजूद है। केंद्र सरकार को तत्काल विशेष वित्तीय पैकेज देकर एचईसी को पुनर्जीवित करना चाहिए। कांग्रेस पार्टी एचईसी के कर्मचारियों और झारखंड के औद्योगिक हितों की लड़ाई मजबूती से जारी रखेगी। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि एचईसी के पुनरुद्धार के लिए तत्काल विशेष वित्तीय पैकेज उपलब्ध कराया जाए, ताकि संस्थान की कार्यशील पूंजी की समस्या दूर हो सके और लंबित कायार्देशों को समय पर पूरा किया जा सके। ज्ञापन में एचईसी की पुरानी एवं जर्जर मशीनरी के आधुनिकीकरण, नई तकनीक एवं अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता तथा उत्पादन इकाइयों को चरणबद्ध तरीके से पुनः पूरी क्षमता से संचालित करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग रखी कि एचईसी के ऊपर वर्तमान वित्तीय देनदारियों एवं पुराने ऋणों के पुनर्गठन के लिए केंद्र सरकार विशेष नीति तैयार करे, ताकि संस्थान पर वित्तीय बोझ कम हो और वह अपने पैरों पर खड़ा हो सके। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि एचईसी को केवल आर्थिक घाटे के आंकड़ों से नहीं देखा जा सकता, क्योंकि यह देश की रणनीतिक औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने वाला संस्थान है। नियमित कायार्देश और पर्याप्त कार्यशील पूंजी मिलने पर एचईसी अपनी उत्पादन क्षमता को फिर से हासिल कर सकता है। केंद्र सरकार को रक्षा, रेलवे, ऊर्जा, इस्पात और खनन जैसे क्षेत्रों के कायार्देशों में एचईसी को प्राथमिकता देनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि एचईसी के पास कुशल एवं अनुभवी इंजीनियरों, तकनीकी कर्मचारियों और श्रमिकों की बड़ी कार्यशक्ति है। उनके अनुभव और विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए संस्थान को पुनः देश की अग्रणी भारी इंजीनियरिंग कंपनी के रूप में स्थापित किया जा सकता है। ज्ञापन में नियमित कायार्देश उपलब्ध कराने के साथ-साथ रक्षा, रेलवे, ऊर्जा, इस्पात, खनन एवं अन्य रणनीतिक क्षेत्रों में केंद्र सरकार की परियोजनाओं में एचईसी को प्राथमिकता देने की मांग की गई।

### एचईसी के समग्र पुनरुद्धार की मांग

## छात्रहित सर्वोपरि मंच की पहल का असर, ई-कल्याण छात्रवृत्ति की तिथि हुई विस्तारित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : ई-कल्याण पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति सत्र 2025-26 एवं 2026-27 को लेकर छात्रहित सर्वोपरि मंच, झारखंड द्वारा लगातार विद्यार्थियों की समस्याओं को संबंधित विभाग एवं अधिकारियों के समक्ष उठाया जा रहा था। विशेष रूप से छात्रवृत्ति प्रक्रिया में लंबित मामलों एवं विद्यार्थियों को हो रही परेशानियों को लेकर मंच द्वारा लगातार आवाज उठाई गई। मंच की पहल एवं विद्यार्थियों के हित में लगातार किए गए प्रयासों के बाद छात्रवृत्ति आवेदन की तिथि में विस्तार किया गया है। जारी सूचना के अनुसार सत्र 2025-26 में छात्र-छात्राओं के आवेदन की तिथि 25 अगस्त 2026 से 25 सितंबर 2026 तक तथा सत्र 2026-27 में छात्र-छात्राओं के आवेदन की तिथि 25 अगस्त 2026 से 20 नवंबर 2026 तक निर्धारित की गई है। वहीं क्ठड एवं उ्ठड स्तर से सत्यापन की प्रक्रिया अगले आदेश तक जारी रहेगी। इस निर्णय से उन विद्यार्थियों को राहत मिलेगी जो निर्धारित समय में अपनी छात्रवृत्ति प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए थे। मंच ने सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए समय-सीमा के भीतर अपना आवेदन एवं संबंधित प्रक्रिया पूरी करें।

मंच के पदाधिकारियों का वक्तव्य
राहुल कुमार राणा–प्रदेश अध्यक्ष
छात्रवृत्ति विद्यार्थियों के लिए केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि उनकी शिक्षा को निरंतर आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। जब किसी विद्यार्थी का आवेदन लंबित रहता है या समय-सीमा के कारण वह अपनी प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाता, तो उसके सामने पढ़ाई से जुड़ी कई परेशानियां खड़ी हो जाती हैं।

## एक झलक

### दो दिवसीय छठी अखिल भारतीय फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता आज से

**हजारीबाग** : हजारीबाग जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में 22 एवं 23 अगस्त को स्थानीय अरण्य विहार परिसर में छठी अखिल भारतीय फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर जिला शतरंज संघ की तैयारियां पूरी की गई हैं। जिला शतरंज संघ के सचिव सत्येन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से शतरंज खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले में शतरंज खेल को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। फिडे रेटिंग प्रतियोगिता होने के कारण खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी रेटिंग सुधारने का अवसर भी मिलेगा। हजारीबाग जिला शतरंज संघ लंबे समय से जिले में शतरंज खेल को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहा है। संघ का प्रयास है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवा खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर मिले। आयोजकों ने जिले के शतरंज प्रेमियों और खेलप्रेमियों से प्रतियोगिता में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

### केबीएसएस +2 उच्च विद्यालय में बाल संसद का लोकतांत्रिक तरीके से पुनर्गठन

**चौपारण** : केबीएसएस +2 उच्च विद्यालय, चौपारण में शुक्रवार को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत बाल संसद का पुनर्गठन किया गया। विद्यालय में छात्रों के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता के विकास के उद्देश्य से मतदान एवं चयन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। पुनर्गठन के दौरान आनंद पंडा को बाल संसद का प्रधानमंत्री तथा सिया चौरसिया को उपप्रधानमंत्री चुना गया। दोनों निर्वाचित प्रतिनिधियों को विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि बाल संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों को विकसित करने का प्रभावी माध्यम है।

### विभावि के योग पाठ्यक्रम में नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के योग केंद्र में योग और नेचुरोपैथी का 2-वर्षीय पीजी पाठ्यक्रम तथा 1-वर्षीय योग में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के योग केंद्र के निदेशक डॉ. राजकुमार चौबे ने दिया। ज्ञात हो कि प्रोफेसर चंद्र भूषण शर्मा के कुलपति के रूप में योगदान करने के बाद योग विभाग पर विश्वविद्यालय का विशेष ध्यान है। उन्होंने बताया कि 21 अगस्त से 5 सितंबर तक नामांकन प्रपत्र ऑनलाइन समर्पित करने हेतु पोर्टल खोल दिया गया है। मेधा सूची का प्रकाशन 10 सितंबर को किया जाएगा। 11 से 16 सितंबर तक चयनित विद्यार्थियों के दस्तावेजों का ऑफलाइन सत्यापन, योग केंद्र में, किया जायेगा। डॉ चौबे ने बताया कि विश्वविद्यालय के चांसलर पोर्टल में 500 शुल्क के साथ नामांकन प्रपत्र समर्पित किया जा सकता है। बताया कि दोनों ही पाठ्यक्रमों के लिए आवेदक की समान अर्हता निर्धारित की गई है। किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में ऑनर्स या मेजर विषयों में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण तथा जनरल कोर्स में 60% अंक के साथ उत्तीर्ण विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम के लिए नामांकन कर सकते हैं। डॉ राजकुमार चौबे ने योग क्रांति के इस आधुनिक युग में योग पाठ्यक्रम से लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि योग पाठ्यक्रम के माध्यम से रोजगार के कई अवसर खुलते हैं। बताया कि वर्तमान समय में योग प्रशिक्षक तथा योग शिक्षक की मांग बढ़ती ही जा रही है। बताया कि योग से जहां एक तरफ व्यक्तित्व में निखार आता है वहीं व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ जीवन यापन कर पाते हैं।

### शेख तैयब के प्रयास से चौथा के ग्रामीणों को मिला एक सौ केबीए का नया ट्रांसफॉर्मर

**विष्णुगढ़** : प्रखंड अंतर्गत चौथा गांव में विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने गुरुवार को एक सौ केबीए नये विद्युत ट्रांसफार्मर का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। बता दे कि आज के आधुनिक समय और बढ़ते डिजिटल दौर में बिजली आमजनों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। बिजली आपूर्ति ठप होने पर सभी कार्य ठप हो जाते हैं। एक सप्ताह पूर्व विद्युत ट्रांसफार्मर जल जाने से बिजली की संकट से चौथा गांव के स्थानीय ग्रामीण झेल रहे थे। उन्हें काफी मुश्किलों से गुजरना पड़ रहा था, घरेलू कामकाज के साथ बच्चों की पढ़ाई समेत अन्य कार्य भी बाधित हो गई थी। ग्रामीणों ने इस समस्या से जिप सदस्य शेख तैयब को अवगत कराया, उन्होंने त्वरित पहल करते हुए बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से संपर्क किया और एक सौ केबीए विद्युत ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को उपलब्ध कराया। बिजली मिलने पर यहां के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।

# बाल संरक्षण को सुदृढ़ करने पर उपायुक्त ने दिया जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा एवं बाल संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं संस्थानों के कार्यों की समीक्षा करते हुए बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा एवं उनके समुचित देखरेख को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि बाल संरक्षण विभाग की प्रमुख जिम्मेवारी यह सुनिश्चित करना है कि 18 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को उसका 'राइट टू चाइल्डहुड' अर्थात बालपन का अधिकार प्राप्त हो रहा है या नहीं। बच्चा चाहे बेहतर परिस्थितियों में रह रहा हो अथवा विपरीत परिस्थितियों में, उसके संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं समुचित विकास को सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिक जिम्मेवारी है। उपायुक्त ने सृजन फाउंडेशन, हजारीबाग में आवासित नन्हें बालक-बालिकाओं की समुचित देखरेख, सुरक्षा, इलाज एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में बरही में संचालित बाल गृह की अद्यतन स्थिति की जानकारी भी उपायुक्त ने प्राप्त की। उन्होंने बताया कि बाल गृह वर्तमान में किराए के भवन में संचालित हो रहा है। बच्चों को बेहतर एवं स्थायी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बाल गृह को हजारीबाग में स्थानांतरित करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं, हजारीबाग में संचालित संप्रेक्षण गृह की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अधीक्षक के पद को स्वीकृति प्रदान करने हेतु उपायुक्त स्तर से संबंधित विभाग को पत्राचार करने का निर्देश दिया, ताकि संस्थान का संचालन अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित किया जा सके। उपायुक्त ने फोस्टर केयर के अंतर्गत रह रहे बच्चों की स्थिति की भी जानकारी ली तथा उनके संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पारिवारिक वातावरण से संबंधित स्थिति की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। बैठक में बाल श्रम के मुद्दे पर भी विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बाल श्रम के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने, नियमित जांच एवं अभियान संचालित करने तथा बाल श्रम से संबंधित किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने आमजनों से अपील की कि बाल श्रम से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत की सूचना टोल फ्री नंबर 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन पर दें। साथ ही, उक्त टोल फ्री नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

### राशन वितरण के एवज में पैसे की मांग करनेवाले डीलरों की करें शिकायत : डीसी

**हजारीबाग** : उपायुक्त हेमन्त सती ने जिले के सभी राशन कार्डधारियों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) केंद्र से निर्धारित खाद्यान्न का उठाव निःशुल्क करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पात्र राशन कार्डधारियों को जनवितरण प्रणाली के माध्यम से चावल, गेहूं, नमक एवं चना दाल का वितरण निःशुल्क वितरण किया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि यदि किसी जनवितरण प्रणाली विक्रेता (डीलर) द्वारा राशन वितरण के एवज में लाभुकों से किसी प्रकार की राशि की मांग की जाती है, तो इसकी शिकायत जिला नियंत्रण कक्ष में कॉल कर दर्ज कराई जा सकती है। प्राप्त शिकायतों की जांच कर संबंधित डीलर के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने जिले के सभी राशन कार्डधारियों से अपील करते हुए कहा कि वे राशन लेने के लिए किसी भी प्रकार की अनधिकृत राशि का भुगतान न करें तथा यदि कोई डीलर पैसे की मांग करता है तो तत्काल इसकी शिकायत जिला नियंत्रण कक्ष दूरभाष नंबर:- 8002529349 में दर्ज कराएं। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी मुरली यादव ने बताया कि सोना सोबरन योजना के तहत धोती-साड़ी का वितरण सरकार द्वारा निर्धारित 10 की दर पर किया जाता है। इसके अतिरिक्त राशन के रूप में वितरित किए जाने वाले चावल, गेहूं, नमक एवं चना दाल के लिए लाभुकों से कोई राशि देय नहीं है।

## झारखंड विधानसभा की याचिका समिति ने हजारीबाग में विभिन्न याचिकाओं के लम्बित मामलों की समीक्षा की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : झारखंड विधानसभा की याचिका समिति ने शुक्रवार को हजारीबाग जिले का दौरा किया। इस दौरान समिति के मनोनीत सदस्य विधायक उदय शंकर सिंह, विधायक नागेंद्र महतो एवं विधायक ममता देवी ने परिसदन सभागार में जिले के विभिन्न विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में समिति द्वारा जिले से संबंधित विभिन्न विभागों की याचिकाओं एवं लंबित मामलों की क्रमवार समीक्षा की गई तथा अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली गई। समीक्षा के दौरान मुआवजा एवं नौकरी, धान के बकाया भुगतान, जंगली जानवरों के शिकार से प्रभावित व्यक्तियों को मुआवजा, सड़क निर्माण सहित विभिन्न लंबित मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने संबंधित पदाधिकारियों से प्रत्येक मामले की वर्तमान स्थिति एवं अब तक की गयी कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की। समिति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों में अब तक की गई कार्रवाई की अद्यतन रिपोर्ट समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाए। साथ ही, जनसामान्य से जुड़ी याचिकाओं एवं शिकायतों का नियमानुसार एवं समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि पात्र लाभुकों एवं प्रभावित लोगों को समय पर राहत मिल सके।

## जीवन में सही दिशा और अच्छे संस्कार भी जरूरी : एसडीपीओ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों के लिए एक विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बरही एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर एवं थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। अधिकारियों ने बच्चों से शिक्षा, सफलता, अनुशासन, संस्कार और नशे जैसी गंभीर सामाजिक समस्याओं पर खुलकर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने विद्यार्थियों से उनके भविष्य और जीवन के लक्ष्यों को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता केवल परीक्षा में प्राप्त अंकों से तय नहीं होती, बल्कि व्यवहार, अनुशासन, मेहनत, संस्कार और सही निर्णय लेने की क्षमता भी व्यक्ति की सफलता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए विशेष रूप से जागरूक किया। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि नशा किस प्रकार धीरे-धीरे व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और पूरे भविष्य को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से बचने के व्यावहारिक उपाय बताते हुए कहा कि किसी भी गलत आदत या गलत संगति की शुरूआत को समय रहते पहचानना जरूरी है। एसडीपीओ ने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता एवं बड़ों का सम्मान करने अनुशासन में रहने तथा अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहने की भी प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि जीवन में आने वाली असफलताओं से घबराने के बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। वहीं थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने विद्यार्थियों को पुलिसिंग व्यवस्था एवं पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस की जिम्मेदारी केवल अपराध को रोकना नहीं, बल्कि समाज में सुरक्षा, शांति और जागरूकता का वातावरण बनाना भी है। विद्यार्थियों ने पुलिस की कार्यशैली से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने सरल भाषा में जवाब दिया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि आगामी रविवार को बरही में नशामुक्ति अभियान के तहत विशेष सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। युवाओं को नशे की गिरफ्त से दूर रखने और समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान में एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### बोधिबागी मैदान में नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**इचाक** : प्रखंड के बोधिबागी मैदान में गीतांजलि युवा क्लब, कूरहा के तत्वावधान में ये डबल बकरा नॉक आउट फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन शुक्रवार को मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, कांग्रेस नेत्री रेणु कुमारी और मुखिया संगीता कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और फुटबॉल में कीक मारकर किया। उद्घाटन मैच चंदा और छावनी टीम के बीच खेला गया। जिसमें चंदा ने छावनी को 1.0 से हराया। इस दौरान मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए अनुशासित तरीके से अपने प्रतिद्वंदी का मुकाबला करने को कहा। उन्होंने कहा कि खेल में अनुशासन का बड़ा महत्व होता है। खेल से न केवल शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है बल्कि खेल व्यक्तिगत जीवन में संयम, एकाग्रता और शिष्टाचार भी सिखाता है।

## वरिष्ठ कांग्रेसजनों को अंगवस्त्र भेंट कर किया गया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : प्रखंड के रामुआ स्थित झारखंड कार्यालय में शुक्रवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष गुरु प्रसाद साव तथा संचालन प्रखंड प्रभारी तारकेश्वर महतो ने किया। बैठक की शुरूआत भारत स्वतंत्रता आंदोलन के स्वतंत्रता सेनानी भुवनेश्वर दत्त शर्मा व्याकुल, नोखी राय, गुरु तेली, जगन्नाथ बरनवाल, भीखन हज्जाम तथा गोदावरी राम के स्वतंत्रता आंदोलन में दिए गए योगदान की स्मृति को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष गुरु प्रसाद साव, प्रखंड प्रभारी तारकेश्वर महतो, मंडल अध्यक्ष त्रिवेणी नायक, प्रखंड उपाध्यक्ष सोमर महतो, रामजन्म राय, प्रखंड महासचिव परमेश्वर महतो, हरि यादव, महेंद्र राम, अशोक गुप्ता, महादेव महतो, मधेश्वर महतो, मिट्ठू यादव समेत कई अन्य वरिष्ठ कांग्रेसजनों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि हम सबों को विष्णुगढ़ के कांग्रेस नेता किटी भूषण चौधरी, कमला प्रसाद सिन्हा, रामानंद राय, सरफुद्दीन अंसारी, बैजनाथ प्रसाद कसेरा, बाल गोविंद पांडेय, केशो सिंह, मोती महतो, वासुदेव सिंह, विशुन गोप, वासुदेव महतो तथा जगदीश प्रसाद बर्मन के विचारों को आत्मसात कर कांग्रेस विचारधारा को आगे बढ़ाना होगा। वक्ताओं ने आंदोलन की महत्ता पर विचार रखते हुए कहा कि भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों ने जन आंदोलन के बल पर अंग्रेजों के चंगुल से भारत को आजाद कराया था। वहीं दूसरी ओर झारखंड के आंदोलनकारियों ने जन आंदोलन के बल पर बिहार से झारखंड को अलग राज्य बनवाया है। उन्होंने कांग्रेस के आंदोलन की चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस ने वन अधिकार कानून में बदलाव को आंदोलन के बल पर रुकवाया तथा किसानों ने तीन कृषि कानून को वापस करवाया। आंदोलन के बल पर भारत सरकार को जातीय जनगणना की घोषणा करनी पड़ी तथा छात्र आंदोलन के बल पर पेपर लिक मुद्दे पर भारत के केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रक्षाबंधन उत्सव व राखी बनाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में बालिका शिक्षा के अंतर्गत रक्षाबंधन उत्सव एवं बहनों के द्वारा स्वनिर्मित राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया' उक्त प्रतियोगिता में विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा षष्ठ से लेकर द्वादश कक्षा में पढ़ने वाली बहनों ने भाग लिया। बहनों ने स्वर्निर्मित राखी निर्माण किया। विद्यालय में राखी प्रतियोगिता के आयोजन होने से विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने बहनों को रक्षाबंधन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन होने से कौशल विकास होता है। राखी बनाओ प्रतियोगिता में बहनों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता बालिका शिक्षा विभाग के निर्देशन में संपन्न हुई। मौके पर काजल कुमारी, संजू कच्छप दीदी जी एवं भैया-बहन मौजूद थे। बहनों ने विद्यालय में पढ़ने वाले भैयागण एवं आचार्य जी को राखी बांधी तथा पर्यावरण को प्रमुखता देते हुए वृक्षों को भी राखी बांधी' विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने भी वृक्षों में राखी बांधा। मौके पर विद्यालय के आचार्य जी/ दीदी जी एवं भैया-बहनें उपस्थित थे।

### बड़ा अखाड़ा ठाकुरबाड़ी में गूंजा जनजातीय गौरव का स्वर

## 80 स्टॉलों में दिखा महिला उद्यमिता का हुनर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : शहर के प्रसिद्ध श्री राम जानकी मठ, बड़ा अखाड़ा ठाकुरबाड़ी परिसर में आयोजित जनजातीय गौरव उत्सव-2026 के चौथे दिन जनजातीय संस्कृति, कला और परंपरा के साथ महिला उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की शानदार झलक देखने को मिली। 17 से 24 अगस्त तक चल रहे उत्सव में विभिन्न राज्यों से पहुंचीं महिला उद्यमियों और महिला समूहों की ओर से करीब 80 स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों पर महिलाओं द्वारा तैयार कपड़े, अचार, फूलों से बने सजावटी सामान, हस्तशिल्प, घरेलू उपयोग की वस्तुएं और विभिन्न पारंपरिक उत्पाद प्रदर्शित किये गये हैं। स्टॉलों में जनजातीय कला-संस्कृति के साथ महिलाओं के हुनर और मेहनत की आकर्षक तस्वीर देखने को मिल रही है। उत्सव के चौथे दिन भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा और भाजपा झारखंड की प्रदेश महामंत्री डॉ. सीमा सिंह पहुंचीं। आयोजन समिति ने उनका स्वागत किया। दोनों ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर महिला उद्यमियों से उनके उत्पादों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन भी किए। पूजा कपिल मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को अपने हुनर और उत्पादों को बड़े मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर देते हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस दिशा में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन देने वाले आयोजन मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। हजारीबाग में आयोजित जनजातीय गौरव उत्सव महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय प्रयास है। उत्सव के तहत हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट की ओर से आठ दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सांस्कृतिक संध्या में हजारीबाग की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्कूलों और कॉलेजों से जुड़े कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा कपिल मिश्रा, डॉ. सीमा सिंह, बबीता झा, बिरसा मुंडा जनकल्याण योजना प्रचार अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, राष्ट्रीय अभियान प्रमुख राजमणि, प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर सावंत, राष्ट्रीय महामंत्री करण यादव, नेशनल प्रोजेक्ट डायरेक्टर रितु कुमारी, विनोद विजवगीऐ, सीआरपीएफ कोबरा बटालियन दिल्ली के असिस्टेंट कमांडर दुर्गेश कुमार, डीएवी पब्लिक स्कूल हजारीबाग के प्राचार्य डॉ. रजनीश कुमार, खपरियावां पंचायत की पूर्व मुखिया मंजू मिश्रा और सदर विधायक प्रतिनिधि कला एवं सांस्कृतिक विभाग सुबोध आकाश सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

## बरही पुलिस ने खोये हुए 10 वर्षीय बच्चे को परिजनों से मिलाया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : पश्चिम बंगाल के 10 वर्षीय बच्चे को बरही पुलिस ने अथक प्रयास से उसके परिजनों से मिलाया। बच्चा 19 अगस्त को बरही में भटकता हुआ मिला था, जिसे ग्रामीणों ने पकड़कर थाना को सुपुर्द किया था। जानकारी के अनुसार बच्चे का नाम सूरज कुमार, उम्र करीब 10 वर्ष, पिता सुनील नूनिया, माता राधा देवी, पता- 9/10 PITS कोलयरी, नूनिया पारा, कुल्टी, पोस्ट-सुंदरचक, जिला- पश्चिम बर्दवान, पश्चिम बंगाल है। बच्चे के मिलने की सूचना पर बरही थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक बिनोद कुमार एवं पु०अ०नि० रामेश्वर रविदास ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके परिजनों से संपर्क किया। पुलिस के प्रयास से बच्चे की मौसी आरती कुमारी पासवान पति सोनू नूनिया और नानी लक्ष्मिनिया पति लखन नूनिया, दोनों निवासी- ग्राम सोदेपुर 9/11, DPS टू चिनाकुरी, R.R.C आसनसोल, राधानगर, रेलवे कॉलोनी, बर्दवान, पश्चिम बंगाल-713372 से संपर्क स्थापित हुआ। दिनांक 20/08/26 को उचित पहचान पत्र के सत्यापन के बाद थाना प्रभारी के समक्ष बच्चे को सुरक्षित उसकी मौसी और नानी को सौंप दिया गया। बरही पुलिस की इस मानवीय पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

## एलएंडटी कंपनी के वेयरहाउस में लूट का खुलासा, दो गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही/हजारीबाग** : थाना क्षेत्र के चरही ओवरब्रिज के समीप स्थित एलएनटी कंपनी के वेयरहाउस में गार्ड को बंधक बनाकर की गई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य षडयंत्रकर्ता सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर लूटे गए सामान भी बरामद किए गए हैं।जानकारी के अनुसार, 18/19 जुलाई 2026 की रात अज्ञात अपराधियों ने छ&ळ कंपनी के वेयरहाउस में धावा बोलकर वहां तैनात गार्ड को बंधक बना लिया था और लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में चरही थाना कांड संख्या-59/26, दिनांक 19 जुलाई 2026, धारा 309(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसी दौरान पेलावल ओपी क्षेत्र में भी लूट की एक अन्य घटना सामने आई थी, जिसके संबंध में कटकमसांडी (पेलावल ओपी) थाना कांड संख्या-105/26 दर्ज किया गया था।दोनों घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विष्णुगढ़ के नेतृत्व में विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी अनुसंधान एवं अन्य माध्यमों से जांच आगे बढ़ाते हुए दोनों मामलों के मुख्य षडयंत्रकर्ता मो. जमाल (30 वर्ष), पिता मो. मिन्हाज अंसारी, ग्राम मायल, थाना रजरप्पा, जिला रामगढ़ तथा उसके सहयोगी मो. नासिर, पिता कमरुल अंसारी, ग्राम जरियो, थाना रजरप्पा, जिला रामगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर L&T कंपनी के वेयरहाउस से लूटे गए सामान बरामद किये गये। पूछताछ में यह भी सामने आया कि लूट का सामान हजारीबाग के कबाड़ी व्यापारी इम्तियाज आलम, पिता मो. मुस्तफा, ग्राम सरदार चौक, थाना सदर, जिला हजारीबाग को बेचा गया था।

### सांसद श्राद्ध सम्मान योजना के तहत मृतक के परिजनों को मिला सहयोग

**बरही** : सांसद श्राद्ध सम्मान योजना के अंतर्गत शोक-संतप्त परिवारों को सांत्वना और सहायता प्रदान किया गया। इस दौरान प्रखंड बरही के पंचायत बरसोत के ग्राम बरसोत निवासी स्व. अरुण कुमार के परिजनों को सांसद मनीष जायसवाल की ओर से सांसद श्राद्ध सम्मान योजना के तहत सहायता प्रदान की गई। मौके पर भगवान केसरी सांसद प्रतिनिधि, मोतीलाल चौधरी मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, मनोज सोनी, धनेश्वर कुशवाहा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। सांसद प्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र के सांसद द्वारा चलाई जा रही यह मानवीय पहल है, जिसका उद्देश्य किसी परिवार में मृत्यु होने पर उसके दुख में शामिल होकर परिवार को ढांढस बंधाना और आर्थिक सहयोग देना है।

## आरोग्यम् अस्पताल में जन्मजात चेहरे की समस्याओं से जूझ रहे बच्चों के लिए निःशुल्क सर्जरी शिविर आज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : शहर के प्रतिष्ठित आरोग्यम सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की ओर से आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार पहल की जा रही है। इसी क्रम में जन्मजात चेहरे एवं जबड़े की समस्याओं से जूझ रहे बच्चों के लिए 22 अगस्त, शनिवार को अस्पताल परिसर में सुबह 10 बजे से निःशुल्क मेगा कटे होंठ एवं तालू सर्जरी शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में बच्चों की जांच के साथ-साथ आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और उपचार संबंधी मार्गदर्शन विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा दिया जायेगा। शिविर में विशेष रूप से कटे होंठ, कटे तालू, चेहरे की बनावट से जुड़ी समस्याओं तथा जबड़े की जन्मजात समस्याओं की जांच की जायेगी। इस दौरान क्रैनियोमैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. अमित कुमार बच्चों की जांच कर अभिभावकों को बीमारी की स्थिति, उपचार की संभावनाओं एवं सर्जरी से संबंधित आवश्यक जानकारी देंगे। अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि आरोग्यम अस्पताल का उद्देश्य अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के साथ जरूरतमंद मरीजों को समय-समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। जन्मजात चेहरे एवं जबड़े की समस्याओं से प्रभावित बच्चों के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों में इस प्रकार की समस्या होने पर शिविर में पहुंच कर विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें। अस्पताल की प्रशासक जया सिंह ने कहा कि कई बार आर्थिक अथवा जागरूकता के अभाव में अभिभावक बच्चों में जन्मजात समस्याओं का समय पर उपचार नहीं करा पाते हैं। ऐसे परिवारों को राहत देने और उन्हें उचित चिकित्सा मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह निःशुल्क शिविर आयोजित किया जा रहा है।

## बरही के धनबाद रोड पर जगह-जगह गड्ढे, राहगीर परेशान, हादसे का बढ़ा खतरा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**बरही** : थाना क्षेत्र अंतर्गत बरही-धनबाद रोड की स्थिति इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। बरही चौक से महज करीब 500 मीटर की दूरी पर सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धनबाद रोड मिडिल स्कूल से लेकर सामंतो पेट्रोल पंप तक सड़क की स्थिति बेहद खराब है। कई स्थानों पर बने गड्ढे काफी गहरे हैं, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। विशेषकर रात के समय सड़क पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण परेशानी और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क की जर्जर स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक संबंधित विभाग की ओर से मरम्मत की दिशा में ठोस पहल नहीं की गई है। गड्ढों के कारण वाहन चालकों को आये दिन असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से सड़क की जल्द मरम्मत कराने तथा गड्ढों को भरने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहेगी।

### मिट्टी का खपरैल मकान बीच में ही ढहा, आशियाने उजड़ने से बुजुर्ग महिला हुई बेघर



**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ पंचायत के कसेरा मुहल्ला निवासी स्वर्गीय गोपाल कसेरा की पत्नी मो० उर्मिला देवी का मिट्टी के खपरैल मकान गुरुवार के दिन में ही अचानक बीचों-बीच ढह गया। जिससे वह पूरी तरह से बेघर हो गई है। लगातार बारिश ने इस गरीब बुजुर्ग महिला के आशियाने को उजाड़ दिया है बुजुर्ग महिला के रहने का कोई और स्थाई ठिकाना नहीं है। गौरतलब है कि 2022 से प्रतीक्षा सूची में इस बुजुर्ग महिला मो० उर्मिला देवी का नाम शामिल है, फिर भी अभी तक इसे आवास नहीं मिला है। इतना ही नहीं मकान का दरवाजा भी टूटा हुआ है, खपरैल मकान में पानी टपकता रहता है, मजबूरन अपने मिट्टी के खपरैल मकान में पिछले दो साल से प्लास्टिक ढककर अपना गुजारा कर रही है, तीन चार दिनों की बारिश से मिट्टी के खपरैल मकान बीच में ही अचानक ढह गया। महिला अत्यंत गरीब होने की वजह से अपना गुजर-बसर दूसरे के घर मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रही है। गलीमत रही कि गुरुवार दिन किसी दूसरे के यहां पर काम करने चली गई थी, जिसके चलते उसके जानमाल की कोई क्षति नहीं पहुंची, नहीं तो इस बारिश में बुजुर्ग महिला के ऊपर कभी भी मकान गिरने से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

## विष्णुगढ़-गोविंदपुर सड़क गड्ढों में तब्दील बारिश ने बढ़ाया हादसों का खतरा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : प्रखंड मुख्यालय से गोबिंदपुर पंचायत को जोड़ने वाला करीब 10 किलोमीटर लंबा सड़क मार्ग इन दिनों बदहाली की मार झेल रहा है। सड़क की ऊपरी परत पूरी तरह उखड़ चुकी है और जगह-जगह बने बड़े-बड़े गहरे गड्ढे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। बारिश के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क और गड्ढे का फर्क दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। सड़क की हालत ऐसी हो गई है कि सामान्य दिनों में वाहन चालक गड्ढों को देखकर किसी तरह बचकर निकल जाते हैं, लेकिन बारिश के दौरान पानी से भरे गड्ढे उनकी वास्तविक गहराई छिपा देते हैं। अचानक गड्ढे में पहिया चले जाने से खासकर दो पहिया वाहन चालकों के संतुलन बिगड़ने और गिरकर चोटिल होने का खतरा बढ़ गया है। पानी में छिपे गड्ढे बन रहे हादसे का कारण स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क पर जगह-जगह इतने बड़े गड्ढे बन गए हैं कि वाहन चालकों को अपनी रफ्तार कम कर काफी सावधानी से गुजरना पड़ता है। बारिश के दिनों में इन गड्ढों में पानी भर जाने के कारण स्थिति और खतरनाक हो जाती है। कई बार वाहन चालक गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाते और अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ जाता है।

## एक झलक

### मां मनसा की प्रतिमा का नगर भ्रमण के बाद राजा तालाब में विसर्जन

**बाघमारा (धनबाद):** रवानी टोला में चार दिनों तक मां मनसा की विधिवत पूजा-अर्चना और उपासना के बाद शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ मां मनसा की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुलूस में शामिल हुए। नगर भ्रमण के दौरान गांव की महिलाओं ने संध्या आरती कर मां मनसा की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने पान के पत्ते से प्रतिमा को स्पर्श कर मां को भावपूर्ण विदाई दी। इसके बाद सुसज्जित प्रतिमा को कतरास के विभिन्न गांवों, मोहल्लों और नगर क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। जुलूस में श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ आगे बढ़ रहे थे। नगर भ्रमण के बाद प्रतिमा को कतरास बाजार स्थित राजा तालाब ले जाया गया, जहां पूजा-अर्चना के बाद विधि-विधान और श्रद्धा के साथ मां मनसा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मां मनसा के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा समिति और स्थानीय लोगों ने शांतिपूर्ण ढंग से पूजा एवं विसर्जन कार्यक्रम सम्पन्न कराया।

### जले ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए विधायक से मिला प्रतिनिधिमंडल

**धनबाद/बलियापुर :** बेड़ा नियामतपुर गांव में गुरुवार को अचानक विद्युत ट्रांसफार्मर जल जाने से पूरा गांव अंधेरे में डूब गया है। बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के त्वरित समाधान की मांग को लेकर शुक्रवार को पूर्व मुखिया रफीक अंसारी के नेतृत्व में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपकर नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि ट्रांसफार्मर जलने के बाद गांव में बिजली पूरी तरह बाधित है। इससे घरेलू कार्यों के साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक चंद्रदेव महतो ने तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों से फोन पर बात की और गांव में शीघ्र नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। विधायक की पहल पर विभागीय अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि एक-दो दिनों के भीतर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगा दिया जायेगा। इसके बाद ग्रामीणों को बिजली संकट से राहत मिलने की उम्मीद है। प्रतिनिधिमंडल में गांव के कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीण शामिल थे।

### छठी उत्सव में विधायक ने नवजात को दिया आशीर्वाद

**धनबाद:** चांदकुइया निवासी वरिष्ठ भाकपा माले नेता मानिक बाउरी के पोते एवं रिपोर्टर सिंधु बाउरी के भतीजे के छठियारी (छठी उत्सव) समारोह में सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने नवजात शिशु को गोद में लेकर दुलार किया और आशीर्वाद देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना की। विधायक ने परिवार के सदस्यों से आत्मीय मुलाकात कर नवजात के जन्म पर अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे पारिवारिक और मांगलिक आयोजन आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक जुड़ाव को मजबूत करते हैं। विधायक की उपस्थिति से समारोह में मौजूद परिजनों एवं ग्रामीणों में भी उत्साह देखने को मिला। समारोह में विधायक प्रतिनिधि सह मीडिया प्रभारी शीतल दत्ता, रमेश महतो, पुरुषोत्तम दे, रोहित महतो, विजय राम, चंदन भूमिहार, निलेश महतो एवं हाड़ बाउरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। बाउरी परिवार के सदस्यों, सगे-संबंधियों और बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीणों ने भी समारोह में शामिल होकर नवजात को शुभकामनाएं दीं।

### अभद्र टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस ने फूंका सांसद का पुतला

**बाघमारा (धनबाद):** छाताबाद में भू-धसान की घटना के बाद कांग्रेस के मंत्री एवं वरीय नेताओं के खिलाफ की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कतरास थाना चौक पर सांसद ढुलू महतो का पुतला दहन किया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत पांडेय के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सांसद के कथित बयान की निंदा करते हुए विरोध जताया। रंजीत पांडेय ने कहा कि भू-धसान से प्रभावित परिवारों की समस्याओं को जानने और उनके साथ खड़े होने पहुंचे कांग्रेस नेताओं के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक नेताओं को पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आना चाहिए, न कि उनके मुद्दों को लेकर राजनीति करनी चाहिए। पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर अपना आक्रोश जताया। कार्यक्रम में बाघमारा प्रभारी अवध नारायण प्रसाद, अशोक लाल, कतरास प्रभारी मोहम्मद शाबिर आलम, प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो, युवा प्रदेश सचिव आकाश महतो, विनोद शर्मा, विशाल महतो, अजय कुमार पासवान, जियाहुल हक, जनक लाल, अनवर हुसैन, राजाराम यादव, अमित महतो, रोहित दाही, शहमद अंसारी, रोविन पाल, एकबाल हुसैन, छोटू चौहान, बबलू पासवान, निजाम खिस्ती, रवि पासवान, सामन सुमन, रंजन यादव, कुंदन भुईयां और शिवेश सिन्हा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सावन महोत्सव में बिखरी संस्कृति की छटा, महिलाओं ने लिया उत्सव का आनन्द

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** बरनवाल मोदी सेवा समिति, कतरास के तत्वावधान में शुक्रवार को वेंकट हॉल में सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिलाओं ने महाराजा अहिबरन तथा भगवान शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना कर किया। इसके बाद महिलाओं ने सावन गीत, संगीत और मनोरंजक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाएं हरे रंग की साड़ियों और पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर पहुंचीं। बच्चों एवं बच्चियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। गीत-संगीत और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों से पूरे समारोह का माहौल उत्सवी बना रहा। मुख्य अतिथि आशा बरनवाल ने कहा कि सावन का महीना महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दौरान भगवान शिव-पार्वती की पूजा कर महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि और अपने सौभाग्य की कामना करती हैं। ऐसे आयोजन सामाजिक एकजुटता बढ़ाने के साथ नयी पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परम्पराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। मौके पर डॉ. अनिल बरनवाल, अध्यक्ष पिंटू बरनवाल, उपाध्यक्ष प्रमोद बरनवाल, सचिव संदीप बरनवाल, कोषाध्यक्ष रंजीत बरनवाल सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।



## जामाडोबा में धूमधाम से मना सावन महोत्सव, महिलाओं ने जम कर उठाया लुत्फ



**झरिया (धनबाद) :** शास्त्री नगर कॉलोनी में सावन के पवित्र महीने के अवसर पर भव्य सावन महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। मुख्य आयोजक कैलाश यादव और खुशबू यादव की देखरेख में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती से हुई। इसके बाद महिलाओं और बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सावन के पारंपरिक लोकगीत, कजरी और शिव भजनों पर नृत्य ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। हरे परिधानों में सजी महिलाओं ने झूला झूलकर सावन के गीतों का आनंद लिया। आयोजन के दौरान महिलाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे परिसर में सावन की उमंग और भक्ति का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। आयोजक कैलाश यादव और खुशबू यादव ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों और स्थानीय निवासियों के प्रति आभार जताया। मौके पर वीना देवी, सुमित्रा देवी, स्नेहा यादव, सुनीता यादव, विजय साव, सूरज कृष्णा, गणपत, कुहू, गायत्री, लता जायसवाल, राजकुमारी, जयश्री, गुंजन, क्रांति, नमिता, खुशबू, आराध्या समेत अन्य मौजूद रहे।

## कटोरिया में पांच दिवसीय निःशुल्क कांवड़िया सेवा शिविर शुरू

**जोड़ापोखर/धनबाद :** पवित्र श्रावण मास में बाबा बैद्यनाथ धाम की पैदल यात्रा पर निकले कांवड़ियों की सेवा और सुविधा के लिए बिहार के कटोरिया में पांच दिवसीय निःशुल्क कांवड़िया सेवा शिविर गुरुवार से शुरू हुआ। शिविर का आयोजन बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह एवं धनबाद लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के सहयोग से किया जा रहा है। शिविर में कांवड़ियों के लिए भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य जांच, विश्राम समेत कई आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। बताया गया कि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह की ओर से प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में कांवड़ियों की सेवा के लिए शिविर लगाया जाता है। इस वर्ष भी हजारों शिवभक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। शिविर में श्रद्धालुओं को पौष्टिक भोजन, फलाहार, शरबत तथा 24 घंटे शुद्ध और शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। लंबी पैदल यात्रा के दौरान कांवड़ियों को होने वाली थकान और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को देखते हुए प्राथमिक चिकित्सा, जरूरी दवाइयों और विशेष तेल मालिश की सुविधा भी दी जा रही है। इसके अलावा थके हुए श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए सुरक्षित विश्राम स्थल, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट और प्राथमिक सहायता केंद्र की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर अनुपमा सिंह ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। बाबा बैद्यनाथ धाम की कठिन पैदल यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं की सेवा करना सौभाग्य की बात है। शिविर में यह प्रयास किया गया है कि कांवड़ियों को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। आयोजकों ने सभी शिवभक्तों की मंगलमय और सुरक्षित बाबा धाम यात्रा की कामना की।



### राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन

# राखी निर्माण प्रतियोगिता में सोनी कुमारी प्रथम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** मारवाड़ी युवा मंच झरिया समृद्धि शाखा एवं महिला इंटर महाविद्यालय, लाल बाजार, झरिया के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें कुल 22 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सोनी कुमारी ने प्रथम, भानु प्रिया साहू ने द्वितीय तथा सोनी अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों ने आकर्षक और कलात्मक राखियां तैयार कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और उनका मनोबल बढ़ाया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मारवाड़ी युवा मंच झरिया समृद्धि शाखा की अध्यक्ष जया अग्रवाल, सचिव निशा अग्रवाल, सहसचिव नेहा जालान, उपाध्यक्ष प्रीति अग्रवाल एवं सदस्य कृष्ण अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं महाविद्यालय समिति के सह सचिव वीरेंद्र अग्रवाल, प्राचार्य मुनमुन दास सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आयोजन में सहयोग किया। कार्यक्रम की जानकारी जनसंपर्क अधिकारी पायल मित्तल एवं वर्षा तुलस्यान ने दी। आयोजन के दौरान छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला।




## डालसा ने बुजुर्गों के बीच बांटी दैनिक उपयोग की सामग्री, निराश्रित महिला को मिला आश्रय



**धनबाद :** विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), धनबाद की ओर से साबलपुर स्थित लालमुनि वृद्धाश्रम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बुजुर्गों के बीच दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री वितरित की गई। डालसा की टीम ने वृद्धजनों के साथ समय बिताकर उनकी समस्याओं और जरूरतों की जानकारी ली। प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना डालसा की प्राथमिकता है। इस दौरान एक निराश्रित वृद्ध महिला, जिनके परिवार में देखभाल करने वाला कोई सदस्य नहीं है, को वृद्धाश्रम में आश्रय दिलाया गया। उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन का भरोसा दिया गया। एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। सहायक काउंसिल सुमन पाठक व शैलेन्द्र झा ने भी कानूनी सहायता के बारे में बताया। अधिवक्ता मीना सिन्हा ने आवश्यक सामग्री बांटी।

# पहले दिये आवेदन का पहले हो निष्पादन, अंचल कार्यालय को बिचौलियों से मुक्त करने की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** बाघमारा अंचल कार्यालय में लंबित जमीन संबंधी मामलों के निष्पादन और पारदर्शी व्यवस्था की मांग को लेकर ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले सामाजिक एवं आरटीआई कार्यकर्ता जगत महतो ने शुक्रवार से पुनः सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया। उन्होंने अंचलाधिकारी को पत्र सौंपकर पहले दिए गए आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने, जमीन का डिजिटलीकरण, ऑनलाइन रसीद निर्गत करने और लगान निर्धारण सहित अन्य भूमि संबंधी कार्यों को समय पर पूरा करने की मांग की। जगत महतो ने आरोप लगाया कि अंचल कार्यालय में बिचौलियों का प्रभाव है, जिससे गरीब रैयत, किसान, मजदूर और जरूरतमंद लोगों को अपने जमीन संबंधी कार्यों के लिए बार-बार कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। उन्होंने राज्य सरकार से अंचल कार्यालयों को बिचौलियों से मुक्त कर पारदर्शी एवं जवाबदेह व्यवस्था लागू करने की मांग की। सत्याग्रह में सोनारडीह मौजा की कंचन देवी अपने दिव्यांग पति के साथ जमीन की रसीद कटवाने की मांग को लेकर बैठीं। उन्होंने बताया कि करीब एक वर्ष से वह कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। कंचन देवी का आरोप है कि बिचौलियों द्वारा काम कराने के लिए बड़ी रकम की मांग की जाती है, जबकि उनका परिवार दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर है। खोनाटी मौजा के कमल महतो सहित अन्य ग्रामीणों ने करीब 24 एकड़ रैयती जमीन की ऑनलाइन रसीद अब तक निर्गत नहीं होने की शिकायत की। कुसमी देवी, सारू देवी, प्रयाग महतो, गांधारी देवी, शांति देवी, लखी देवी, गुड़िया देवी, शंभू महतो और जरिया देवी समेत ग्रामीणों ने कहा कि खेती और मजदूरी से परिवार चलता है। उनका आरोप है कि बिचौलियों के माध्यम से काम कराने पर भूमि संबंधी कार्य अपेक्षाकृत जल्दी हो जाते हैं। तिलाताड़ मौजा के मुकेश सिंह व बिरू भुईया के परिवार, जोगीडीह के कमल महतो और लौहापीटी के दिलीप महतो ने भी अपने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन की मांग की। कमल महतो ने बताया कि उन्होंने दो-तीन वर्ष पूर्व आवेदन दिया था, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। मुखिया निरंजन गोप ने आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि जमीन संबंधी कार्यों में पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। सभी आवेदनों का नियमानुसार समय पर निष्पादन हो, ताकि गरीब ग्रामीणों को कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े। सत्याग्रह में सुरेश रजक, प्रेम कुमार, विक्की साव, दिलीप कुमार महतो, कमल महतो, शंकर महतो समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।



# बलियापुर कस्तूरबा विद्यालय के नये भवन व जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/बलियापुर :** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रदेव महतो ने शुक्रवार को बलियापुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नए भवन निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल धनबाद की देखरेख में होने वाले इस कार्य से विद्यालय में छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। सड़क, पुल-पुलिया सहित बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार योजनाओं पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। कस्तूरबा विद्यालय के भवन निर्माण और जीर्णोद्धार से छात्राओं को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिलेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों को और गति दी जाएगी।

मौके पर बलियापुर प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, सांसद प्रतिनिधि सुनील चौधरी, विजय रवानी, मनबोध रवानी, मुखिया बीडी महतो, पंसस रविन्द्र महतो, मनिका भट्टाचार्य, रीता कुमारी, विद्युत चक्रवर्ती, सुनील मोदक, मंटू रवानी, विजय रजक, लखन गोराई, हरे कृष्ण रवानी, पूर्व मुखिया रफीक अंसारी, शकील अंसारी समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## तोपचांची के होमगार्ड अभ्यर्थियों का मेडिकल व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन सम्पन्न

**धनबाद :** होमगार्ड बहाली के तहत शुक्रवार को तोपचांची प्रखंड से चयनित अभ्यर्थियों का मेडिकल एवं डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया गया। जिला प्रशासन की निगरानी में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच के साथ मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 22 अगस्त को एगारकुंड व धनबाद ग्रामीण के अभ्यर्थियों का मेडिकल और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होगा। 24 अगस्त को शहरी गैर-तकनीकी धनबाद व चिरकुंडा, 25 अगस्त को शहरी गैर-तकनीकी धनबाद की मेधा सूची क्रमांक 1 से 100 तक के पुरुष अभ्यर्थियों की जांच होगी। 27 अगस्त को क्रमांक 101 से 200 तक के पुरुष अभ्यर्थियों का सत्यापन किया जायेगा। 29 अगस्त को शहरी तकनीकी धनबाद की मेधा सूची क्रमांक 1 से 115 तक के पुरुष, जबकि 31 अगस्त को क्रमांक 1 से 24 तक की महिला एवं 116 से 201 तक के पुरुष अभ्यर्थियों का मेडिकल व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होगा।

# जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़, उपायुक्त ने सुनीं समस्याएं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने फरियादियों से सीधे संवाद कर उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित मामलों के समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार में केंदुआडीह से पहुंचे एक व्यक्ति ने भू-माफिया द्वारा जमीन पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत की। वहीं पांडरपाला के एक फरियादी ने सड़क दुर्घटना में मुआवजा दिलाने की मांग रखी। झरिया के लिलोरी पथरा से आए व्यक्ति ने बेलगड़िया में आवास उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। जिनागोड़ा के ग्रामीण ने मुख्य मार्ग पर ओवरबर्डन गिराकर रास्ता अवरुद्ध किए जाने की समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया। बाघमारा के हरिजन टोला से पहुंची एक महिला ने अपने ऊपर आश्रित तीन दिव्यांग पुत्रियों के जीविकोपार्जन के लिए सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की गुहार लगाई। इसके अलावा भी जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए लोगों ने जमीन, आवास, मुआवजा, सड़क और सरकारी सहायता से संबंधित कई आवेदन सौंपे। उपायुक्त ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मामलों की जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों की शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार में जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार झा समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

## 22 व 23 अगस्त को सभी मतदान केन्द्रों पर लगेगा एसआइआर का अंतिम शिविर



**धनबाद :** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) 2026 के तहत जिले के सभी मतदान केंद्रों पर 22 और 23 अगस्त को द्वितीय एवं अंतिम विशेष शिविर आयोजित किया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आयोजित होने वाले इस शिविर में पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के साथ परिवार के सदस्यों का नाम एक ही मतदान केन्द्र पर स्थानांतरित कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि दोनों दिन शिविर सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक चलेगा। शिविर में वैसे भारतीय नागरिक, जिनकी उम्र 18 वर्ष पूरी हो चुकी है अथवा एक अक्तूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी होने वाली है, मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए फॉर्म-6 और घोषणा पत्र भर सकते हैं। इसके अलावा जिन परिवारों के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर दर्ज हैं, वे सभी सदस्यों का नाम एक साथ नजदीकी मतदान केंद्र में स्थानांतरित कराने के लिए फॉर्म-8 भर सकते हैं। प्रशासन की ओर से नागरिकों को शिविर में पहुंचकर अपने आवेदन से संबंधित प्रक्रिया पूरी करने की अपील की गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिले के सभी पात्र नागरिकों से इस अंतिम विशेष शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

# आरबीएसके के विशेष शिविर में 107 बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** बच्चों के स्वास्थ्य की समस्याओं की समय पर पहचान और उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की ओर से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत सदर अस्पताल में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कुल 107 बच्चों की जांच की। जांच के बाद बच्चों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और उपचार भी उपलब्ध कराया गया। शिविर में सबसे अधिक 89 बच्चों की आंखों की जांच की गई। इनमें 48 बच्चों का रिफ्रैक्शन किया गया। बेहतर उपचार की आवश्यकता वाले चार बच्चों को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) रेफर किया गया। वहीं 12 बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए रेफर किया गया। इसके अतिरिक्त 25 बच्चों के अन्य नेत्र संबंधी मामलों में आवश्यक जांच और चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। अन्य विभागों में ऑब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजी में 13, डेंटल विभाग में चार तथा स्किन विभाग में एक बच्चे की जांच की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का आकलन कर आवश्यक उपचार और आगे की चिकित्सा के लिए दिशा-निर्देश दिये। आरबीएसके के तहत चल रहे इस विशेष अभियान का उद्देश्य बच्चों में आंख, त्वचा, दांत सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की समय रहते पहचान कर उनका समुचित उपचार सुनिश्चित करना है। जिला प्रशासन के इस अभियान से बच्चों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ गंभीर मामलों को उच्च चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाने में भी मदद मिल रही है।

## धनसार थाना का सिटी एसपी ने किया औचक निरीक्षण, लम्बित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश



**धनबाद :** शहर में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने शुक्रवार को धनसार थाना का औचक निरीक्षण किया। थाना पहुंचने पर पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मौके पर थाना प्रभारी मनोहर करमाली समेत सभी पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सिटी एसपी ने थाना के कामकाज की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने लंबित कांडों, अनुसंधान की प्रगति, वारंट एवं कुर्की के मामलों, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और पुराने मामलों के निष्पादन की जानकारी ली। उन्होंने अनुसंधान पदाधिकारियों को लंबित मामलों में तेजी लाते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई पूरी करने का निर्देश दिया। अपराध नियंत्रण को लेकर उन्होंने नियमित गश्ती बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच करने तथा संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। सिटी एसपी ने आम लोगों की शिकायतों पर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई करने तथा पुलिस-पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने वारंटियों की गिरफ्तारी, अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई और क्षेत्र में पुलिस की लगातार मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# बिजली संकट व निर्माण कार्य में अनियमितता के खिलाफ ग्रामीणों में उबाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह (धनबाद) :** क्षेत्र में व्याप्त बिजली संकट, मनमाने बिजली बिल, बीसीसीएल की अनियमित बिजली आपूर्ति और आरएसपी कॉलेज के निर्माण कार्य में कथित अनियमितता को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को कामरेड ए.के. राय स्मृति भवन में ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें जनसमस्याओं पर चर्चा कर आंदोलन की रणनीति तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सबूर गोराई ने कहा कि बिजली विभाग की कार्यप्रणाली से उपभोक्ता परेशान हैं। आरोप लगाया कि एसडीओ नियमित रूप से कार्यालय में नहीं बैठते, जिससे लोगों को शिकायत दर्ज कराने में परेशानी होती है। कई महीनों तक बिजली बिल नहीं भेजे जाने के बाद अचानक एकमुश्त मनमाना बिल थमा दिया जाता है। इससे गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने बीसीसीएल की बिजली आपूर्ति में सुधार की भी मांग की। बैठक में आरएसपी कॉलेज के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाये गये। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण में पुरानी ईंटों और घटिया बालू का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने उच्चस्तरीय जांच की मांग की। वहीं, सुहागी देवी को मुआवजा नहीं मिलने का मामला भी उठाया गया। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। सबूर गोराई ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं हुईं तो डीजी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इसके बाद अनशन शुरू करने की चेतावनी दी गई। बैठक में बेबी मुर्मू, रतौली देवी, बिरेन गोराई, सोनू गोराई, मोतीलाल हेंब्रम समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।



# महिला पर्यवेक्षिका-सेविकाओं को साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण, गांव-गांव पहुंचेगा जागरूकता का संदेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने के लिए धनबाद पुलिस ने अब ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान को मजबूत करने की पहल की है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिस केंद्र में महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं सेविकाओं के लिए विशेष साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब के नेतृत्व में आयोजित प्रशिक्षण में साइबर डीएसपी प्रदीप कुमार साव समेत जिले की सैकड़ों महिला पर्यवेक्षिकाएं एवं सेविकाएं शामिल हुईं। प्रशिक्षण में अधिकारियों ने साइबर अपराध के बदलते तरीकों की जानकारी देते हुए बचाव के उपाय बताये। संदिग्ध फोन कॉल, फर्जी लिंक, ओटीपी, केवाईसी अपडेट, बैंकिंग फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट और सोशल मीडिया के जरिए होने वाली ठगी से सावधान रहने की अपील की गई। साथ ही बैंक खाता, एटीएम, सिम कार्ड अथवा निजी जानकारी किसी दूसरे व्यक्ति को नहीं देने की हिदायत दी गई। ग्रामीण एसपी ने कहा कि महिला पर्यवेक्षिकाएं और सेविकाएं सरकार की योजनाओं व सामाजिक कार्यों के सिलसिले में गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचती हैं। इसलिए उन्हें साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण देकर ग्रामीण इलाकों में पुलिस का जागरूकता संदेश पहुंचाया जाएगा। प्रशिक्षित कर्मी 'साइबर सखी' के रूप में लोगों को जागरूक करेंगी। अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराधी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, सस्ता लोन और आर्थिक फायदा देने का झांसा देकर भी लोगों को ठग रहे हैं। ऐसे प्रलोभनों से बचने तथा अनजान व्यक्ति से बैंकिंग या निजी जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी गई। ठगी होने पर तत्काल पुलिस और साइबर हेल्पलाइन को सूचना देने के महत्व पर भी जोर दिया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने साइबर अपराध से जुड़े सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने समाधान बताया। महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं सेविकाओं ने कहा कि वे अपने कार्यक्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को साइबर ठगी से बचाव के प्रति जागरूक करेंगी। पुलिस की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर सुरक्षा की जानकारी व्यापक स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है।




## संस्कार ज्ञानपीठ में साइबर जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों को सतर्क रहने की दी सलाह



**बाघमारा (धनबाद) :** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर बरोरा पुलिस ने शुक्रवार को संस्कार ज्ञानपीठ, पीयूष विहार हरिणा में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के बढ़ते मामलों और इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। बरोरा थाना प्रभारी अभय कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर सूचना देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में 112 पर डायल कर पुलिस की सहायता ली जा सकती है। विद्यार्थियों से सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती नहीं करने, संदिग्ध वीडियो कॉल रिसीव नहीं करने तथा किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंकिंग विवरण या अन्य गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की अपील की गयी। पुलिस अधिकारियों ने फर्जी कॉल व संदेश, ऑनलाइन धोखाधड़ी, ओटीपी के दुरुपयोग और सोशल नेटवर्किंग साइटों के सुरक्षित इस्तेमाल से जुड़े संभावित खतरों के बारे में भी विस्तार से समझाया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि साइबर अपराधी अलग-अलग तरीकों से लोगों को झांसे में लेते हैं, इसलिए किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने या अनजान व्यक्ति के कहने पर ऑनलाइन लेन-देन करने से बचना चाहिए।

## डीएवी कोयला नगर में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता सत्र



**धनबाद :** साइबर अपराध से बचाव और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएवी कोयला नगर में साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराध पर जागरूकता सह काउंसलिंग सत्र आयोजित हुआ। डीएसपी मुख्यालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 11वीं के करीब 350 विद्यार्थियों ने दो सत्रों में भाग लिया। प्रधानाचार्या डोलन चम्पा बैनर्जी ने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया पर निजी जानकारी सीमित रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोबाइल का सुरक्षित इस्तेमाल करने के साथ साइबर सुरक्षा की जानकारी दूसरों तक पहुंचाना भी जरूरी है। डीएसपी मुख्यालय-1 विनोद कुमार ने ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, साइबर बुलिंग, फर्जी लिंक और ओटीपी के जरिए होने वाली धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने ओटीपी, पिन, पासवर्ड और निजी जानकारी किसी से साझा नहीं करने तथा अनजान लिंक और कॉल से सावधान रहने की सलाह दी। साइबर अपराध होने पर तत्काल अभिभावक, शिक्षक या पुलिस को सूचना देने की बात कही। अंत में विद्यार्थियों ने सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने समाधान किया।

सम्पादकीय.....

# स्वामी रामदेव का यूटर्न

**पतंजलि** के संस्थापक स्वामी रामदेव ने शिक्षा व्यवस्था में आयी गड़बड़ी और परीक्षाओं के पर्चे लीक होने को लेकर चिन्ता जतायी है। कई चैनलों के माइक के सामने बिना किसी का नाम लिये उन्होंने कहा...'सुधर जाओ, वर्ना मैं भी आन्दोलन करूंगा।' लेकिन, किन्हीं कारणों से अब उन्होंने अपने कथन को संशोधित विस्तार दिया है। वह कहते हैं, 'देश का बचपन खतरे में है, इसलिए इस समय देश का सबसे बड़ा मुद्दा यही है। कुछ लोग बचपन का इस्तेमाल आन्दोलन में कर रहे हैं। यदि देश का बच्चा प्राइमरी स्कूल में पढ़ रहा है और आप उसे आन्दोलन में धकेल देंगे, तो बच्चा पढ़ेगा कब! उसे पता ही नहीं कि आन्दोलन क्या होता है। लेकिन, आपने उसे आन्दोलन में धकेल दिया कि जाओ तुम भी थाने का घेराव करो, सड़कों पर उतर जाओ, डीएम-एडीएम का घेराव करो। छोटे बच्चों को आन्दोलन में नहीं धकेलना चाहिए, ऐसा पूरी दुनिया में कहीं नहीं होता।' बाबा रामदेव ने यह भी कहा कि देश में अराजक आन्दोलन तो नहीं होना चाहिए, लेकिन संवैधानिक, लोकतांत्रिक और नैतिक मूल्यों पर आधारित आन्दोलन होने चाहिए। आन्दोलन के नाम पर अराजकता नहीं होनी चाहिए। देश की शिक्षा और चिकित्सा को लेकर गहरे प्रश्न हैं, जिनका समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'यह किसी एक व्यक्ति के सामर्थ्य की बात नहीं है कि वह देश की व्यवस्था बदल सके। इसके लिए तीन स्तर पर जागरूकता चाहिए। सामाजिक, राजनैतिक और प्रशासनिक स्तर की जागरूकता चाहिए। स्वामी रामदेव मोदी समर्थक माने जाते रहे हैं। अन्ना आन्दोलन के बाद उनका भी आन्दोलन यूपीए सरकार के खिलाफ हुआ था और पुलिस कार्रवाई होने पर उन्होंने सलवार पहन कर भागने की कोशिश भी की थी। बहरहाल, यूपीए सरकार को भ्रष्टाचार के नाम पर सत्ता से हटाने के लिए खुल कर आन्दोलन करने और दूसरे आन्दोलनों का समर्थन करनेवाले बाबा रामदेव अब ज्ञान दे रहे हैं कि आन्दोलन कैसे होने चाहिए और कैसे नहीं। वह यह नहीं देख पा रहे हैं कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों ने जरा-सी भी अराजकता नहीं दिखायी, बल्कि अत्यन्त अनुशासित तरीके से अपनी मांगें सामने रखी थीं। मोदी सरकार इस समय जेन जी और जेन अल्फा के मुखर होने के कारण घिर चुकी है, तो बाबा रामदेव कह रहे हैं कि देश में व्यवस्था बदलना किसी एक व्यक्ति के सामर्थ्य की बात नहीं है। स्वामी रामदेव ने बिलकुल सही कहा है कि बच्चों को पढ़ना चाहिए, आन्दोलन में उनका उपयोग नहीं होना चाहिए। लेकिन, देश के अधिकतर सरकारी विद्यालयों की स्थिति कितनी बदहाल है, यह भी किसी से छिपी नहीं है। बच्चों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रहीं। यही कारण है कि वे अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन को बाध्य हो रहे हैं। बच्चों की पहल और संघर्ष देख कर ही सीजेपी संस्थापक अभिजित दिपके ने 'स्कूल ठीक करो अभियान' शुरू किया। सरकारी स्कूलों की खस्ता हालत दिखाते हुए छात्र-विरोध की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आये हैं। ...तो, अब राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग ने स्कूलों में बाहरी लोगों के प्रवेश और फोटो-वीडियोग्राफी को लेकर नये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इसके मुताबिक, प्रधानाचार्य या संस्था प्रधान की अनुमति के बिना किसी बाहरी व्यक्ति को स्कूल परिसर में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। आदेश के अनुसार, विद्यालयों में प्रवेश के दौरान विजिटर रजिस्टर में एंट्री भी करनी होगी। क्लासरूम, लैब, लाइब्रेरी, हॉस्टल, टॉयलेट समेत अन्य जगह भी अधिकृत शिक्षक और अधिकारी के साथ ही प्रवेश किया जा सकेगा। आदेश में छात्रों और शिक्षकों की फोटो, वीडियो, इंटरव्यू, ऑडियो रिकॉर्डिंग और लाइव स्ट्रीमिंग के लिए भी प्रिंसिपल की पूर्व लिखित अनुमति आवश्यक की गयी है। इस बीच, सीजेपी के आशुतोष रांका ने इस आदेश को चुनौती देते हुए कहा है कि उनके खिलाफ अग्रिम एफआईआर के निर्देश दे दिये जायें, क्योंकि वह तो स्कूल ठीक करने की मुहिम चलायेंगे ही। वहीं, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आदेश का विरोध करते हुए इसे 'तानाशाही आदेश' बताया है। उन्होंने इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। आदेश वापस नहीं हुआ, तो कांग्रेस सविनय अवज्ञा आन्दोलन करेगी। बहरहाल, इस समय देशभर से शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए सरकार के समक्ष आवाज बुलन्द हो रही है।

# फुटपाथ पर दुकान, सड़क पर आदमी; फिर भी शहर स्मार्ट है!

विशेष | प्रो. आरके जैन



देश के अधिकांश शहरों में फुटपाथ हैं, लेकिन वे पैदल यात्री के हिस्से में नहीं आते। कहीं कारें उन पर खड़ी हैं, कहीं दुकानें और खोमचे फैल गये हैं, तो कहीं बिजली के खम्भे और निर्माण सामग्री रास्ता रोकते हैं। बची-खुची जगह भी टूटी, ऊबड़-खाबड़ या बीच में खत्म हो जाती है, इसलिए पैदल यात्री को सड़क पर उतरना पड़ता है। बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए यह असुविधा नहीं, रोज का खतरा है। दिल्ली में औसत पैदल ट्रिप केवल 1.6 किलोमीटर है, जबकि गैर-मोटर चालित यात्राएं कुल यात्राओं का 42 प्रतिशत हैं। संदेश साफ है...लोग चलना चाहते हैं, शहर ने उनके कदमों की जगह छीन ली है। इसलिए 'राइट टू वॉक' केवल दिल्ली का मुद्दा नहीं, हर भारतीय शहर की अनिवार्य शहरी नीति बननी चाहिए।

**किसी** शहर की पहचान चौड़ी सड़कों और तेज वाहनों से नहीं, आम आदमी के आसान पैदल चलने से होती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दिल्ली मास्टर प्लान-2047 में 'राइट टू वॉक' का प्रस्ताव इसी अधिकार को केंद्र में लाता है। यह केवल फुटपाथ सुधार की योजना नहीं, बल्कि सड़क पर बढ़ते वाहन वर्चस्व को चुनौती है। सुरक्षित, निर्बाध, छायादार और सर्वसुलभ पैदल मार्गों का सिटीवाइड नेटवर्क, पैदल-केवल सड़कें, मल्टी-यूटिलिटी जोन और एक्टिव ट्रैवल एरिया इसकी प्रमुख कड़ियां हैं। व्यस्त बाजारों, धरोहर क्षेत्रों और चौबीस घंटे सक्रिय इलाकों को प्राथमिकता देकर पैदल यात्रियों को शहर की योजना के केंद्र में रखा गया है। यमुना और नालों के किनारे ग्रीनवे तथा पेलिकन क्रॉसिंग नेटवर्क को और सुरक्षित बनाएंगे। दिल्ली में यह पहल सफल होती है तो इसे राजधानी तक सीमित न रखकर देश के हर शहर की शहरी नीति में पैदल अधिकार को अनिवार्य जगह देनी चाहिए।

शहर की तरक्की का सबसे कमजोर सबूत उसका वह फुटपाथ है, जिस पर आदमी चल ही न सके। देश के अधिकांश शहरों में फुटपाथ हैं, लेकिन वे पैदल यात्री के हिस्से में नहीं आते। कहीं कारें उन पर खड़ी हैं, कहीं दुकानें और खोमचे फैल गए हैं, तो कहीं बिजली के खंभे और निर्माण सामग्री रास्ता रोकते हैं। बची-खुची जगह भी टूटी, ऊबड़-खाबड़ या बीच में खत्म हो जाती है, इसलिए पैदल यात्री को सड़क पर उतरना पड़ता है। बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए यह असुविधा नहीं, रोज का खतरा है। दिल्ली में औसत पैदल ट्रिप केवल 1.6 किलोमीटर है, जबकि गैर-मोटर चालित यात्राएं कुल यात्राओं का 42 प्रतिशत हैं। संदेश साफ है—लोग चलना चाहते हैं, शहर ने उनके कदमों की जगह छीन ली है। इसलिए 'राइट टू वॉक' केवल दिल्ली का मुद्दा नहीं, हर भारतीय शहर की अनिवार्य शहरी नीति बननी चाहिए। पैदल रास्ता केवल दो कदमों के बीच की खाली जगह नहीं, शहर के सार्वजनिक जीवन की पहली चौखट है। उसे सिर्फ सीमेंट की पट्टी मानना शहर को आधा देखना है। मल्टी-यूटिलिटी जोन इसी सोच को बदलने का रास्ता है। बैठने की जगह, पेयजल, शौचालय, बच्चों की देखभाल कक्ष, स्ट्रीट वेंडरों के लिए तय स्थान और साइकिल शेयरिंग जैसी सुविधाएं फुटपाथ को चलने की जगह से आगे बढ़ाकर जीवंत सार्वजनिक क्षेत्र बना सकती हैं। सार्वजनिक परिवहन से इसका सीधा जुड़ाव अंतिम मील की परेशानी भी घटाएगा। दिल्ली का यह मॉडल लखनऊ, भोपाल, जयपुर, इंदौर, पटना, पुणे, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद ही नहीं, छोटे कस्बों तक पहुंचना चाहिए। हर शहर अपनी जलवायु, भूगोल और जरूरत के हिसाब से रूप बदले, लेकिन नियम एक रहे। सड़क बनाते समय पैदल आदमी को सबसे आखिर में नहीं, सबसे पहले जगह मिले।

कागज पर योजना एक होती है, लेकिन जमीन पर उसके कई मालिक निकल आते हैं—यही पैदल रास्तों की सबसे बड़ी विडंबना है। दिल्ली में डीडीए, पीडब्ल्यूडी, एमसीडी और यातायात पुलिस जैसी कई एजेंसियां सड़क व्यवस्था से जुड़ी हैं। दूसरे शहरों में भी नगर निकाय, विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग और यातायात तंत्र की बंटी जिम्मेदारियां पैदल मार्ग को बे-सहारा छोड़ देती हैं। अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलती है, तस्वीरें छपती हैं, रास्ता खुलता है और कुछ ही समय बाद कब्जे फिर लौट आते हैं। इसलिए राष्ट्रीय स्तर पर 'राइट टू वॉक' के स्पष्ट मानक, एकल जवाबदेही, अलग बजट, कड़ा जुमार्ना और लगातार निगरानी जरूरी है। फुटपाथ बनाकर जिम्मेदारी खत्म नहीं होती; उसे बचाए रखना ही असली जिम्मेदारी है।

फुटपाथ की असली परीक्षा वहां शुरू होती है, जहां उसे सड़क पार करानी होती है। सुरक्षित क्रॉसिंग के बिना चौड़ा और सुंदर फुटपाथ भी पैदल यात्री को बीच रास्ते असहाय छोड़ देता है। इसलिए हर शहर में पर्याप्त चौड़ाई, सार्वभौमिक पहुंच, छायादार पेड़, रोशनी और सुरक्षित क्रॉसिंग अनिवार्य हों। पेलिकन क्रॉसिंग जैसे उपाय व्यस्त सड़कों पर पैदल यात्रियों को भरोसा दे सकते हैं। टैक्टिकल अर्बनिज्म के जरिए बाजारों और चुनिंदा इलाकों में अस्थायी पैदल क्षेत्र बनाकर यह परखा जा सकता है कि कम वाहन और ज्यादा पैदल लोगों वाला शहर कैसा दिखता है। दिल्ली के 24 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में वॉक प्लान इस बदलाव की प्रयोगशाला बन सकती हैं। सफल प्रयोगों को दूसरे इलाकों और फिर दूसरे शहरों तक ले जाना चाहिए। योजना की सफलता किलोमीटर से नहीं, सुरक्षित पहुंचे कदमों से मापी जानी चाहिए। जब सड़कें कारों के लिए फैलती हैं, तो इंसान के हिस्से की जगह और हवा सिकुड़ती है। कार-केंद्रित विकास की कीमत सिर्फ जाम नहीं, प्रदूषण, खराब स्वास्थ्य और बढ़ती असमानता भी है। सुरक्षित फुटपाथ हों तो छोटी दूरी के लिए पैदल चलना और साइकिल अपनाना आसान होगा। निजी वाहनों और ईंधन पर निर्भरता घटेगी, प्रदूषण कम होगा। बुजुर्ग अपने दम पर निकल सकेंगे, बच्चे सुरक्षित स्कूल जा सकेंगे और दिव्यांग नागरिक अधिकार के साथ चल सकेंगे। इसलिए हर शहर की विकास योजना में पैदल नेटवर्क को फ्लाईओवर, एक्सप्रेसवे और पार्किंग जितनी प्राथमिकता मिलनी चाहिए। जो शहर अपने लोगों के कदम रोकता है, उसकी रफ्तार चाहे जितनी हो, वह मानवीय नहीं हो सकता।

# गटर की भाषा में फंसता सार्वजनिक विमर्श

गौरतलब | कुमार कृष्णन



भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत तथा योगगुरु बाबा रामदेव के बीच चल रहा विवाद इसी विडम्बना का नया उदाहरण है। विवाद की शुरुआत कंगना के उस बयान से हुई, जिसमें उन्होंने जंतर-मंतर पर हुए छात्र आन्दोलन और नयी पीढ़ी के संदर्भ में 'गटर जेनरेशन' ; यानी 'गटर पीढ़ी' जैसी भाषा का इस्तेमाल किया था।

**सार्वजनिक** जीवन में असहमति कोई असामान्य बात नहीं है। लोकतंत्र में विचारों का टकराव होना चाहिए, बहस होनी चाहिए और जरूरत पड़े तो तीखी आलोचना भी होनी चाहिए। लेकिन जब तर्क की जगह निजी जिंदगी, चरित्र, देह और अपमानजनक विशेषण ले लेते हैं, तब बहस केवल अपना स्तर नहीं खोती, बल्कि सार्वजनिक संवाद की मर्यादा पर भी सवाल खड़ा करती है। भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत तथा योगगुरु बाबा रामदेव के बीच चल रहा विवाद इसी विडंबना का नया उदाहरण है। विवाद की शुरूआत कंगना के उस बयान से हुई जिसमें उन्होंने जंतर-मंतर पर हुए छात्र आंदोलन और नई पीढ़ी के संदर्भ में 'गटर जेनरेशन' यानी 'गटर पीढ़ी' जैसी भाषा का इस्तेमाल किया था। इस टिप्पणी की आलोचना स्वाभाविक थी। युवा पीढ़ी के एक हिस्से के आचरण या किसी आंदोलन में शामिल लोगों के व्यवहार पर सवाल उठाने और पूरी पीढ़ी को एक अपमानजनक विशेषण से परिभाषित करने में बड़ा फर्क है। कंगना बाद में यह सफाई देती रही हैं कि उनका निशाना पूरी नई पीढ़ी नहीं, बल्कि युवाओं का एक खास वर्ग था। लेकिन इस सफाई से मूल सवाल खत्म नहीं होता। आखिर किसी लोकतांत्रिक समाज में असहमति जताने के लिए 'गटर' जैसी भाषा क्यों जरूरी हो जाती है? युवा पीढ़ी से शिकायत हो सकती है, उसके तौर-तरीकों पर बहस हो सकती है, सामाजिक माध्यमों की संस्कृति की आलोचना की जा सकती है। मगर पूरी पीढ़ी को नैतिक रूप से घटिया बताना किसी गंभीर राजनीतिक या सामाजिक विमर्श का विकल्प नहीं हो सकता। बाबा रामदेव ने कंगना की टिप्पणी पर आपत्ति जताई। उन्होंने इसे बिगड़ी या विकृत मानसिकता का संकेत बताया और कंगना के बयान पर सवाल उठाए। यहां तक उनकी आलोचना को सार्वजनिक बहस का हिस्सा माना जा सकता था। लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब किसी महिला सार्वजनिक व्यक्तित्व के विचारों का जवाब उसके निजी जीवन, चरित्र या व्यक्तिगत अतीत को कठघरे में खड़ा करके दिया जाने लगे। कंगना ने भी जवाब देने में संयम का रास्ता नहीं चुना। उन्होंने सामाजिक माध्यम पर बाबा रामदेव से कहा कि वे उनकी 'जवानी' या 'शयनकक्ष' के बारे में कल्पना न करें और उनके चरित्र पर टिप्पणी न करें। साथ ही उन्होंने पतंजलि से जुड़े उन न्यायिक विवादों का उल्लेख किया, जिनमें भ्रामक विज्ञापनों और चिकित्सकीय दावों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय की कार्रवाई हुई थी।

## आज का इतिहास

- नसीरूद्दीन खुसरू को 1320 में गाजी मलिक ने हराया।
- फ्रांस के कैथोलिक और प्रोटेस्टेन्ट ईसाइयों के बीच अंतिम युद्ध 1627 में हुआ।
- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी ने 1639 में तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई (तत्कालीन मद्रास) की स्थापना की।
- रुस, डेनमार्क और पोलैंड के बीच 1698 में त्रिकोणीय संधि हुई, जो स्वीडन के विरोध में थी।
- एन। फ्रेंकलिन 1762 में अमेरिकी अखबार न्यूपोर्ट आर आई, मर्करी की पहली महिला सम्पादक बनी।
- अमेरिका ने 1848 में न्यू मैक्सिको पर कब्जा किया।
- ऑस्ट्रिया ने 1849 में इटली के शहर वेनिस में चालक रहित गुब्बारों से पहला हवाई हमला किया।
- ऑस्ट्रेलिया में सोने के क्षेत्रों की खोज 1851 में हुई।
- नेटाल भारतीय कांग्रेस की स्थापना महात्मा गाँधी द्वारा 1894 को की गयी थी।
- जापान ने पांच साल तक कोरिया का संरक्षण करने के बाद उस पर 1910 में कब्जा किया।
- ब्रिटिश और जर्मन सैनिकों के बीच 1914 को बेल्जियम में पहली मुठभेड़ हुई।
- भारत के पहले प्रवीण पायलट इन्द्रलाल राय 1918 में प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान लंदन में जर्मनी के साथ हवाई लड़ाई में मारे गये।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 1921 में विदेशी वस्त्रों की होली जलायी।
- जनरल माइकल कोलिन्स की पश्चिम कॉर्क में 1922को हत्या कर दी गयी।
- अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और चीन के प्रतिनिधियों ने 1944 में संयुक्त राष्ट्र के गठन की योजनाओं को लेकर मुलाकात की।
- विश्व के पहले परमाणु सम्पन्न समुद्री जहाज ने 1962 में वर्जीनिया से जॉर्जिया तक की यात्रा पूरी की।
- अमेरिका में 1969 को समुद्री तूफान आने से 255 लोगों की मौत।

## किसने क्या कहा



पूरा 'वंदे मातरम्' गाया जाना, इस बार स्वतंत्रता दिवस को खास बना गया

अमित शाह
गृह मंत्री



राहुल गांधी कानून का सम्मान करें, अराजकता न फैलायें

रविशंकर प्रसाद
भाजपा सांसद

## अंकजाल - 8366

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है।*



*अंकजाल 8365 का हल*



Jagrutidaur.com, Bangalore

## चैन से सोना है, तो सोने को कहें ना

**सोने** की चमक सभी को आकर्षित करती है। इसी आकर्षण के कारण लोग अधिक से अधिक सोना खरीदने चाहते हैं। यह चाहत तब और भी बढ़ जाती है जब सोने की कीमत में अचानक थोड़ी गिरावट आती है। लोग इस मौका का लाभ उठाना चाहते हैं। आज कल बाजार में यही स्थिति है क्योंकि सोने की कीमत कमी आयी है। आइए जानें सोने के बारे में हमारे शास्त्रों क्या कहा गया है। ज्यादातर पौराणिक ग्रंथों में इस बात को कई तरह से कहा गया है कि सोने की खरीदारी से जितनी खुशी नहीं होती है उससे अधिक चिंता बढ़ जाती है।

## सुविचार

हमें ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जो हम अपने बच्चों को करते देखने के इच्छुक नहीं हैं।

**विग्रम यंग**

अपनी खुशियों की प्रत्येक पल का आनन्द लें, क्योंकि यह बुढ़ापे का अच्छा सहारा है।

**क्रस्टोफर मोल**

# इस्लामी न्यायशास्त्र में महिलाओं की स्थिति

गौरतलब | शैख तंजीला तासीर



ऐसी व्याख्या में विद्वान की राय को चुनौती देना मानो ईश्वरीय आदेश को चुनौती देने के समान प्रस्तुत किया जा सकता है। इससे धर्म मार्गदर्शन और नैतिक आत्ममंथन के बजाय सामाजिक नियंत्रण का माध्यम बन सकता है। किसी भी धार्मिक मत को अधिक विश्वसनीय और न्यायसंगत मानने के लिए अबौ अल-फदल ने ईमानदारी, लगन, व्यापकता, तार्किकता और संयम जैसे मानकों पर विशेष बल दिया है।

**इस्लामी** न्यायशास्त्र के इतिहास में यह बहस हमेशा से केन्द्र में रही है कि ईश्वर की ओर से बोलने और धार्मिक ग्रंथों की व्याख्या करने का अधिकार किसके पास है। पारंपरिक सुन्नी न्यायशास्त्र (उसूल अल-फिक्ह) में सामान्यतः दो प्रकार के नियमों के बीच अंतर किया जाता हैः पहले वे नियम जो पूरी तरह निश्चित (कतई) माने जाते हैं और दूसरे वे जिनमें व्याख्या तथा संभावना की गुंजाइश होती है (जन्नी)। संभावित और व्याख्यात्मक मुद्दों पर योग्य विद्वानों के बीच मतभेद (इख्तिलाफ) को इस्लामी परंपरा में एक स्वाभाविक और स्वीकार्य प्रक्रिया माना गया है। हालांकि, आधुनिक काल में कुछ रूढ़िवादी व्याख्याओं में ऐसी प्रवृत्ति दिखाई देती है, जिसमें किसी विद्वान की व्यक्तिगत राय और व्याख्या को ईश्वर की अंतिम इच्छा के समान प्रस्तुत किया जाता है। इससे धार्मिक व्याख्या में सत्तावाद और असहमति के प्रति असहिष्णुता को बढ़ावा मिल सकता है।

यहां मूल प्रश्न केवल यह नहीं है कि किसी धार्मिक नियम का निष्कर्ष क्या है, बल्कि यह भी है कि उस निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए कौन-सी व्याख्यात्मक पद्धति अपनाई गई है। धार्मिक ग्रंथ दिव्य माने जा सकते हैं, लेकिन उनकी मानवीय व्याख्या व्याख्याकार के ज्ञान, पद्धति, सामाजिक संदर्भ और नैतिक दृष्टिकोण से प्रभावित होती है। इसलिए किसी भी धार्मिक मत का मूल्यांकन केवल इस आधार पर नहीं किया जाना चाहिए कि उसे किसी प्रतिष्ठित विद्वान ने प्रस्तुत किया है, बल्कि यह भी देखा जाना चाहिए कि वह कुरान के व्यापक नैतिक उद्देश्यों, न्याय और मानवीय गरिमा जैसे मूल सिद्धांतों के साथ किस प्रकार संबंध स्थापित करता है।

प्रसिद्ध इस्लामी कानूनविद खालिद अबौ अल-फदल ने अपनी पुस्तक 'ईश्वर के नाम पर बोलना' में इसी प्रवृत्ति की गंभीर आलोचना की है। वे दो प्रकार की व्याख्याओं में अंतर करते हैंः पहली ऐसी व्याख्या, जो अपनी मानवीय सीमाओं को स्वीकार करती है और न्याय तथा दया जैसे नैतिक मूल्यों के प्रति जवाबदेह रहती है। दूसरी सत्तावादी व्याख्या है, जो व्याख्याकार के अपने विचारों और ईश्वरीय आदेश के बीच के अंतर को लगभग समाप्त कर देती है। ऐसी व्याख्या में विद्वान की राय को चुनौती देना मानो ईश्वरीय आदेश को चुनौती देने के समान प्रस्तुत किया जा सकता है। इससे धर्म मार्गदर्शन और नैतिक आत्ममंथन के बजाय सामाजिक नियंत्रण का माध्यम बन सकता है। किसी भी धार्मिक मत को अधिक विश्वसनीय और न्यायसंगत मानने के लिए अबौ अल-फदल ने ईमानदारी, लगन, व्यापकता, तार्किकता और संयम जैसे मानकों पर विशेष बल दिया है।

इन मानकों का महत्व विशेष रूप से तब बढ़ जाता है जब धार्मिक व्याख्या महिलाओं के जीवन से जुड़े प्रश्नों पर हो। महिलाओं की आवाजाही, शिक्षा, पहनावा, विवाह, रोजगार और सार्वजनिक जीवन में भागीदारी जैसे विषय केवल कानूनी प्रश्न नहीं हैं; इनका सीधा संबंध व्यक्ति की गरिमा, सामाजिक अवसर और पारिवारिक जीवन से भी होता है। इसलिए ऐसे मामलों में किसी एक पाठ या एक संभावित व्याख्या को अंतिम निष्कर्ष मानने के बजाय संबंधित धार्मिक स्रोतों, ऐतिहासिक परिस्थितियों और व्यापक नैतिक उद्देश्यों को साथ लेकर विचार करना अधिक उपयुक्त होगा।

मोहम्मद बिन सालेह अल-उथैमीन बीसवीं सदी के उत्तरार्ध के एक अत्यंत प्रभावशाली हनबली-सलफी विद्वान थे। सऊदी धार्मिक प्रतिष्ठान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही और उनकी धार्मिक व्याख्याओं का व्यापक प्रभाव पड़ा। महिलाओं की आवाजाही, पहनावे और रोजगार जैसे विषयों पर उनके विचारों ने विशेष रूप से चर्चा को प्रभावित किया। जब उनकी न्यायशास्त्रीय पद्धति का मूल्यांकन अबौ अल-फदल द्वारा प्रस्तावित मानकों की रोशनी में किया जाता है, तो उनके कुछ विचारों में ऐसी प्रवृत्तियां दिखाई देती हैं जिन्हें व्याख्यात्मक सत्तावाद के संदर्भ में आलोचनात्मक रूप से देखा जा सकता है। उनके दृष्टिकोण में महिलाओं से जुड़े अनेक प्रश्नों को सामाजिक और नैतिक सुरक्षा की चिंता के साथ जोड़ा गया, लेकिन आलोचकों के अनुसार इन व्याख्याओं के कुछ परिणाम महिलाओं की स्वतंत्रता और सार्वजनिक भागीदारी को सीमित करने वाले रहे।

यहां यह स्पष्ट करना भी आवश्यक है कि किसी विद्वान के किसी विशेष मत की आलोचना करना उनके पूरे धार्मिक योगदान को अस्वीकार करना नहीं है। इस्लामी बौद्धिक परंपरा में विद्वानों के विचारों का विश्लेषण, उनसे असहमति और उनके तर्कों का पुनर्मूल्यांकन लंबे समय से होता रहा है। इसलिए अल-उथैमीन के विचारों का आलोचनात्मक अध्ययन भी व्यक्ति-केंद्रित न होकर उनकी व्याख्या-पद्धति, स्रोतों के उपयोग और सामाजिक परिणामों के आधार पर किया जाना चाहिए। इस प्रकार की आलोचना धार्मिक परंपरा के प्रति असम्मान के बजाय उसके भीतर मौजूद बौद्धिक बहस की निरंतरता के रूप में समझी जा सकती है।

अल-उथैमीन के न्यायशास्त्र में एक महत्वपूर्ण तनाव दिखाई देता है। यद्यपि उन्होंने अंधानुकरण (तकलीद) के बजाय प्रमाण और धार्मिक स्रोतों पर आधारित विचार पर बल दिया, लेकिन आलोचकों के अनुसार उनकी कुछ व्याख्याओं में पाठ के शाब्दिक अर्थ को बहुत अधिक महत्व मिला। इस दृष्टिकोण में ऐतिहासिक संदर्भ और सामाजिक परिवर्तन की भूमिका सीमित हो सकती है। परिणामस्वरूप, जो निर्देश किसी विशेष सामाजिक परिस्थिति में समझे जा सकते थे, उन्हें व्यापक और स्थायी नियमों के रूप में लागू करने की संभावना बढ़ जाती है। इसी संदर्भ में उनके कुछ महिला-संबंधी विचारों को आधुनिक परिस्थितियों के संदर्भ में पुनर्विचार योग्य माना जाता है।

इसके अलावा, उन्होंने 'सद्द अल-जराई', अर्थात संभावित रूप से अनुचित या हानिकारक परिणामों की ओर ले जाने वाले रास्तों को रोकने के सिद्धांत का भी उपयोग किया। यह सिद्धांत इस्लामी न्यायशास्त्र में एक मान्य विधिक अवधारणा है और इसका उद्देश्य संभावित नुकसान को रोकना है। हालांकि, जब इस सिद्धांत का अत्यधिक विस्तार किया जाता है, तो ऐसी गतिविधियों पर भी प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं जो अपने मूल रूप में अनुमेय हों, केवल इस आशंका के आधार पर कि वे भविष्य में किसी अनुचित परिणाम का कारण बन सकती हैं। महिलाओं की शिक्षा, रोजगार, सार्वजनिक जीवन और स्वतंत्र आवाजाही से जुड़े कुछ प्रश्नों में यही चिंता आलोचना का विषय बनी है।

किसी भी विधिक सिद्धांत की उपयोगिता उसके उद्देश्य और उसके अनुप्रयोग के बीच संतुलन पर निर्भर करती है। यदि संभावित नुकसान को रोकने की कोशिश में किसी व्यक्ति की वैध स्वतंत्रता, शिक्षा या सामाजिक भागीदारी अत्यधिक सीमित हो जाए, तो यह प्रश्न उठता है कि क्या साधन और उद्देश्य के बीच उचित संतुलन बना रहा है। इसीलिए 'सद्द अल-जराई' जैसे सिद्धांत को लागू करते समय संभावित नुकसान की वास्तविकता, उसकी संभावना और उससे बचने के लिए लगाए जाने वाले प्रतिबंध की आवश्यकता—इन सभी का विवेकपूर्ण मूल्यांकन आवश्यक है।

महिलाओं से संबंधित धार्मिक नियमों पर चर्चा करते समय यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि इस्लामी इतिहास एकरूप नहीं रहा है। अलग-अलग क्षेत्रों, कालखंडों और न्यायशास्त्रीय परंपराओं में महिलाओं की सामाजिक भूमिका, शिक्षा, व्यापार, संपत्ति और सार्वजनिक गतिविधियों से संबंधित विचारों में अंतर मिलता है। इस विविधता से यह संकेत मिलता है कि इस्लामी न्यायशास्त्र में सामाजिक परिस्थितियों और व्याख्यात्मक पद्धतियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। इसलिए किसी एक ऐतिहासिक या आधुनिक व्याख्या को इस्लाम की एकमात्र और अपरिवर्तनीय व्याख्या मानना स्वयं उस बौद्धिक विविधता को सीमित कर सकता है, जो इस्लामी विधिक परंपरा की विशेषताओं में से एक रही है।

कुरान का व्यापक नैतिक संदेश मानव गरिमा, न्याय, जिम्मेदारी और नैतिक आचरण पर बल देता है। सूरह अल-इसरा (17:70) में मानव संतानों की गरिमा का उल्लेख मिलता है। इसी प्रकार कुरान में न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को भी महत्वपूर्ण नैतिक सिद्धांत के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इन व्यापक सिद्धांतों की रोशनी में महिलाओं से संबंधित किसी भी धार्मिक व्याख्या का मूल्यांकन करते समय यह देखना आवश्यक है कि उसका वास्तविक सामाजिक प्रभाव क्या है और क्या वह व्यक्ति की गरिमा तथा न्याय के मूल उद्देश्यों के अनुरूप है।

इस संदर्भ में सुधार या पुनर्विचार का अर्थ धार्मिक परंपरा को अस्वीकार करना नहीं, बल्कि उसके भीतर मौजूद व्याख्यात्मक संसाधनों का पुनर्पाठ करना है। इस्लामी न्यायशास्त्र में इज्तिहाद, कियास, मस्लहत और विभिन्न विधिक सिद्धांतों के माध्यम से बदलती परिस्थितियों पर विचार करने की लंबी परंपरा रही है। आधुनिक समाज में महिलाओं की शिक्षा, रोजगार, सार्वजनिक भागीदारी और कानूनी अधिकारों से जुड़े प्रश्नों पर विचार करते समय इन बौद्धिक परंपराओं का उपयोग किया जा सकता है। इससे धार्मिक आस्था और समकालीन सामाजिक आवश्यकताओं के बीच अधिक संतुलित संवाद की संभावना पैदा होती है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि महिलाओं से जुड़े धार्मिक प्रश्नों पर चर्चा में स्वयं महिलाओं की आवाज और अनुभवों को पर्याप्त स्थान दिया जाए। यदि किसी नियम का प्रत्यक्ष प्रभाव महिलाओं के जीवन पर पड़ता है, तो उसकी व्याख्या और सामाजिक प्रभाव के मूल्यांकन में महिलाओं के अनुभवों को नजरअंदाज करना दृष्टिकोण को अधूरा बना सकता है। धार्मिक विद्वानों, महिला अध्येताओं, कानून विशेषज्ञों और समाजशास्त्रियों के बीच संवाद इस विषय को अधिक व्यापक और संतुलित बनाने में योगदान दे सकता है।

कुरान का मूल नैतिक संदेश मानव गरिमा और न्याय जैसे व्यापक सिद्धांतों से जुड़ा है। इसलिए जब किसी धार्मिक व्याख्या के सामाजिक परिणाम असमानता, अनावश्यक नियंत्रण या किसी वर्ग की गरिमा को प्रभावित करने वाली स्थिति उत्पन्न करते हों, तो उनका आलोचनात्मक पुनर्मूल्यांकन किया जाना चाहिए। यह पुनर्मूल्यांकन किसी व्यक्ति या धार्मिक परंपरा के विरुद्ध अभियान नहीं, बल्कि धार्मिक व्याख्या की जवाबदेही और नैतिकता से जुड़ा प्रश्न है। महिलाओं के अधिकारों और इस्लामी कानून की व्याख्या को किसी एक संकीर्ण विचारधारा के नियंत्रण तक सीमित करने के बजाय कुरान के व्यापक नैतिक सिद्धांतों, न्याय, रहम ,गरिमा और इंसानी भलाई के संदर्भ में समझने की आवश्यकता है। ईश्वर के नाम पर बोलने का दावा जितना गंभीर है, उतनी ही गंभीर उसकी नैतिक जिम्मेदारी भी है। धार्मिक विद्वान की भूमिका केवल नियम बताने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसे अपने निष्कर्षों की सीमाओं, संभावित सामाजिक प्रभावों और मानवीय परिणामों के प्रति भी जवाबदेह होना चाहिए। यही दृष्टिकोण धार्मिक परंपरा को जीवंत, विचारशील और न्यायोन्मुख बनाए रखने में सहायक हो सकता है।

**(प्रस्तुत आलेख लेखिका की निजी है।)**

## राशिफल



**मेष** — दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जायेगा।

**तुला** — महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आयेंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। सचेत रहें।

**वृष** — संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**वृश्चिक** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़ कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**मिथुन** — मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जायेगा। पर प्रपंच में ना पड़ कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**धनु** — सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पायेगी।

**कर्क** — स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नयी ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**मकर** — अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। समय ठीक है।

**सिंह** — सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**कुंभ** — कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। समय सम्भल कर रहने का है।

**कन्या** — अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाये, तो अच्छा है।

**मीन** — पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जानेवाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## जन शिकायत में डीसी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

# त्वरित कार्रवाई के दिये निर्देश



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** जिला प्रशासन की ओर से आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए शुक्रवार को साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने शिकायतकर्ताओं से बारी-बारी उनकी परेशानी की जानकारी ली और सम्बन्धित अधिकारियों को मामलों की जांच कर शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया। कार्यक्रम में हेरहंज थाना क्षेत्र के घुर्रे गांव निवासी सत्यरूपा जायसवाल ने मंईयां सम्मान योजना से जुड़ी शिकायत उपायुक्त के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि पूर्व में उन्हें योजना का लाभ मिल रहा था, लेकिन वर्तमान में राशि का भुगतान नहीं हो रहा है। आवेदिका ने दोबारा योजना की राशि दिलाने की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभाग और प्रखंड विकास पदाधिकारी को इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिलना चाहिए। जन शिकायत कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी अन्य समस्याओं को लेकर भी आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए जरूरत के अनुसार स्थल पर जाकर भौतिक सत्यापन करने और निर्धारित प्रक्रिया के तहत जल्द समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर संबंधित प्रखंड कार्यालय में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि उसका समय पर निराकरण किया जा सके।

## अहिवरण वंशज मोदी बर्णवाल समाज ने बांटे 300 फलदार पौधे



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अहिवरण वंशज मोदी बर्णवाल समाज, कोडरमा की ओर से द रामेश्वर वैली स्कूल परिसर में पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान करीब 300 फलदार पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि झुमरी तिलैया नगर परिषद अध्यक्ष रमेश हर्षधर का समाज की ओर से मुरली मोदी एवं सतीश बर्णवाल ने अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। वंशज के अध्यक्ष प्रवीण मोदी ने कहा कि संगठन मानव सेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी लगातार कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथि रमेश हर्षधर ने लोगों के बीच पौधों का वितरण करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। आज लगाया गया एक पौधा भविष्य में वृक्ष बनकर फल, छाया और स्वच्छ वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने लोगों से पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। समाज की ओर से आम, अमरूद, चीकू, नींबू सहित विभिन्न प्रजातियों के फलदार पौधे वितरित किए गए। आयोजकों ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल पौधों का वितरण नहीं, बल्कि लोगों को उनके संरक्षण और देखभाल के प्रति जागरूक करना भी है। कार्यक्रम में 'एक पौधा दस पुत्र के समान' और 'पेड़ लगाएं, पर्यावरण बचाएं' जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष प्रवीण मोदी, सचिव चंदन बर्णवाल एवं परियोजना निदेशक एसके सुमन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विभाग स्तरीय एकदिवसीय प्रश्न पत्र निर्माण कार्यशाला का आयोजन

**लातेहार :** ज़िला मुख्यालय के धर्मपुर पथ सरस्वती विद्या मंदिर में शुक्रवार को विभाग स्तरीय एकदिवसीय प्रश्न पत्र निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में आगामी प्रश्न मंच प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए कार्यशाला में विभिन्न विषयों के गुणवत्तापूर्ण और विद्यार्थियों की क्षमता के अनुरूप प्रश्न तैयार किए गए।कार्यशाला के दौरान संगणक, अंग्रेजी और संस्कृत विषयों के प्रश्न पत्रों पर विशेष रूप से काम किया गया। प्रश्नों के चयन में विषय की समझ, विद्यार्थियों के स्तर और प्रतियोगिता की जरूरतों को प्रमुखता दी गई। चतरा से रणजीत कुमार, नगर उंटारी से अशोक, डाल्टनगंज से हिमांशु, भवनाथपुर बाजार से रीता चौबे, भवनाथपुर नगरी से धीरज द्विवेदी, चतरा से अमरनाथ पांडे तथा लातेहार विद्यालय से अभिषेक अनिल और दीपक कुमार शर्मा ने विषय विशेषज्ञ के रूप में योगदान दिया। प्रश्न पत्र निर्माण कार्यशाला के प्रमुख श्री बंशीधर नगर के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक के मार्गदर्शन में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई। पलामू विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार की उपस्थिति ने कार्यशाला को दिशा दी। स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने भी कार्यशाला में पहुंचकर आचार्यों का मार्गदर्शन किया और उनका उत्साह बढ़ाया। विषय विशेषज्ञों ने आपसी विचार-विमर्श के माध्यम से प्रश्नों की गुणवत्ता और कठिनाई स्तर पर चर्चा की।

### एक झलक

#### कुसुमटांड़ डैम टूटा किसानों की बढ़ी परेशानी

**लातेहार :** लगातार हुई मूसलाधार बारिश के बीच सदर प्रखंड के ओरया गांव स्थित कुसुमटांड़ डैम का एक हिस्सा टूट गया। डैम का पानी तेज बहाव के साथ आसपास के खेतों में घुस गया, जिससे कई एकड़ में लगी धान की फसल बर्बाद हो गई। पानी के साथ बड़ी मात्रा में बालू भी खेतों में जमा हो गई है। इससे फसल नष्ट होने के साथ किसानों की जमीन भी प्रभावित हुई है।ग्रामीणों के अनुसार, डैम में पहाड़ी क्षेत्र से आने वाला पानी जमा होता था। पिछले दिनों से जिले में लगातार बारिश हो रही थी। करीब 48 घंटे तक हुई तेज बारिश के कारण डैम पर पानी का दबाव बढ़ गया और उसका एक हिस्सा अचानक टूट गया। इसके बाद पानी और बालू खेतों में फैल गयी। किसानों ने बताया कि बारिश से पहले सिंचाई की समस्या के बावजूद उन्होंने डीजल पम्प चला कर धान की रोपाई की थी। खेती के लिए महंगे दाम पर बीज खरीदे गए थे। अब तैयार होती फसल बालू में दब गयी है। खेतों में मोटी परत जम जाने से अगली खेती को लेकर भी किसान चिंतित हैं। किसानों ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही डैम की मरम्मत कराने की भी अपील की है।

#### फरार माओवादी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

**लातेहार :** नेतरहाट थाना क्षेत्र के एक मामले में फरार चल रहे माओवादी नक्सली राजू भुइयां के खिलाफ पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर उसके घर पर इश्तहार चिपकाया। नेतरहाट थाना प्रभारी राजन अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गढ़वा जिले के डंडई थाना क्षेत्र स्थित लवाडीह गांव पहुंचकर आरोपी के घर पर विधिवत इश्तेहार चिपकाया। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई नेतरहाट थाना कांड संख्या 12/2024 से संबंधित है, जो 15 सितंबर 2024 को दर्ज किया गया था। मामले में राजू भुइयां, पिता छोटेलाल भुइयां के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज है। जांच के दौरान उसे अप्राथमिकी अभियुक्त के रूप में चिह्नित किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी लगातार फरार है। न्यायालय के निर्देश पर उसके घर पर इश्तेहार चिपकाकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने की सूचना दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आगे भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

#### कच्चा मकान गिरने से चाचा-भतीजे की दब कर मौत

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बीच एक दर्दनाक हादसा हो गया। छोटा नूरदा गांव में बारिश के कारण एक कच्चे मकान की जर्जर दीवार अचानक ढह गई। दीवार के मलबे में दबने से चाचा-भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतकों की पहचान छोटा नूरदा गांव निवासी सरजोम पिंगुवा (37) और उनके भतीजे डोबराज पिंगुवा (33) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गुरुवार शाम में दोनों घर के अंदर बैठे हुए थे। इसी दौरान क्षेत्र में तेज बारिश हो रही थी। बारिश के कारण कच्ची दीवार में नमी बढ़ गई थी और वह पहले से ही जर्जर हालत में थी।

## यूनियन बैंक के मामलों के निपटारे को लेकर 29 अगस्त को विशेष लोक अदालत



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** यूनियन बैंक से जुड़े ऋण और अन्य वित्तीय विवादों के समाधान के लिए 29 अगस्त को सिविल कोर्ट लातेहार में विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर होनेवाली इस अदालत का आयोजन मासिक लोक अदालत के साथ किया जाएगा। विशेष लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया ने यूनियन बैंक के जिला समन्वयक के साथ बैठक की। इसमें बैंक से जुड़े लंबित मामलों के साथ प्री-लिटिगेशन मामलों की स्थिति की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने अधिक से अधिक मामलों का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक रणनीति पर चर्चा की। बैठक में बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लोक अदालत में शामिल होने वाले संबंधित उपभोक्ताओं तक समय पर नोटिस पहुंचाया जाए, ताकि वे निर्धारित तिथि को न्यायालय में उपस्थित होकर अपने मामलों का निपटारा करा सकें। अधिकारियों से यह भी कहा गया कि मामलों के समाधान की प्रक्रिया में आपसी सहमति और त्वरित कार्रवाई को प्राथमिकता दी जाए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने यूनियन बैंक के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विशेष लोक अदालत का लाभ उठाएं।

### निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

## खेल सुविधाओं के साथ सौंदर्यीकरण पर दिया जोर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शुक्रवार को मेदिनीनगर शहर के वार्ड-23 स्थित निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेडियम परिसर में विकसित की जा रही विभिन्न खेल एवं जनसुविधाओं का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने निर्माणाधीन स्विमिंग पूल, बैडमिंटन कोर्ट एवं जिम एरिया का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अभियंताओं से निर्माण की वर्तमान स्थिति, गुणवत्ता एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली तथा सभी कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्टेडियम परिसर में खिलाड़ियों एवं आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रिलैक्सिंग चेयर की व्यवस्था, ओपन कैफेटेरिया तथा परिसर के ग्राउंड में पर्याप्त संख्या में पेड़-पौधे लगाने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेल परिसर को केवल खेल गतिविधियों तक सीमित न रखते हुए इसे बेहतर वातावरण एवं सुविधाओं से युक्त विकसित किया जाए, ताकि खिलाड़ियों और आम लोगों को यहां आने पर बेहतर अनुभव मिल सके। उन्होंने परिसर के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने की बात कही। खुले स्थानों में योजनाबद्ध तरीके से पौधरोपण, हरित क्षेत्र विकसित करने तथा बैठने एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की नियमित जांच करते हुए सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया।

## घर की सिटकनी बाहर से बंद कर लाखों की चोरी, ग्रामीणों में दहशत



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के शीशी पंचायत अंतर्गत बारियातू जागीर गांव में गुरुवार की देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नकदी समेत लाखों रुपये के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने वारदात के दौरान आसपास के कुछ घरों की सिटकनी भी बाहर से बंद कर दी थी, ताकि लोग बाहर निकलकर शोर न मचा सकें। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल है। जानकारी के अनुसार, बारियातू जागीर निवासी संजय साव, पिता कृष्णा साव, अपनी पत्नी के साथ घर के एक कमरे में सो रहे थे। शुक्रवार सुबह करीब चार बजे दोनों की नींद खुली तो कमरे की सिटकनी बाहर से बंद मिली। खिड़की के रास्ते किसी तरह बाहर निकलने के बाद संजय साव ने दूसरे कमरे में जाकर देखा तो घर का सामान बिखरा पड़ा था।सामान की जांच करने पर बक्से में रखी नकदी और करीब चार से पांच लाख रुपये मूल्य के जेवरात गायब मिले। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने पहले परिवार के सदस्यों को कमरे में बंद किया और इसके बाद दूसरे कमरे में रखे सामान को खंगालकर चोरी की। ग्रामीणों के मुताबिक, चोरों ने आसपास के कुछ अन्य घरों की सिटकनी भी बाहर से बंद कर दी थी। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वारदात को पूरी तैयारी के साथ अंजाम दिया गया।

## धनबाद राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में पलामू के 50 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

### भोपाल एक्सप्रेस से धनबाद रवाना हुई पलामू की टीम



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला गतका संघ के 50 खिलाड़ी झारखंड राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शुक्रवार को धनबाद रवाना हुए। सभी खिलाड़ी भोपाल एक्सप्रेस से धनबाद के लिए रवाना हुए। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 22 एवं 23 अगस्त 2026 को संत जेवियर इंटरनेशनल स्कूल, हीरक रोड, धनबाद में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 एवं अंडर-25 आयु वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। पलामू जिला गतका संघ के सचिव सुमित वर्मन के निर्देशन में टीम धनबाद के लिए रवाना हुई। खिलाड़ियों के साथ संघ के सह-सचिव दीपक तिवारी एवं दीपेंद्र सिंह तथा सदस्य मृत्युंजय कुमार भी रवाना हुए। खिलाड़ियों को शुभकामना देने के लिए पलामू जिला गतका संघ के उपाध्यक्ष बबलू चावला रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर पलामू का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। सुमित वर्मन ने कहा कि जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पलामू का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। खिलाड़ियों से पूरी मेहनत और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने की अपील की गई। प्रतियोगिता में संत मरियम स्कूल, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, ब्राइट लैंड स्कूल, ओरिएंट पब्लिक स्कूल एवं द कराटे एकेडमी के खिलाड़ी पलामू का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## रक्षा सूत्र बांध अधिकारियों को दिया पवित्रता और सद्भाव का संदेश

**लातेहार :** रक्षा बंधन के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, धर्मपुर (गिजनियाटांड़) शाखा की ओर से जिले के अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधकर पर्व की शुभकामनाएं दी गयीं। शाखा की संचालिका बीके अमरमणी के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों ने उपायुक्त संदीप कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधा और उनके स्वस्थ, सुखी एवं सफल जीवन की कामना की। इस दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक ऋषिकेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी अवनिश त्रिपाठी और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को भी रक्षा सूत्र बांधा गया। बीके अमरमणी ने अधिकारियों को रक्षाबंधन के आध्यात्मिक पक्ष की जानकारी देते हुए कहा कि यह पर्व केवल भाई-बहन के स्नेह तक सीमित नहीं है। इसका संबंध आत्मिक शुद्धता, अच्छे संस्कार और परमात्मा से मिलने वाली सुरक्षा की भावना से भी है। उन्होंने कहा कि आज के समय में व्यक्ति को बाहरी चुनौतियों से बचाव के साथ अपने भीतर भी मजबूती और पवित्रता विकसित करने की जरूरत है।

## जिले की शिक्षा व्यवस्था बदहाल, छात्रों ने सीजेपी से लगायी मदद की गुहार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**साहेबगंज :** जिले के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सोती चौकी पांगड़ो की स्थिति इन दिनों बद से बदतर बनी हुई है। स्कूल में मूलभूत सुविधाओं के अभाव से नाराज सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने हाल ही में जिला समाहरणालय के समक्ष धरना देकर अपनी पीड़ा व्यक्त की थी। मामला तब और तूल पकड़ा जब परीक्षा के दौरान छात्रों को प्रश्न पत्र ही उपलब्ध नहीं कराए गए। इस घटना के बाद पूरे जिले में शिक्षा व्यवस्था को लेकर रोष व्याप्त है। छात्रों की आवाज सुनकर कोकरोज जनता पार्टी (सीजेपी) ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से लिया और 'स्कूल ठीक करो आन्दोलन' के तहत एक प्रतिनिधिमंडल को विद्यालय का दौरा करने के लिए भेजा। प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालय पहुंचकर छात्रों और स्कूल प्रबंधन दोनों से बातचीत की और वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर सीजेपी के झारखंड कोऑर्डिनेटर 'आशुतोष रंजन' ने कहा कि 'स्कूल में बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण बच्चों में भारी आक्रोश है। अगर समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। शिक्षा किसी की मोहताज नहीं हो सकती।' वहीं, स्कूल प्रबंधक ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द सभी आवश्यक सुविधाएं छात्रों को उपलब्ध करा दी जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान सीजेपी कार्यकर्ता 'वीरू' ने छात्रों को उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी और उन्हें अपनी आवाज बुलंद करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरे में पार्टी की पूजा यादव, राजकुमार दास, सूरज हाजदा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। कोकरोज जनता पार्टी ने मांग की है कि जिला प्रशासन अविलंब सोती चौकी पांगड़ो विद्यालय में पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था, शिक्षकों की उपलब्धता और बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करे, ताकि छात्रों का भविष्य अंधकार में न जाये।

## सीओ का अनुशंसा पत्र पहुंचने के बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**डंडई/गढ़वा :** निम्न श्रेणी कैटेगरी के माध्यम डंडई अँचल में सेवा दे रहे अमीन नेसार अंसारी को कार्य मुक्त करने की अंचल से अनुशंसा हुए लगभग दो महीना का समय बीत गया लेकिन अभी तक उन्हें कार्य मुक्त नहीं किया गया। जबकि जिले के अपर समाहर्ता विकास कुमार राय के निर्देश पर सीओ जयशंकर पाठक की ओर से नेसार को कार्य मुक्त करने का अनुशंसा किया गया था। वहीं, पत्रांक 762 दिनांक 20 /6/2026 को उस बाबत जारी हुए अपर समाहर्ता की चिट्ठी मे 24 घंटा के अंदर मेराल डंडई गढ़वा और रमना अंचल के अँचल अधिकारीयो से वाहस्रोत का अमीन के कार्य कुशलता का प्रतिवेदन की मांग किया गया था। साथ ही चिट्ठी के माध्यम उन्हें बताया गया था कि वर्णित अंचलों में बाय स्रोत से निम्न कैटेगरी के माध्यम एक एक अमीन को सेवा देने की जानकारी प्राप्त हुई है। इसलिए उन्हें कार्यमुक्त करने की अनुशंसा संबंधित एजेंसी को करना है जिसके लिए आपकी अनुशंसा की जरूरत है। वही अपर समाहर्ता के उक्त चिट्ठी के आलोक में ही डंडई सीओ के द्वारा अंचल के अमीन नेसार अंसारी को कार्य मुक्त करने की अनुशंसा करने का काम किया गया है । सीओ ने बताया कि अपर समाहर्ता का चिट्ठी प्राप्त होते ही उसके आलोक में मैं अपने कार्यालय से चिट्ठी अनुशंसा करने का काम कर दिया हूं।

### हेरहंज थाना का एसपी ने किया औचक निरीक्षण

## गश्ती और एंटी क्राइम चेकिंग बढ़ाने के निर्देश



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने हेरहंज थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रखरखाव और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में थाना में संधारित विभिन्न महत्वपूर्ण पंजियों और अभिलेखों की बारीकी से जांच की गई। पुराने लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए पुलिस पदाधिकारियों को उनके त्वरित निष्पादन की दिशा में कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। एसपी ने क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात्रि गश्ती को और मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर नियमित निगरानी के साथ सघन एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर समय रहते रोक लगाई जा सके। निरीक्षण के दौरान थाने में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे लोगों से भी पुलिस अधीक्षक ने मुलाकात की। उन्होंने फरियादियों की बातें गंभीरता से सुनीं और संबंधित पदाधिकारियों को मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि थाना पहुंचने वाले प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत को संवेदनशीलता के साथ सुना जाये और नियमानुसार त्वरित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा थाना परिसर की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। एसपी ने पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान सतर्कता बरतने तथा आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने की हिदायत दी।

## वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा सामूहिक जिम्मेदारी : अजीत कुमार सिंह



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गुमला :** विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला के तत्वावधान में सिलम स्थित वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता सह स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, गुमला श्री अजीत कुमार सिंह, स्थायी लोक अदालत के सदस्य शंभू सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों, सम्मानजनक जीवन, भरण-पोषण के अधिकार तथा निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी। साथ ही, किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अजीत कुमार सिंह ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा करना समाज और प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## 70वीं झारखंड राज्य एसजीएफआई प्रतियोगिताओं में ग्रिजली विद्यालय की शानदार उपलब्धि

### कबड्डी, योगासन एवं जूडो में उत्कृष्ट प्रदर्शन; राज्य कैम्प व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए कई खिलाड़ियों का चयन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कोडरमा :** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के विद्यार्थियों ने 70वीं झारखंड राज्य एसजीएफआई प्रतियोगिताओं में कबड्डी, योगासन एवं जूडो सहित विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन, खेल भावना एवं प्रशिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप कई विद्यार्थियों ने राज्य कैंप एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की है। कबड्डी में विद्यालय के राज प्रजापति का अंडर-14 तथा पंकज राज का अंडर-17 राज्य कबड्डी टीम कैंप के लिए चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन, फिटनेस, टीम भावना एवं खेल के प्रति समर्पण के बल पर यह सफलता हासिल की। योगासन में एसजीएफआई राज्य स्तरीय ओपन ट्रायल में पिहू कुमारी, लव कुमार शर्मा एवं दिवाकर यादव ने राष्ट्रीय स्तर की योगासन प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। खिलाड़ियों ने संतुलन, एकाग्रता, लचीलापन, शारीरिक नियंत्रण एवं अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जूडो में विद्यालय के खिलाड़ियों ने विशेष सफलता अर्जित की। सिमरन पांडेय एवं खुशी कुमारी ने अपनी-अपनी श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए एसजीएफआई नेशनल जूडो चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। इसके अतिरिक्त प्रेम राज एवं अभिषेक यादव का भी स्कूल नेशनल्स के लिए चयन हुआ है। इस प्रकार जूडो में विद्यालय के कुल चार खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। सिमरन पांडेय एवं खुशी कुमारी के राष्ट्रीय स्तर पर चयन से संबंधित प्रतिभागिता व्यय का वहन सरकार द्वारा किया जाएगा। इन सभी उपलब्धियों में विद्यालय के कबड्डी कोच सुनील कुमार साव, बालक वर्ग के योग प्रशिक्षक उमेश कुमार विश्वकर्मा, बालिका वर्ग की योग प्रशिक्षक नेहा कुमारी तथा जूडो प्रशिक्षक सौरभ पाठक एवं तरन्नुम खान का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रशिक्षकों के नियमित प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन, अनुशासित अभ्यास एवं निरंतर प्रोत्साहन ने खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अंजना कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि एसजीएफआई प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों का राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन, दृढ़ संकल्प तथा प्रशिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है।

## बालूमाथ में 48 दोपहिया वाहनों पर कार्रवाई, 48 हजार रुपये का ई-चालान

**लातेहार :** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और दोपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को बालूमाथ थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप कुमार के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल के नेतृत्व में किया गया। अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने बालूमाथ क्षेत्र में दोपहिया वाहनों की जांच की। इस दौरान वाहन के कागजात, यातायात नियमों के अनुपालन और अन्य जरूरी मानकों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करते पाए गए वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई।जांच के क्रम में कुल 48 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। इन सभी वाहनों के विरुद्ध ई-चालान की कार्रवाई करते हुए कुल 48 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। विभाग की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में भी यातायात नियमों के पालन को लेकर सतर्कता देखी गई। जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल ने जांच के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, वाहन की गति नियंत्रित रखने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

## एक झलक

### धनंजय सिंह के क्वार्टर पर सीसीएल सख्त

**गोमिया :** स्वांग दक्षिणी पंचायत के पूर्व मुखिया धनंजय सिंह के क्वार्टर मामले में सीसीएल ने कार्रवाई तेज कर दी है। क्वार्टर खाली करने के नोटिस के बाद पानी और बिजली कनेक्शन काटे जाने के बाद अब सीसीएल ने इसकी अद्यतन स्थिति की रिपोर्ट दोबारा मांगी है। कार्मिक प्रबंधक शिवराज सिंह ने 14 अगस्त को ईएनएम कन्हैया कुमार और पी. सिविल के अधिकारी मो. फिरदौस को पत्र भेजकर पानी-बिजली कटौती की वर्तमान स्थिति से प्रबंधन को अवगत कराने का निर्देश दिया है।

### पं. विद्यानंद झा की जयंती पर भजन-कीर्तन व परिचर्चा

**बोकारो :** सावन शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को पंडित विद्यानंद झा की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। समारोह में गोपाल दास की ओर से भजन-कीर्तन व आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान पंडित विद्यानंद झा की रचनाओं और साहित्यिक योगदान पर परिचर्चा हुई। मुख्य वक्ता डीएवी के सेवानिवृत्त प्रधान शिक्षक दामोदर पांडेय रहे। शिक्षक अजय कुमार ने भी उनके साहित्यिक योगदान पर विचार रखे, जबकि ममता मिश्रा ने उनके जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन सरोज साहित्य प्रकाशन के संरक्षक व सदस्यों की ओर से किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पंडित विद्यानंद झा ने अपनी रचनाओं के माध्यम से साहित्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समारोह में साहित्य प्रेमी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बीएसएल अधिकारियों को जेम के माध्यम से सेवा अनुबंध पर प्रशिक्षण

**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों के करीब 50 अधिकारियों के लिए गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) के माध्यम से सेवा अनुबंधों पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में हुआ। उद्घाटन सत्र में अधिशासी निदेशक (संकार्य) के साथ मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास), मुख्य महाप्रबंधक (सर्विसेज), मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) सह एसीवीओ, जेम विशेषज्ञ एवं अन्य वरीय अधिकारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान जेम विशेषज्ञ ने सेवा अनुबंध प्रबंधन, बिड प्रबंधन, अनुबंध प्रशासन और वैधानिक अनुपालन की जानकारी दी। कार्यक्रम का ऑनलाइन आयोजन भी किया गया, जिसमें अधिकारियों ने भाग लेकर जेम आधारित सेवा अधिप्राप्ति से जुड़े व्यावहारिक मुद्दों और शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। अधिकारियों के अनुसार, प्रशिक्षण से सेवा अनुबंधों के प्रबंधन में पारदर्शिता, कार्यकुशलता और वैधानिक अनुपालन को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल बीएसएल में डिजिटल और समयबद्ध अनुबंध प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत

**चतरा :** शहर के छठ तालाब में नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक शशि मुंडा (30) पिता स्व। सरयू मुंडा धंगर टोली मुहल्ला का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार शशि मुंडा छठ तालाब में नहाने गया था। इसी दौरान वह तालाब के गहरे पानी में चला गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ तालाब के पास जुट गयी। एएसआई प्रवीण कुमार दल बल के साथ वहां पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

# गुमला की 62 पंचायतें हुईं टीबी मुक्त

## उपायुक्त ने उत्कृष्ट कार्य करनेवाले जनप्रतिनिधियों व स्वास्थ्यकर्मियों को किया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** जिले के लिए आज का दिन ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण रहा, जब जिले की 62 पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत घोषित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त दिलेश्वर महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि गुमला जिले के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। टीबी जैसी गंभीर बीमारी के विरुद्ध जिले में किए जा रहे निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप 62 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि अब लक्ष्य जिले की शेष सभी पंचायतों को भी टीबी मुक्त बनाना है। इसके लिए कम समय में लक्ष्य निर्धारित करते हुए स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं आमजनों को समन्वित प्रयास करने होंगे। उपायुक्त ने कहा कि टीबी एक गंभीर संक्रामक बीमारी है, जिसके प्रति समाज में जागरूकता आवश्यक है। इसके प्रमुख लक्षणों में लंबे समय तक खांसी, कमजोरी, वजन कम होना तथा गंभीर स्थिति में खांसी के साथ खून आना आदि शामिल हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि टीबी की रोकथाम, पहचान, जांच एवं उपचार के संबंध में सभी पंचायतों एवं गांवों में व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि बीमारी की समय पर पहचान कर संक्रमित व्यक्तियों को आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जिले को केवल टीबी ही नहीं, बल्कि विभिन्न प्रकार की बीमारियों से मुक्त कर स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज का निर्माण करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज ही जिले के समग्र विकास की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों, जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों तथा जिलेवासियों से सामूहिक प्रयास के माध्यम से विभिन्न बीमारियों के उन्मूलन की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डा. के.के. मिश्रा ने कहा कि आज का दिन उनके लिए विशेष एवं महत्वपूर्ण है। इस वर्ष टीबी उन्मूलन की दिशा में एक बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर पूरी निष्ठा एवं एकजुटता के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से जिले की 62 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जाना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कार्यक्रम के दौरान टीबी उन्मूलन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों, चिकित्सा पदाधिकारियों, मुखियाओं, सहियाओं, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों, प्रखंड टीबी टास्क टीम, जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला फील्ड अधिकारी, प्रखंड टीबी टास्क टीम, प्रखंड फील्ड अधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## डीवीसी केटीपीएस ने किया सामान्य स्वास्थ्य जांच व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** दामोदर घाटी निगम, कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन द्वारा केटीपीएस अस्पताल के समन्वय से अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत कांटी पंचायत में जल-जनित एवं वेक्टर-जनित रोगों पर सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संघमित्रा नंदी, डीजीएम द्वारा किया गया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान स्थानीय ग्रामीणों का रक्तचाप जांच, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता तथा जल-जनित रोगों से बचाव के लिए ब्लीचिंग पाउडर का वितरण किया गया। इसका उद्देश्य स्थानीय समुदाय में स्वच्छता एवं रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शिविर का सफल समन्वय अनुपम तिवारी, सहायक प्रबंधक-HR द्वारा किया गया। कार्यक्रम को डॉ. प्रिया रंजन एवं चिकित्सा दल तथा श्री आशुतोष पांडेय, हिंदी अधिकारी, केटीपीएस का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। यह पहल डीवीसी केटीपीएस की अपने कमांड क्षेत्र में निवारक स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता तथा सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## चतरा में जिस्मफरोशी के खिलाफ कार्रवाई, चांदनी रेस्टोरेंट में छापेमारी

# 05 युवतियों सहित 10 हिरासत में



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** शहर के न्यू परिसदन भवन के समीप स्थित चांदनी रेस्टोरेंट में अनैतिक गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के निर्देश पर एसडीपीओ सन्नी वर्धन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रेस्टोरेंट में छापेमारी कर पांच युवतियों, चार युवकों व रेस्टोरेंट मालिक के बेटे समेत 10 लोगों को हिरासत में लिया। सभी को पूछताछ के लिए सदर थाना लाया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को रेस्टोरेंट में अनैतिक गतिविधियां संचालित होने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रेस्टोरेंट में छापामारी की। अचानक हुई कार्रवाई से रेस्टोरेंट में अफरा-तफरी मच गयी। पुलिस ने मौके पर मौजूद युवक-युवतियों को हिरासत में लिया और रेस्टोरेंट मालिक के बेटे को भी पूछताछ के लिए थाना ले गयी। छापेमारी के बाद पुलिस सभी हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि रेस्टोरेंट में किस तरह की गतिविधियां संचालित हो रही थीं और इसमें अन्य लोगों की संलिप्तता है या नहीं। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई के लिए साक्ष्य जुटा रही है। छापामारी टीम में एसडीपीओ सन्नी वर्धन के अलावा सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, महिला थाना प्रभारी फिरदौस नाज सहित कई पुलिस पदाधिकारी, महिला व पुरुष जवान शामिल थे।

**होटल-रेस्टोरेंट संचालकों को चेतावनी**

**एसडीपीओ** सन्नी वर्धन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि पांच युवतियों, चार युवकों और रेस्टोरेंट मालिक के बेटे को हिरासत में लेकर सदर थाना लाया गया है, जहां सभी से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस्मफरोशी जैसे अनैतिक धंधे में संलिप्त होटल और रेस्टोरेंट संचालकों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

# उपायुक्त अजय नाथ झा ने की कुल 46 मामलों की सुनवाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** 'हम आपको सुनते हैं' लोक संवाद कार्यक्रम में चंद्रपुरा की बुजुर्ग महिला जरीना खातून की 14 माह से लंबित वृद्धावस्था पेंशन की समस्या का जिला प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया है। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर लाभुक को 24 घंटे के भीतर लंबित पेंशन राशि का भुगतान किए जाने की बात कही गई है। चंदनाबाद निवासी जरीना खातून ने लोक संवाद में बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिल रहा था, लेकिन करीब 14 माह से राशि खाते में नहीं आई है। पेंशन के लिए वह कई महीनों से प्रखंड कार्यालय और बैंक के चक्कर लगा रही थीं। मामले पर उपायुक्त ने सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सहायक निदेशक ने बताया कि 14 माह की लंबित पेंशन राशि 24 घंटे के भीतर लाभुक के बैंक खाते में भेज दी जाएगी। लोक संवाद कार्यक्रम में उपायुक्त ने जिले से प्राप्त कुल 46 मामलों की सुनवाई की और सम्बन्धित अधिकारियों को सभी मामलों का त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिले और उन्हें छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, यह प्रशासन की प्राथमिकता है।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।**
**(जिला योजना)**

**सूचना**

प्रकाशित **PR No. 376664,** Jharkhand Tenders Portal-tender reference no – ABF/406/04-08-2026, Tender ID – 2026_ZPLOH_116774_1 एवं इस कार्यालय के पत्रांक 406 दिनांक 04.08.2026 द्वारा ABF चयनित करने हेतु Outsourcing Agency का चयन करने संबंधी Request for Proposal (अतिअल्पकालीन) सूचना प्रकाशित किया गया था, जो अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/–
जिला योजना पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR 388152 (Lohardaga) 26-27 (D)



**HOMI BHABHA CENTRE FOR SCIENCE EDUCATION**
TATA INSTITUTE OF FUNDAMENTAL RESEARCH

**National Olympiad Programme 2026-2027**
**in Astronomy, Biology, Chemistry, Physics, Junior Science**

All students wishing to participate in the programme must appear in corresponding **National Standard Examinations (NSEs)** (for science subjects) on **November 21 and 22, 2026,** conducted by **the Indian Association of Physics Teachers (IAPT).**

Qualification in NSE is the first step towards participation in the corresponding **International Olympiads of 2027.**

To enroll:
**NSEs:** https://www.iapt.org.in (Aug 21 - Sep 14, 2026)

For more details: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

**cbc48143/11/0005/2627**


## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं आमजनों की समस्याएं, त्वरित निष्पादन के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित मामलों के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता दरबार के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में भूमि विवाद, पेयजल आपूर्ति, आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामले शामिल थे। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों का क्रमवार अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मामलों का नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाए। इस अवसर पर उपायुक्त ने जनशिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी रितेश कुमार को निर्देशित किया कि जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों का विधिवत पंजीकरण सुनिश्चित करते हुए उन्हें अविलंब संबंधित विभागों को अग्रसारित किया जाए। साथ ही प्रत्येक मामले की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण कर निष्पादन की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाये।

## 27वीं कांवड़ पदयात्रा को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट

# झरनाकुंड धाम पहुंच कर तैयारियों का लिया जायजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** श्री राम संकीर्तन मंडल द्वारा आयोजित 27वीं कांवड़ पदयात्रा को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक महकमा सक्रिय हो गया है। शुक्रवार को जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने झरनाकुंड धाम पहुंचकर पदयात्रा की तैयारियों का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने धाम परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों का जायजा लेते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, पार्किंग, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक इंतजामों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसपी शिवाशीष, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, कोडरमा कार्यपालक पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार एवं नगर परिषद के पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कांवड़ पदयात्रा के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। श्रद्धालुओं के आवागमन वाले मार्ग, वाहनों के परिचालन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी स्थल का निरीक्षण किया गया। पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने तथा पदयात्रा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या जाम की स्थिति उत्पन्न न होने देने के लिए आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। वहीं, नगर परिषद की ओर से धाम परिसर एवं पदयात्रा मार्ग पर साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। प्रशासन का उद्देश्य कांवड़ पदयात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना है। पुलिस एवं प्रशासन की टीम पदयात्रा के दौरान लगातार निगरानी रखेगी, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के अपनी यात्रा पूरी कर सकें।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**जिला बाल संरक्षण इकाई**

**-: आम सूचना :-**
**बाल कल्याण समिति, गुमला के निदेश के आलोक में**



एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात शिशु, उम्र लगभग – 03 माह वजन – 2.5 कि0ग्रा0, रंग – सांवला, दिनांक – 06.08.2026 को उक्त शिशु बसिया थाना को ग्राम – बसिया देवी गुड़ी चौक, प्रखण्ड – बसिया, थाना – बसिया, जिला – गुमला से प्राप्त हुआ है। शिशु को बसिया थाना द्वारा बाल कल्याण समिति, गुमला में प्रस्तुत किया गया है जिसका मामला संख्या – 361/26 दर्ज किया गया है।

बाल कल्याण समिति, गुमला में प्रस्तुति की तिथि से अब तक शिशु के जैविक माता-पिता/विधिक संरक्षक की जानकारी प्राप्त नहीं हो सका है। उक्त शिशु के जैविक माता-पिता अथवा विधिक संरक्षक को ज्ञात हो तो कृप्या विज्ञापन प्रकाशन होने की तिथि से 60 दिनों के अन्दर कार्यालय, बाल कल्याण समिति, गुमला या जिला बाल संरक्षण इकाई, गुमला में दस्तावेज के साथ दावा प्रस्तुत करें।

दावा प्रस्तुत करने के लिए दिये गए समय सीमा के समाप्ति के पश्चात शिशु पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दत्तक ग्रहण विनियम – 2022 के नियम –6 के उपनियम – 7 के अंतर्गत दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, गुमला के द्वारा कानूनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा। सम्पर्क करें :– पताः– कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, गुमला, कमरा नं0 – A06, समाहरणालय भवन चन्दाली, जिला गुमला। मोबाईल न0 :– 06524–450234, 8210007989

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,
गुमला

PR 388153 (Women, Child Development & Social Security)26-27*D


## बुजुर्गों के सम्मान में वृद्धाश्रम में पहुंचा डालसा

# मिठाई बांट कर मनाया वरिष्ठ नागरिक दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** ज़िला मुख्यालय स्थित वृद्धा आश्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), की ओर से विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डालसा के सचिव शिवम चौरसिया मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने आश्रम में रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। सचिव ने बुजुर्गों के साथ काफी समय बिताया। इस दौरान उन्होंने उनकी समस्याओं और जरूरतों को भी समझने का प्रयास किया। लम्बे समय बाद अपने बीच किसी अधिकारी को सहज भाव से पाकर बुजुर्गों में भी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान डालसा की ओर से सभी बुजुर्गों के बीच मिठाइयां वितरित की गईं। मिठाई मिलने पर आश्रम में रह रहे लोगों के चेहरे पर खुशी नजर आई। बुजुर्गों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव शिवम चौरसिया ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज के लिए अनुभव और मार्गदर्शन का स्रोत हैं। उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार बुजुर्गों की सहायता के लिए हमेशा उपलब्ध है। किसी भी तरह की कानूनी परेशानी, सामाजिक समस्या या अन्य जरूरत होने पर वे डालसा से संपर्क कर सकते हैं।

## तोलरा मंदिर में किशोर पांडेय ने किये दिव्य दर्शन, संचालन समिति ने किया सम्मानित



**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के तोलरा गांव में कोयल नदी के किनारे निर्मित भगवान विष्णु एवं मां भूदेवी के मंदिर में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता किशोर पांडेय ने पहुंचकर दिव्य दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर संचालन समिति के पदाधिकारियों एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा श्री किशोर पांडेय को सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने श्री पांडेय को मंदिर के इतिहास एवं निर्माण से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंदिर का निर्माण वर्ष 2014 में प्रारंभ हुआ था, जो वर्ष 2024 में पूर्ण हुआ। मंदिर में भगवान विष्णु एवं मां भूदेवी की प्रतिमाएं स्थापित हैं। कोयल नदी के तट पर गांव के शांत एवं रमणीय वातावरण में स्थित यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। मंदिर में प्रतिदिन संध्या 6 बजे आरती का आयोजन होता है, जिसमें गांव के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।


**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग (जिला योजना)**
e-Mail:- dpohazaribagh@gmail.com

ज्ञापांक- III-14/2025-26–535/जि0यो0 दिनांक–20.08.2026

**निविदा (Tender**

Well Furnished Smart Library and computer cum ICT Lab in Hazaribag अधिष्ठापन कार्य हेतु विभिन्न शर्तों के साथ **"निविदा" (Tender)GeM Portal पर** आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्थान/फर्म निम्नांकित शर्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद निविदा एवं विस्तृत विवरणी GeM portal पर अपलोड एवं जिला योजना कार्यालय, हजारीबाग, समाहरणालय भवन, द्वितीय तल्ल में जमा किया जाना है, जिसकी कुल अधिकतम लागत–20,00,000/–(बीस लाख) रूपये निर्धारित किया गया है। तिथि एवं समय निम्नांकित है :–

| क्र0 | विवरणी | तिथि एवं समय | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन की तिथि | 21.08.2026 | |
| 2 | निविदा प्रश्न प्राप्त करने की प्रारम्भिक तिथि | 21.08.2026 | 10:30 पूर्वाहन |
| 3 | निविदा प्रश्न प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 01.09.2026 | 11:00 पूर्वाहन |
| 4 | निविदा की प्री–बीड बैठक | 01.09.2026 | 02:00 अपराह्न |
| 5 | निविदा प्रकाशन की तिथि | 03.09.2026 | |
| 6 | निविदा जमा करने की प्रारम्भिक तिथि | 03.09.2026 | 10:30 पूर्वाहन |
| 7 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 18.09.2026 | 05:00 अपराह्न |
| 8 | तकनिकी बीड खोलने एवं PPT Presentation की तिथि | 19.09.2026 | 02:00 अपराह्न |
| 9 | निविदा का वित्तीय बीड खोलने की तिथि | GeM Portal द्वारा निर्धारित समयानुसार | |

निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् जमा किये जाने वाले निविदा (Tender) पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा (Tender) के नियम एवं शर्तें, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों एवं विवरणी, समाहरणालय, हजारीबाग के वेबसाईट https://www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

**नोटः– उक्त Tender की वैद्यता 90 दिनों की होगी, 90 दिनों के अन्दर Tender प्रक्रिया किसी भी कारण पूर्ण नही की जाती है, तो Tender स्वतः समाप्त/रद्द/निरस्त समझा जायेगा।**

PR.NO.388085 Planning and Development(26-27):D
जिला योजना पदाधिकारी, हजारीबाग।


# बीआर इंटरनेशनल स्कूल में सीनियर सिटीजन डे पर सम्मान व जागरूकता कार्यक्रम




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** बीआर इंटरनेशनल स्कूल, चाराडीह में सीनियर सिटीजन डे के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय की छात्राओं ने विद्यालय के निदेशक ओपी राय एवं वरिष्ठ शिक्षक कालीदास घोष तथा विनोद सिंह को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी का भाव विकसित करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने वरिष्ठ नागरिकों के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा उनके जीवन के अनुभवों और समाज में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने भाषण एवं कविता प्रस्तुतियों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। विद्यालय के निदेशक ओपी राय ने विद्यार्थियों को बताया कि वरिष्ठ नागरिक हमारे परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, संस्कार और जीवन-मूल्य नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक होते हैं। विद्यार्थियों को यह संकल्प भी दिलाया गया कि वे अपने घर एवं आसपास के वरिष्ठ नागरिकों का सदैव सम्मान करेंगे, उनकी आवश्यकताओं का ध्यान रखेंगे तथा उन्हें समय और स्नेह देंगे।

## वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर संचार वृद्धा आश्रम में कार्यक्रम का आयोजन



**गुमला :** संचार वृद्धा आश्रम गुमला में वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद गुमला के अध्यक्ष शकुंतला उरांव, नगर परिषद गुमला उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, ऑल एनजीओ एसोसिएशन गुमला जिला के अध्यक्ष और मयूरी ट्रस्ट गुमला के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता संचार बृद्धा आश्रम के अधीक्षक प्रेमचंद साहू, ज्योति कुमारी शिल्पा कुमारी डॉक्टर पाठक श्वेता कुमारी राम नरेश प्रजापति इंदु देवी समेत बृद्धा आश्रम के वरिष्ठ नागरिक मौजूद आदि विशेष रूप से मौजूद थे। नगर परिषद के अध्यक्ष शकुंतला उरांव ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान सभी लोगों का करना चाहिए। यह जिंदगी में जन्म लेने के बाद सभी मनुष्यों को एक दिन वरिष्ठ नागरिक बनने का मौका मिलेगा। हम सब को उनके अनुभवों से सीख लेने की आवश्यकता है। उन्होंने हर संभव मदद वृद्ध आश्रम में रहने वाले लोगों को करने का आश्वासन दिया। मौके पर नगर परिषद गुमला के उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में कहा कि सभी लोगों को वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना चाहिए।

## एक झलक

### डालमिया भारत फाउंडेशन ने शुरू किया टेलरिंग सेंटर

**बोकारो** : समावेशी विकास और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करते हुए, डालमिया भारत फाउंडेशन (डीबीएफ) ने बोकारो की गोरावाली साउथ पंचायत के बिश्नुपुर गाँव में टेलरिंग ट्रेनिंग सेंटर शुरू किया है। डालमिया भारत लिमिटेड की सीएसआर शाखा डीबीएफ की इस पहल के तहत फिलहाल दो बैच में कुल 50 महिलाएँ सेंटर पर हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग ले रही हैं। इस प्रोग्राम का उद्देश्य महिलाओं को सिलाई का प्रैक्टिकल प्रशिक्षण देना है, ताकि वे सिलाई के काम, घर से काम और आगे चलकर अपना छोटा टेलरिंग बिजनेस शुरू कर सकें। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद महिलाएँ हर महीने 6,000 रुपए तक की कमाई कर सकती हैं। इससे उन्हें घर की आमदनी में योगदान देने के साथ-साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। यह सेंटर डीबीएफ के महिला स्किलिंग प्रोग्राम का हिस्सा है, जिसे देशभर में कई सेंटर्स के जरिए चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं तक वोकेशनल ट्रेनिंग की पहुँच बढ़ाना और उन्हें कमाई के बेहतर अवसर प्रदान करना है।इस पहल के बारे में बात करते हुए, सुनील कुमार भुसारी, यूनिट हेड- बोकारो, डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड, ने कहा, ह्लटेलरिंग ऐसा काम है, जिसे कम लागत में शुरू किया जा सकता है और स्थानीय स्तर पर भी आसानी से किया जा सकता है। जब महिलाओं के पास अपने हुनर का इस्तेमाल करने और घर व समुदाय की आमदनी में योगदान देने के मौके होते हैं, तो इसका फायदा सिर्फ उनके परिवार तक सीमित नहीं रहता। इससे हमारे देश की तरक्की में भी मदद मिलती है। हमारी स्किलिंग पहलों के जरिए हमारा प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को अपने समुदाय की तरक्की में भाग लेने और योगदान देने के लिए जरूरी हुनर और मौके मिल सकें। सेंटर का उद्घाटन प्रकाश मिश्रा, एलडीएम,बोकारो, ने किया। इस मौके पर जिला प्रशासन, बैंकिंग और विकास से जुड़े संस्थानों के वरिष्ठ प्रतिनिधि मौजूद रहे। इनमें प्रकाश मिश्रा, एलडीएम, बोकारो; सुदीप सिन्हा, जीएम, डीआईसी, बोकारो सुरिना, डीडीएम, नाबार्ड, बोकारो; और नेहा पराशर, डायरेक्टर, जेएसएस, बोकारो शामिल रहे। कार्यक्रम में संजय झा, एचआर-प्रमुख, डीसीबीएल बोकारो विनोद कुमार सिंह, टेक्निकल हेड, डीसीबीएल बोकारो और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। गणेश ठाकुर, मुखिया और पीआरआई प्रतिनिधि, कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में शामिल हुए।यह पहल डालमिया भारत फाउंडेशन के समावेशी विकास, स्थायी आजीविका और ग्रामीण विकास पर किए जा रहे व्यापक काम को आगे बढ़ाती है। इसका फोकस ऐसे प्रैक्टिकल और आसानी से आगे बढ़ाए जा सकने वाले मौके तैयार करने पर है, जिनके जरिए समुदाय अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकें।

### आभूषण व बाइक लूट मामले में आरोपित गिरफ्तार

**सारण** : एकमा थाना क्षेत्र के एकमा-परसा मार्ग पर 10 अगस्त की सुबह हथियार और चाकू के बल पर लूटपाट करने वाले गिरोह के एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित से आरोपितों ने बाइक, सोने व चांदी के आभूषण लूट लिए थे, जिसके संबंध में एकमा थाना में मामला दर्ज किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर दो के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी व मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी कर आरोपित रोहित कुमार सिंह दाउदपुर बरेजा गांव निवासी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से लूटी गई चांदी की तीन जोड़ी पायल, चार जोड़ी बिछिया, दो जोड़ी राखी और दो पीस मेहंदी छल्ला बरामद किया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पूछताछ के क्रम में खुलासा हुआ कि इस गिरोह ने बीते 6 जुलाई को भी इसी रोड पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था।

## राजकमल में साइबर सेफ्टी एंड अवेयरनेस पर लगी कार्यशाला

# अपना पासवर्ड स्ट्रांग रखें : सुमन्त कुमार मिश्रा

- सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा नहीं करें : प्रदीप कुमार साव




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**धनबाद** : राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनसार धनबाद में 21 अगस्त दिन शुक्रवार को साइबर पुलिस थाना के तत्वावधान में साइबर सेफ्टी एंड अवेयरनेस कार्यशाला के तहत साइबर डीएसपी प्रदीप कुमार साव ने बच्चे बच्चियों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम की भूमिका विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने दी।इस क्रम में उन्होंने कहा कि आज का डिजिटल दौर हमें सहुलियत देता है, लेकिन यह नयी चुनौतियां भी सामने लाता है। ऑनलाइन दुनिया में आज हैकिंग, धोखाधड़ी और निजी डेटा चोरी जैसी घटनाएं आम हो गयी हैं। इससे हमें सतर्क रहना चाहिए। साइबर थाना डीएसपी प्रदीप कुमार साव ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज जोखिम बढ़ रहे हैं, छात्र वर्ग अनजाने में अक्सर इसके शिकार बन रहे हैं। अनजान लिंक पर क्लिक करने से पहले सोचें, अपने अपने पासवर्ड मजबूत रखें, सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा ना करें। श्री साव ने यह भी कहा कि साइबर अपराध के प्रति खुद सजग रहें एवं अन्य लोगों को भी जागरूक बनायें, तभी हम सब ऐसे अपराधों से बच सकते हैं। जानकारी ही बचाव है। इस कार्यक्रम में साइबर डीएसपी प्रदीप कुमार साव, विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या लीला सिंह समेत शिक्षक गण मौजूद थे। मंच संचालन अंग्रेजी के शिक्षक संजय पात्र ने किया। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## महिला सभा महज एक बैठक नहीं, अपनी आवाज उठाने की ताकत है : जाकिर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गोला (रामगढ़)** : निर्धारित तिथि के अनुसार राजकीय प्राथमिक विद्यालय पतरातू में महिला सभा एवं बाल सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों को अपनी समस्याएं, जरूरतें एवं सुझाव खुलकर रखने का अवसर मिला। महिला सभा का उद्देश्य महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करना तथा गांव की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर चिन्हित कर उनके समाधान की दिशा में पहल करना रहा। महिला सभा में महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, रोजगार, सुरक्षा और सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से रखा। वहीं बाल सभा में बच्चों ने विद्यालय की सुविधाओं, शिक्षा, स्वच्छता और अपनी जरूरतों से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखी। सभा में सामने आई समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित स्तर तक पहल करने का भरोसा दिया गया। विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया जाकिर अख्तर ने अपने संबोधन में कहा, महिला सभा महज एक बैठक नहीं, बल्कि गाँव की महिलाओं को अपनी आवाज और समस्याएं पंचायत के समक्ष रखने का सशक्त मंच है। महिलाओं की भागीदारी के बिना गांव का समग्र विकास संभव नहीं है। किसी भी प्रकार की समस्या हो, महिलाएं खुलकर अपनी बात रखें। आपकी समस्याओं के निदान और उन्हें सरकार तक पहुंचाने में मैं एक कड़ी के रूप में आपके साथ खड़ा हूं।

## मन को समझने और सही दिशा देने पर आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में मेंटल वेलनेस सेमिनार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**धनबाद** : अपने विचारों को मैनेज करना, इम्पल्स पर कंट्रोल रखना और मुश्किल परिस्थितियों में क्लियर माइंड के साथ रिस्पॉन्ड करना मेंटल वेलनेस के लिए जरूरी है। आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट्स के लिए आयोजित ह्लहार्नेसिंग द पावर ऑफ माइंडह्व सेमिनार में एक्सपर्ट ने स्टूडेंट्स को माइंड को बेहतर तरीके से समझने और उसे सही दिशा में इस्तेमाल करने के प्रैक्टिकल तरीके बताये। डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू) ऑफिस की ओर से 19 अगस्त को एनएलएचसी जी-3 में आयोजित सेमिनार में बीटेक, एमटेक और पीएचडी के फर्स्ट ईयर स्टूडेंट्स शामिल हुए। टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स के सीनियर प्रोफेशनल मोहिल देसाई ने सेशन में माइंड और इमोशंस को मैनेज करने, फोकस बनाये रखने, नेगेटिव थिंकिंग से बाहर निकलने और मेंटल रेजिलिएंस डेवलप करने पर बात की। उन्होंने कहा कि सही-गलत और अच्छा-बुरा के बीच अंतर समझकर फैसला लेना, इम्पल्स को कंट्रोल करना और मुश्किल हालात में इमोशनल बैलेंस के साथ रिस्पॉन्ड करना जरूरी है। उन्होंने स्टूडेंट्स को सेल्फ-अवेयरनेस, सेल्फ-डिसिप्लिन, इमोशनल इंटेलिजेंस और पॉजिटिव माइंडसेट डेवलप करने पर भी जोर दिया। सेमिनार में कठोपनिषद के रथ के उदाहरण के जरिये भी माइंड को समझाया गया। इसमें सेल्फ को रथ का मालिक, इंटेलिजेंस को सारथी, माइंड को लगाम और सेंसिज को घोड़ों के रूप में बताया गया। इस उदाहरण के जरिए समझाया गया कि डिसिप्लिन्ड माइंड और सही इंटेलेक्ट व्यक्ति को सेल्फ-कंट्रोल, बैलेंस और अपने गोल्स की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करते हैं। बाद में इंस्टीट्यूट काउंसलर ऐश्वर्या राव ने स्टूडेंट्स से बातचीत कर मेंटल वेलनेस बनाए रखने के कुछ प्रैक्टिकल टिप्स दिए। प्रो. एस. ए. साहू, एसोसिएट डीन (स्टूडेंट्स वेलबीइंग) ने केस स्टडीज के जरिये सेशन का समापन किया और स्टूडेंट्स से हर स्तर पर अपनी हेल्थ और वेलबीइंग का ध्यान रखने की अपील की। कार्यक्रम का कोऑर्डिनेशन प्रो. राजीव लक्कानिगा, डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री एंड केमिकल बायोलॉजी ने किया।

## लीड बैंक योजना की संशोधित मार्गदर्शिका पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

# साइबर सुरक्षा एवं वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करने पर जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गुमला**: उपायुक्त, गुमला दिलेश्वर महत्तो एवं उप विकास आयुक्त, गुमला अनिमेष रंजन की अध्यक्षता में लीड बैंक योजना की संशोधित मार्गदर्शिका के संबंध में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले में बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय समावेशन, साइबर सुरक्षा तथा सूक्ष्म उद्यमों को ऋण सहायता उपलब्ध कराने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान लीड बैंक प्रबंधक कार्यालय को प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति, जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठकों के कार्यवृत्त को भारतीय रिजर्व बैंक की मार्गदर्शिका में निर्धारित प्रारूप के अनुरूप तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में साइबर एवं वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए इसके प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया।जिला स्तरीय बैंकिंग समितियों के माध्यम से साइबर सुरक्षा तथा सूक्ष्म उद्यमों को सुगम ऋण सहायता उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया कार्यशाला का संचालन नीति आयोग के वित्तीय समावेशन सहयोगी संस्था माइक्रोसेव कंसल्टिंग के राज्य समन्वयक रमेश कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने लीड बैंक योजना की संशोधित मार्गदर्शिका, वित्तीय समावेशन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी।कार्यशाला में जिला कृषि पदाधिकारी, गुमला, जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला, जिला सहकारिता पदाधिकारी, गुमला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि तथा बैंक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।इस अवसर पर जिला योजना कार्यालय, गुमला श्री एकांश सोगानी, पी.पी.आई.ए. फेलो, अवधेश कुमार, प्रैक्सिस पी.पी.आई.ए. फेलो, गुमला, गंटू रजक, एसोसिएट/फेलो, ए.वी.ए., गुमला तथा आरती कुमारी, आकांक्षी प्रखंड फेलो, डुमरी सहित अन्य संबंधित प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## किड्स गार्डन स्कूल में साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**झरिया (धनबाद)**: किड्स गार्डन सेकेंडरी स्कूल, झरिया में शुक्रवार को धनबाद पुलिस के साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए गए। विद्यालय की निर्देशिका डॉ. शोभा सिन्हा और प्राचार्या डॉ. स्नेहलता ने पुलिस की पहल की सराहना करते हुए कहा कि जागरूक विद्यार्थी अपने परिवार और समाज को भी साइबर अपराध से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। साइबर थाना के सब इंस्पेक्टर सूरज कुमार, सौरभ कुमार और प्रदीप लकड़ा ने छात्रों को फर्जी लिंक, लॉटरी, केवाईसी अपडेट, बैंक खाता बंद होने, फ्री गेम और डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी से सावधान किया। उन्होंने अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी व यूपीआई पिन साझा नहीं करने तथा सोशल मीडिया पर निजी जानकारी नहीं देने की अपील की। अनजान एपीके फाइल डाउनलोड नहीं करने की भी सलाह दी गई।

## 12वें वेतन समझौते में देरी के खिलाफ श्रमिकों का सम्मेलन

# कोल प्रबंधन के रवैये पर श्रमिकों में आक्रोश, आन्दोलन तेज करने की चेतावनी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**धनबाद** : 12वें राष्ट्रीय वेतन समझौते के गठन में हो रही देरी के विरोध में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के आह्वान पर धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ की ओर से शुक्रवार को कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में कोल इंडिया प्रबंधन के रवैये के खिलाफ श्रमिकों ने आक्रोश जताया और जल्द वेतन समझौते की प्रक्रिया पूरी करने की मांग की। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के उपाध्यक्ष अंगद उपाध्याय ने कहा कि कोल इंडिया प्रबंधन 12वें वेतन समझौते को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा है। प्रबंधन की नकारात्मक कार्यशैली से कामगारों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वेतन समझौते में देरी के विरोध में बीएमएस की ओर से कोल इंडिया की सभी कंपनियों में कार्यकर्ता सम्मेलन किए जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने जल्द सकारात्मक पहल नहीं की और वार्ता की प्रक्रिया में तेजी नहीं लाई, तो संघ आंदोलन को और व्यापक करने तथा सीधी कार्रवाई के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि वेतन समझौते में विलंब से कामगारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है और उनका मनोबल भी प्रभावित होता है। उन्होंने कोल इंडिया के सभी क्षेत्रों के श्रमिकों से एकजुट होकर आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से केन्द्रीय संसदीय उप-समिति के सदस्यों ने की मुलाकात



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (ल्हएउ) लिमिटेड रांची के पुनरुद्धार (रिवाइवल) हेतु गठित 06 सदस्यीय केंद्रीय संसदीय उप-समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय उप-संसदीय समिति के सदस्यों के बीच हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी), रांची की वर्तमान परिस्थिति एवं पुनरुद्धार से सम्बन्धित भविष्य की कार्य योजनाओं से सम्बन्धित विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर सांसद विजय हांसदा, केन्द्रीय संसदीय उप-समिति के अध्यक्ष-सह-सांसद, राज्यसभा तिरुची शिवा सहित सांसद, राज्यसभा सुलता देव, सांसद कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी, सांसद हंसमुखभाई सोमाभाई पटेल, सांसद चंदन चौहान उपस्थित रहे।

# रजरप्पा कॉलोनी में 44 हाथियों के झुंड ने मचाया कोहराम

- पंचायत सचिवालय में तोड़फोड़ और फसलों को किया क्षतिग्रस्त
- लोग दहशत में, वन विभाग अलर्ट पर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रजरप्पा** : सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट की आवासीय कॉलोनी क्षेत्र में गुरुवार देर रात हाथियों का झुंड पहुंचने से कॉलोनी वासियों में दहशत का माहौल है। हाथियों का झुंड देर रात रजरप्पा कॉलोनी स्टेडियम के आसपास पहुंच गया। हाथियों के कॉलोनी क्षेत्र में पहुंचने की सूचना मिलते ही लोगों में अफरा-तफरी मच गयी। लोग अपने घरों में दुबके रहे और हाथियों के वापस जंगल की ओर जाने का इंतजार करते रहे ।

#### हाथियों के हमले में हुई थी दो महिलाओं की मौत

**जानकारी** के अनुसार, 17 अगस्त को बड़कीपोना गांव में हाथियों के हमले में धानो देवी और सबीना खातून की मौत हो गयी थी. इस घटना के बाद से हाथियों का झुंड लगातार रजरप्पा, चितरपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विचरण कर रहा है। हाथियों के लगातार आवासीय और ग्रामीण इलाकों में पहुंचने से लोगों में भय बढ़ता जा रहा है।

#### ग्रामीणों की फसलों को पहुंचाया नुकसान

**हाथियों** के झुंड ने मारंगमरचा और तेबरदाग गांव में भी जमकर उत्पात मचाया। यहां पिंटू महतो, अनीता देवी, संजय महतो समेत कई किसानों की फसलों को रौंदकर बर्बाद कर दिया। किसानों का कहना है कि बड़ी मेहनत से तैयार की गयी फसल हाथियों के झुंड ने कुछ ही देर में नष्ट कर दी। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से नुकसान का आकलन कर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

#### कॉलोनी वासियों में भय का माहौल

**फसलों** को नुकसान पहुंचाने के बाद हाथियों का झुंड रजरप्पा और भुचूंगडीह क्षेत्र की ओर बढ़ गया. गुरुवार देर रात हाथियों का झुंड रजरप्पा कॉलोनी स्टेडियम के आसपास पहुंच गया। इसके बाद कॉलोनी वासियों में भय का माहौल बन गया। लोगों ने घरों से बाहर निकलने से परहेज किया। हाथियों के विचरण के कारण क्षेत्र में देर रात तक लोगों के बीच चर्चा होती रही।

#### पंचायत सचिवालय में भी तोड़फोड़

**हाथियों** ने भुचूंगडीह पंचायत सचिवालय परिसर में भी नुकसान पहुंचाया। हाथियों ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे, डस्टबीन और फूलों के गमले को क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों के लगातार आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंचने से ग्रामीणों को अब जान-माल की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है।

#### 44 हाथियों का झुंड

बताया गया कि करीब 44 हाथियों का झुंड दो हिस्सों में बंट गया है. झुंड में कई शावक भी शामिल हैं। अलग-अलग स्थानों पर हाथियों के पहुंचने के कारण ग्रामीणों को सतर्क रहने की जरूरत है। वन विभाग की टीम हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही है और उन्हें आबादी वाले क्षेत्र से दूर रखने का प्रयास कर रही है।

#### हाथियों से दूर रहने की अपील

**वन** विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों और कॉलोनीवासियों से हाथियों के पास नहीं जाने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि हाथियों को देखने या भगाने के प्रयास में लोग अपनी जान जोखिम में न डालें। विशेष रूप से रात के समय ग्रामीणों को घर से बाहर निकलने से बचने और हाथियों की सूचना मिलने पर सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी गयी है।

#### हाथियों को सुरक्षित जंगल की ओर भेजे वन विभाग

**बड़कीपोना** निवासी सह आजसू के केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा ने हाथियों के लगातार बढ़ते आतंक पर गंभीर चिंता जतायी है। उन्होंने कहा कि बड़कीपोना में दो लोगों की मौत के बाद भी हाथियों का झुंड लगातार आबादी वाले क्षेत्रों में घूम रहा है।इससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा की भावना बनी हुई है। वन विभाग को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हाथियों को ग्रामीण क्षेत्र से सुरक्षित तरीके से निकालकर जंगल की ओर भेजने की व्यवस्था की जाये।

#### हाथियों की गतिविधियों पर नजर

**इसके** लिए वन विभाग की टीम को हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखते हुए संवेदनशील गांवों में निगरानी बढ़ानी चाहिए। रात के समय विशेष टीम तैनात कर ग्रामीणों को समय पर सूचना उपलब्ध करायी जाये, ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

#### किसानों को दिया जाये मुआवजा

**अमृत** लाल मुंडा ने कहा कि हाथियों के कारण जिन किसानों की फसलें बर्बाद हुई हैं, उनके नुकसान का तत्काल सर्वे कराया जाये। प्रभावित किसानों को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिया जाये, ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि लोगों की जान बचाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। वन विभाग, प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को मिलकर हाथियों के आतंक से ग्रामीणों को राहत दिलाने के लिए ठोस और स्थायी पहल करनी चाहिए।

#### वन विभाग की टीम ने सम्भाला मोर्चा

**प्रधान** वनरक्षी शंकर उरांव ने बताया कि गुरुवार देर रात रजरप्पा कॉलोनी क्षेत्र में हाथियों के झुंड के विचरण की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम अविलंब मौके पर पहुंची। टीम ने क्षेत्र का जायजा लेते हुए हाथियों को आबादी वाले इलाके से दूर भगाने का प्रयास शुरू किया।

### सड़क दुर्घटना में किसान गम्भीर रूप से घायल

**गोला (रामगढ़)** : रामगढ़-बोकारो पथ के गोला डीवीसी चौक पर शुक्रवार को ऑटो और मोटरसाइकिल की टक्कर में हेमतपुर निवासी किसान करमाली गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोला पहुँचाया गया, जहाँ बेहतर इलाज के लिए उन्हें भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन एवं स्थानीय लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे और घायल के स्वास्थ्य की जानकारी ली। चिकित्सकों ने घायल की स्थिति पर निगरानी रखते हुए आवश्यक उपचार शुरू किया।

# हस्ताक्षरित-सीलबंद...और निर्यात शुरू, भारत के व्यापार समझौते अपने कार्य की ओर अग्रसर

**गतांक से आगे**

**ये** अवसर आईटी और व्यवसाय, पेशेवर, शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक सेवाओं तक फैले हुए हैं। इस समझौते में नर्सिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंसी और वास्तुकला में पारस्परिक मान्यता समझौते (एमआरए) भी शामिल हैं। भारत-ओमान सीईपीए के तहत अंतर-कॉरपोरेट स्थानांतरणियों, संविदा आपूर्तिकताओं, व्यावसायिक आगंतुकों और स्वतंत्र पेशेवरों के अस्थायी प्रवेश और प्रवास की अनुमति दी गई है। भारत-ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए के तहत, ऑस्ट्रेलिया ने लगभग 135 सेवा उप-क्षेत्रों में प्रतिबद्धताएं की हैं। एमएफएन उपचार को आईटी, व्यावसायिक सेवाओं, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और ऑडियो-विजुअल सेवाओं सहित 120 उप-क्षेत्रों में भी विस्तारित किया गया है। भारत-यूएई सीईसीपीए के तहत, भारतीय सेवा प्रदाताओं को 11 व्यापक क्षेत्रों में लगभग 111 उप-क्षेत्रों तक पहुंच प्राप्त होती है। इनमें व्यवसाय, संचार, निर्माण, शिक्षा, वित्तीय, स्वास्थ्य, पर्यटन, परिवहन, पर्यावरण और सांस्कृतिक सेवाएं शामिल हैं। भारत-मॉरीशस सीईसीपीए 11 व्यापक क्षेत्रों में लगभग 115 उप-क्षेत्रों तक पहुंच प्रदान करता है। इसमें व्यावसायिक, कंप्यूटर, दूरसंचार, वित्तीय, शिक्षा, पर्यटन, परिवहन, ऑडियो-विजुअल और योग सेवाएं शामिल हैं।

**भारत की एफटीए यात्रा एक नये कदम की ओर**

**भारत** के मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते कार्यान्वयन के गहन चरण में प्रवेश कर रहे हैं। जैसे-जैसे व्यवसाय इन समझौतों के तहत प्राप्त पहुंच का अधिक से अधिक इस्तेमाल करेंगे, इनका प्रभाव बढ़ता जाएगा। इससे निर्यात में भागीदारी बढ़ेगी, व्यापार में विविधता आएगी और साझेदार बाजारों के साथ वाणिज्यिक संबंध मजबूत होंगे। हाल ही में हुए समझौतों के कार्यान्वयन के गहन चरण में प्रवेश करने के साथ ही, भारत अपने भावी व्यापार एजेंडे का विस्तार भी कर रहा है। लगभग दस व्यापार समझौतों पर विचार-विमर्श जारी है, जिनमें यूरेशियन आर्थिक संघ, पेरू, चिली, इजरायल, कनाडा और मालदीव के साथ नई वार्ताएं शामिल हैं। इसके साथ ही, भारत-कोरिया सीईपीए और भारत-श्रीलंका ईटीसीए जैसे मौजूदा समझौतों को अपग्रेड किया जा रहा है। इस विस्तारित नेटवर्क के केंद्र में एक बड़ा वादा निहित है: भारतीयों के उद्यम और आकांक्षाओं को वैश्विक स्तर पर अधिक बाजारों तक ले जाना।

## एक झलक

### हशन तिलकरत्ने बने श्रीलंकाई पुरुष क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी कोच

**कोलंब** : श्रीलंका क्रिकेट ने पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज हशन तिलकरत्ने को सीनियर पुरुष टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी और 31 दिसंबर, 2027 तक जारी रहेगी। 59 वर्षीय तिलकरत्ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के साथ श्रीलंका क्रिकेट के राष्ट्रीय उच्च प्रदर्शन केंद्र में काम करेंगे। उन्हें कोचिंग का लंबा अनुभव है। वह इससे पहले श्रीलंका की पुरुष राष्ट्रीय टीम के बल्लेबाजी कोच और महिला टीम के मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इसके अलावा वह बांग्लादेश महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच भी रह चुके हैं।

**1996 में विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे**

**तिलकरत्ने** का बतौर खिलाड़ी श्रीलंका के लिए शानदार करियर रहा। उन्होंने 83 टेस्ट और 200 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में कुल 8200 से अधिक रन बनाए। वह 1996 में विश्व कप जीतने वाली श्रीलंकाई टीम के भी सदस्य थे। श्रीलंका क्रिकेट को उम्मीद है कि तिलकरत्ने का अंतरराष्ट्रीय अनुभव और कोचिंग विशेषज्ञता टीम के बल्लेबाजों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी

### सौरव की नाबाद अर्धशतकीय पारी से बरपेटा ब्रेव्स फाइनल में

**गुवाहाटी** : सौरव मौसुम दिहिंगिया की नाबाद 63 रनों की शानदार पारी की बदौलत बरपेटा ब्रेव्स ने शुक्रवार को रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में डिब्रूगढ़ वॉरियर्स को पांच विकेट से हराकर इम्पीरियल ब्लू पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर असम प्रीमियर लीग के फाइनल में जगह बना ली। 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बरपेटा ब्रेव्स ने 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 137 रन बनाकर जीत हासिल की। सौरव ने 53 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 63 रन बनाए। उनका साथ अभिलाष मौर्य ने दिया, जिन्होंने 29 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 37 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 74 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इससे पहले डिब्रूगढ़ वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 134 रन बनाए। आयुष अग्रवाल 29 गेंदों में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 45 रन बनाकर नाबाद रहे। दिविज पाठक ने 27 और नासिर उल्लाह ने 26 रन बनाए।

### बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में लियोन को बाहर कर सकती है रेनशॉ, वापसी तय

**मैकाय** : ऑस्ट्रेलिया बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में ऑफ स्पिनर नाथन लियोन को बाहर कर तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरने पर विचार कर रही है। वहीं, बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ की टीम में वापसी तय हो गई है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा कि अंतिम एकादश पर फैसला शनिवार को टॉस से पहले मैदानी परिस्थितियों का निरीक्षण करने के बाद लिया जाएगा। टीम प्रबंधन ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में होने वाले पहले टेस्ट को देखते हुए स्कॉट बोलैंड को शामिल कर पूरी तरह तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरने पर विचार कर रहा है।

महिला डीपीएल में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स की शानदार शुरुआत

# ईस्ट दिल्ली राइडर्स को नौ विकेट से हराया



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने महिला दिल्ली प्रीमियर लीग-2026 (डीपीएल) में शानदार शुरूआत करते हुए शुक्रवार को ईस्ट दिल्ली राइडर्स को नौ विकेट से हरा दिया। नॉर्थ दिल्ली ने 102 रन के लक्ष्य को पांच ओवर से अधिक शेष रहते हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ईस्ट दिल्ली राइडर्स की टीम नॉर्थ दिल्ली की अनुशासित गेंदबाजी के सामने 20 ओवर में आठ विकेट पर 101 रन ही बना सकी। राइडर्स ने 17 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद वंशिका लीला और सोनाक्षी ने तीसरे विकेट के लिए 30 रन जोड़कर पारी को संभालने की कोशिश की। हालांकि, 10वें ओवर में 24 गेंदों पर 26 रन बनाने वाली वंशिका के आउट होते ही ईस्ट दिल्ली की पारी फिर लड़खड़ा गई। टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही और अंतिम ओवरों में कोई बड़ी साझेदारी नहीं बन सकी। नॉर्थ दिल्ली की ओर से नाजमा सबसे सफल गेंदबाज रहीं। उन्होंने चार ओवर में 15 रन देकर दो विकेट लिए। रेशिका बेनीवाल ने भी दो विकेट हासिल किए, जबकि अपेक्षा आनंद ने तीन ओवर में सिर्फ 10 रन देकर एक विकेट लिया।

**शिवी और अर्चना ने दिलायी आसान जीत**

102 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने उपासना यादव का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन इसके बाद शिवी शर्मा और अर्चना ने मोर्चा संभाल लिया। दोनों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट के लिए नाबाद 92 रन की साझेदारी की और ईस्ट दिल्ली राइडर्स को पूरी तरह मुकाबले से बाहर कर दिया। शिवी शर्मा ने शानदार अर्धशतक लगाया, जबकि अर्चना ने 32 गेंदों पर नाबाद 38 रन बनाकर उनका बेहतरीन साथ दिया। नॉर्थ दिल्ली ने एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया और नौ विकेट की शानदार जीत के साथ महिला डीपीएल 2026 अभियान का दमदार आगाज किया।

## महिला डीपीएल में जीत के बाद तनीषा सिंह बोलीं... टीम पर दबाव नहीं, जिम्मेदारी थी



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : गत चैम्पियन साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने महिला दिल्ली प्रीमियर लीग-2026 (महिला डीपीएल) में शानदार शुरूआत करते हुए गुरुवार को अरुण जेटली स्टेडियम में सेंट्रल दिल्ली क्वींस को 29 रन से हरा दिया। टीम की जीत में तनीषा सिंह और निशिका सिंह की अर्धशतकीय पारियों ने अहम भूमिका निभाई। शुरूआती विकेट जल्दी गिरने के बाद तनीषा ने निशिका के साथ मिलकर पारी को संभाला और 82 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। तनीषा ने मैच के बाद कहा, मैं इसे दबाव नहीं, जिम्मेदारी के तौर पर देखती हूं। टीम ने मुझे स्पष्ट भूमिका दी थी कि क्रीज पर समय बिताना है, स्ट्राइक रोटेट करनी है और मौका मिलने पर बाउंड्री लगानी है। मुझे अपनी क्षमता पर भरोसा था और पता था कि अगर मैं क्रीज पर टिकी रही तो रन जरूर आएंगे। निशिका के साथ साझेदारी के दौरान अपनी रणनीति के बारे में तनीषा ने कहा कि दोनों बल्लेबाजों का लक्ष्य अधिक से अधिक समय क्रीज पर बिताना और लगातार एक-दो रन लेकर गेंदबाजों पर दबाव बनाना था।

## विशाखापत्तनम में 22-23 को होगी ब्रिक्स युवा व खेल मंत्रियों की बैठक

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 22 और 23 अगस्त को क्रमशः ब्रिक्स युवा और खेल मंत्रियों की बैठक होगी। इसमें ब्रिक्स के सभी 11 सदस्य देशों के युवा एवं खेल मंत्री तथा प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख शामिल होंगे। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया इन बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे भी बैठक में हिस्सा लेंगी।




**युवा विकास और सशक्तीकरण पर होगी चर्चा**

**ब्रिक्स** युवा मंत्रियों की 22 अगस्त को होने वाली बैठक में युवा विकास और सशक्तीकरण के लिए सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होगी। शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता, कल्याण और सतत विकास जैसे मुद्दे बैठक के प्रमुख एजेंडे में रहेंगे। बैठक में ब्रिक्स युवा परिषद और ब्रिक्स युवा शिखर सम्मेलन से प्राप्त सिफारिशों पर विचार किया जाएगा। इसके साथ ही भविष्य की ब्रिक्स अध्यक्षताओं के दौरान सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान की जाएगी।

**खेल प्रौद्योगिकी और विनिर्माण पर जोर**

**ब्रिक्स** खेल मंत्रियों की 23 अगस्त को होने वाली बैठक में खेल के क्षेत्र में सदस्य देशों के बीच सहयोग मजबूत करने पर चर्चा होगी। भारत की अध्यक्षता के दौरान पारंपरिक एवं स्वदेशी खेल, खेल प्रौद्योगिकी और खेल विनिर्माण को प्रमुख प्राथमिकता दी गई है। बैठक में ब्रिक्स खेल संयुक्त घोषणा को अपनाया जाएगा। साथ ही खेल प्रौद्योगिकी सहयोग और खेल विनिर्माण सम्मेलन भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगे।

**11 सदस्य देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल**

**बैठक** में ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में ब्रिक्स मैत्री साइकिलिंग आयोजन, द्विपक्षीय बैठकें और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।



नयी दिल्ली में बीडब्लयएफ विश्व चैम्पियनशिप के एकल मुकाबले में रिटर्न शॉट लगाती हुई भारतीय टीम की अनुभवी खिलाड़ी पी वि सिंधु।

## हॉकी विश्व कप : सेमीफाइनल की राह में भारत के सामने नीदरलैंड्स की कड़ी चुनौती



एजेंसी

**एम्सटेलवीन** : एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम-नीदरलैंड्स 2026 के दूसरे चरण में भारतीय पुरुष और महिला टीमों के सामने ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड्स की कड़ी चुनौती होगी। दोनों भारतीय टीमों ने अपने-अपने पूल में दूसरा स्थान हासिल कर दूसरे चरण में जगह बनाई है।

**आज नीदरलैंड्स से भिड़ेगी महिला टीम**

**भारतीय** महिला टीम शुक्रवार रात 9:30 बजे एम्सटेलवीन के वागेनर स्टेडियम में पूल ई के मुकाबले में मेजबान नीदरलैंड्स का सामना करेगी। भारत ने पहले चरण में दक्षिण अफ्रीका को 6-1 से हराया, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला गोलरहित ड्रॉ रहा। इससे पहले चीन के खिलाफ भी भारत ने ड्रॉ खेला था। भारत और चीन के बीच ड्रॉ के कारण दोनों टीमों के खाते में एक-एक अंक है, जो दूसरे चरण में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। पूल ई और एफ की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। नीदरलैंड्स के बाद भारतीय महिला टीम 23 अगस्त को रात 10:30 बजे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी।

**पुरुष टीम के सामने भी नीदरलैंड्स**

**भारतीय** पुरुष टीम 22 अगस्त को शाम 7:30 बजे नीदरलैंड्स के खिलाफ दूसरे चरण का अपना पहला मुकाबला खेलेगी।

इसके बाद 24 अगस्त को शाम 6:15 बजे अर्जेंटीना से भिड़ेगी।

पुरुष टीम हालांकि दूसरे चरण में कोई अंक साथ लेकर नहीं जाएगी। पूल डी में इंग्लैंड ने भारत को 4-2 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया और वह एक अंक लेकर आगे बढ़ा है। भारत ने वेल्स को 3-1 से हराकर अपने अभियान की शुरूआत की थी और इसके बाद पाकिस्तान को 5-3 से हराकर पूल में दूसरा स्थान हासिल किया।

**सेमीफाइनल की राह होगी चुनौतीपूर्ण**

**नीदरलैंड्स** पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीत चुका है। ऐसे में दोनों भारतीय टीमों के लिए मेजबान टीम के खिलाफ मुकाबला बेहद चुनौतीपूर्ण होगा। भारतीय महिला टीम ने अब तक आक्रमण और रक्षात्मक खेल के बीच अच्छा संतुलन दिखाया है, जबकि पुरुष टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत के साथ पहले चरण का समापन किया। अब दोनों टीमों को दूसरे चरण में नए सिरे से शुरूआत करनी होगी। सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए नीदरलैंड्स के खिलाफ मजबूत शुरूआत भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगी।

## सुब्रतो कप में गुमला की बेटियों का धमाल, राजस्थान को 11/0 से रौंदा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : 65वें सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप के अंडर-17 बालिका राष्ट्रीय खेल में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रही गुमला की संत पैट्रिक स्कूल की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लीग के दूसरे मुकाबले में इंडियन पब्लिक स्कूल, राजस्थान को 11=0 से करारी शिकस्त दी। गुमला की टीम ने पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और राजस्थान की टीम को एक भी गोल करने का मौका नहीं दिया।मैच की शुरूआत के महज 3 मिनट में कीर्ति उरांव ने पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद कीर्ति ने लगातार तीन गोल कर अपनी शानदार हैट्रिक पूरी की। सबरनी कुमारी ने चौथा और सुनयना टोप्पो ने पांचवां गोल किया। इसके बाद सीमा उरांव ने लगातार तीन गोल दागकर स्कोर 8झ0 कर दिया। वीणा कुमारी ने नौवां, सीमा उरांव ने दसवां तथा सोनल मुंडा ने ग्यारहवां गोल कर टीम की शानदार जीत सुनिश्चित की। इस शानदार प्रदर्शन के बाद जिला प्रशासन गुमला सहित पूरे खेल विभाग एवं शिक्षा विभाग में खुशी की लहर है। उपायुक्त गुमला एवं जिला खेल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं जिले के खेल प्रेमियों एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों ने इस टीम को बधाई देते हुए आगामी मुकाबलों के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं। अब लीग के दो मुकाबले शेष हैं और इस शानदार जीत के बाद गुमला की बेटियों का आत्मविश्वास अपने शिखर पर है। टीम की प्रशिक्षक वीणा केरकेट्टा समन्वय एवं खिलाड़ियों का निरंतर मार्गदर्शन कर रही हैं। गुमला की बेटियों के इस प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर जिले और झारखंड का नाम रोशन हुआ है।

## ट्रीसा-गायत्री ने विश्व की नम्बर चार चीनी जोड़ी को हरा कर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने शुक्रवार को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप-2026 में शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। इंदिरा गांधी स्टेडियम में भारतीय जोड़ी ने विश्व की चौथी वरीयता प्राप्त चीन की जिया यी फान और झांग शू शियान को तीन गेम के कड़े मुकाबले में 16-21, 21-15, 21-13 से हराया। ट्रीसा और गायत्री ने मुकाबले की शुरूआत 2-6 से पिछड़कर की, लेकिन इसके बाद भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी की। बेहतर स्मैश और मजबूत नेट प्ले के दम पर उन्होंने स्कोर बराबरी पर



पहुंचाया और कुछ समय के लिए बढ़त भी हासिल की। हालांकि, निर्णायक क्षणों में चीनी जोड़ी ने बेहतर प्रदर्शन किया। लगातार आक्रामक खेल के दम पर जिया और झांग ने पहला गेम 21-16 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में ट्रीसा और गायत्री ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और चीन को बढ़त बनाने का मौका नहीं दिया। दोनों जोड़ियों के बीच लंबी रैलियों और शानदार शॉट्स का सिलसिला चलता रहा और स्कोर 10-10 तक बराबर रहा। इसके बाद चीन की एक गलती का फायदा उठाकर भारत ने बढ़त हासिल की और ब्रेक तक 11-10 से आगे रहा। ट्रीसा की शानदार रक्षात्मक क्षमता और गायत्री के क्रॉस-कोर्ट स्मैश ने भारतीय जोड़ी को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। भारत ने दूसरा गेम 21-15 से जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया।

**निर्णायक गेम में भारत का दबदबा**

**निर्णायक** गेम में ट्रीसा और गायत्री ने शुरूआत से ही मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी। ब्रेक तक भारतीय जोड़ी 11-5 से आगे थी।

राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैम्पियनशिप में हॉकी झारखंड का शानदार प्रदर्शन

# मध्यप्रदेश को पेनाल्टी शूटआउट में 2-1 से हराया

- मैदानी खेल में 59 मिनट तक 1/0 गोल से पीछे चल रही झारखंड टीम ने मैच के अंतिम मिनट 60 वें मिनट में गोल कर मैदानी खेल में बराबरी पर ले आयी टीम



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : पुणे, महाराष्ट्र में 12 से 23 अगस्त 2026 तक आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप 2026 में हॉकी झारखंड की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल मुकाबले में हॉकी मध्यप्रदेश को पेनाल्टी शूटआउट में 2=1 से पराजित कर लगातार 10 वे वर्ष फाइनल में प्रवेश किया।

सेमीफाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहा। मैच के पहले क्वार्टर में हॉकी मध्यप्रदेश ने 15वें मिनट में गोल कर 1=0 की बढ़त बना ली। इसके बाद दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दूसरे और तीसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ। मैच के अंतिम क्षणों में हॉकी झारखंड ने शानदार वापसी की। 60वें मिनट में झारखंड की ओर से एस्थर होरो ने शानदार फील्ड गोल कर टीम को 1झ1 की बराबरी पर ला दिया , जिसके बाद मुकाबला पेनाल्टी शूटआउट तक पहुंचा। पेनाल्टी शूटआउट में झारखंड की ओर से सलोमी नाग ने पहला गोल किया। इसके बाद अनुप्रिया सोरेंग के प्रयास के दौरान पेनाल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे रजनी केरकेट्टा ने गोल में तब्दील कर झारखंड को बढ़त दिलाई। झारखंड की गोलकीपर गंगी बरलाबने मध्यप्रदेश के प्रयासों को शानदार ढंग से रोकते हुए टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में हॉकी झारखंड की टीम ने लगातार शानदार वापसी करते हुए अपने मुकाबले जीते हैं। दबावपूर्ण परिस्थितियों में अंतिम क्षण तक संघर्ष करने और मैच का रुख बदलने की टीम की क्षमता उसकी बड़ी ताकत बनकर सामने आई है। इसी शानदार प्रदर्शन का परिणाम है कि झारखंड की जूनियर महिला टीम लगातार 10वीं वर्ष फाइनल में पहुंचने में सफल रही।

**फाइनल तक का सफर**

**हॉकी** झारखंड ने प्रतियोगिता के शुरूआती मुकाबले में हॉकी चंडीगढ़ को 6झ0 से तथा हॉकी पंजाब को 3=1 से पराजित किया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को पेनाल्टी शूटआउट में 4=3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## टेनिस प्रीमियर लीग का आठवां सत्र 08 से 13 दिसम्बर तक, हैदराबाद करेगा मेजबानी

एजेंसी

**हैदराबाद** : टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का आठवां सत्र 8 से 13 दिसंबर 2026 तक हैदराबाद के एलबी टेनिस स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। आठ फ्रेंचाइजी टीमों के बीच होने वाली इस लीग में रोमांचक 25 अंकों के प्रारूप में मुकाबले खेले जाएंगे। अखिल भारतीय टेनिस संघ के तत्वावधान और तेलंगाना सरकार के सहयोग से होने वाले टीपीएल के आठवें सत्र में देश-विदेश के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ भारत के प्रमुख टेनिस सितारे भी हिस्सा लेंगे। लीग के सभी मुकाबलों का सीधा प्रसारण जियोहॉटस्टार पर किया जाएगा।




**आठ फ्रेंचाइजी टीमों के बीच मुकाबला**

**छह** दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में जीएस दिल्ली एसेस, हैदराबाद स्ट्राइकर्स, लखनऊ ब्लेजर्स, गुरुग्राम ग्रैंड स्लैमर्स, गुजरात पैंथर्स, राजस्थान रेंजर्स, कोलकाता थंडर ब्लेड्स और मुंबई रॉयल्स खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टीपीएल के 25 अंकों के प्रारूप में प्रत्येक अंक महत्वपूर्ण होता है।

# बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में रेनशॉ की वापसी

एजेंसी

**मैकाय** : ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार से ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए अपनी अंतिम एकादश की घोषणा कर दी है। मैथ्यू रेनशॉ की टीम में वापसी हुई है और वह ट्रेविस हेड के साथ पारी की शुरूआत करेंगे। रेनशॉ को जेक वेदराल्ड की जगह टीम में शामिल किया गया है। वेदराल्ड ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में क्रमशः 23 और शून्य रन बनाए थे, जिसके बाद उन्हें अंतिम एकादश से बाहर कर दिया गया। रेनशॉ ने ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना आखिरी टेस्ट 2023 में भारत के खिलाफ खेला था। उस मुकाबले में उन्होंने मध्यक्रम में बल्लेबाजी की थी। अब वह फिर से सलामी बल्लेबाज की भूमिका में लौटेंगे।



उन्होंने 2016-17 सत्र में सलामी बल्लेबाज के रूप में ही टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।

**लियोन पर बना रहा भरोसा**

**ऑस्ट्रेलिया** ने दूसरे टेस्ट के लिए चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरने और ऑफ स्पिनर नाथन लियोन को आराम देने पर भी विचार किया था। कप्तान पैट कमिंस ने मैच से पहले कहा था कि टीम पिच का आकलन करने के बाद इस विकल्प पर फैसला करेगी। हालांकि, अंतिम एकादश में लियोन को बरकरार रखा गया है।ऑस्ट्रेलिया अब दो मैचों की श्रृंखला में 1-1 की बराबरी हासिल करने के इरादे से मैदान पर उतरेगा। पहले टेस्ट में बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को चौंकाते हुए जीत दर्ज की थी। कमिंस ने कहा कि उनकी टीम अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब नहीं थी लेकिन बांग्लादेश ने शानदार क्रिकेट खेला और वह एक मजबूत टीम है। उन्होंने कहा कि घरेलू टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया अधिक से अधिक मुकाबले जीतने पर गर्व करता है और टीम दूसरे टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

## चार महीने बाद कोर्ट पर लौटेंगे कार्लोस अल्कराज, अमेरिकी ओपन में करेंगे वापसी

**वॉशिंगटन** : स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज चार महीने के चोटिल ब्रेक के बाद 30 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन से टेनिस कोर्ट में वापसी करेंगे। फिलहाल कलाई की चोट के कारण अल्कराज अप्रैल से कोर्ट से दूर हैं। अल्कराज ने 14 अप्रैल के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी मुकाबला नहीं खेला है। चोट के कारण वह फ्रेंच ओपन और विंबलडन में भी हिस्सा नहीं ले सके थे। अब उनकी नजर अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव करने पर है। अल्कराज ने ट्रांसफर पत्रकार फैब्रिजियो रोमानो के साथ साझा सोशल मीडिया पोस्ट में हियर वी गो! लिखकर अमेरिकी ओपन में अपनी वापसी की पुष्टि की। पोस्ट में अमेरिकी ध्वज और विमान का संकेत भी शामिल था।



**तीसरे अमेरिकी ओपन खिताब पर नजर**

**अप्रैल** में बार्सिलोना ओपन के दौरान चोटिल होने के बाद अल्कराज की जगह जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वहीं, जैनिक सिनर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं। सिनर ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में अल्काराज को हराकर शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी।अल्कराज अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे।

## एक झलक

### भारत में लॉन्च हुई नयी बीएमडब्ल्यू एक्स1 लॉन्ग व्हीलबेस





**रांची :** नयी बीएमडब्ल्यू एक्स1 लॉन्ग व्हीलबेस को आज भारत में लॉन्च किया गया। बीएमडब्ल्यू एक्स1 देश की सबसे सफल लग्जरी स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल है और अब इसका नया अवतार लॉन्ग व्हीलबेस पेश किया गया है, जिसमें मिलती है बेहतर प्रदर्शन के साथ कई डिजिटल अपग्रेड्स। नई बीएमडब्ल्यू एक्स1 लॉन्ग व्हीलबेस का पेट्रोल वेरिएंट बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय रूप से उत्पादित किया जाता है और आज से बीएमडब्ल्यू डीलरशिप पर इसकी बुकिंग की जा सकती है। हरदीप सिंह बरार, प्रेसिडेंट और बीएमडब्ल्यू सीईओ ग्रुप इंडिया ने कहा, बीएमडब्ल्यू एक्स1 भारत में एक शानदार सफलता की कहानी रही है और लग्जरी एसयूवी सेगमेंट में अपनी बढ़त बनाये हुए है। नयी बीएमडब्ल्यू एक्स1 लॉन्ग व्हीलबेस एक दमदार नई पेशकश के साथ इस बढ़त को और आगे बढ़ाती है। ज्यादा जगह, ज्यादा आराम, ज्यादा टेक्नोलॉजी और ज्यादा शानदार मौजूदगी। अपने सेगमेंट की सबसे लंबी, सबसे ऊंची और सबसे चौड़ी कार होने के नाते, यह ऐसी जगह और पिछली सीट पर ऐसा आराम देती है जो वाकई बेमिसाल है, साथ ही यह बीएमडब्ल्यू की पहचान बनी फुर्ती, परफॉर्मेंस और ड्राइविंग के मजे को भी बरकरार रखती है। इस लॉन्च के साथ, हम न केवल इस मॉडल की आकर्षक पहचान को बढ़ा रहे हैं, बल्कि हम उस उम्मीद को भी एक नये स्तर पर ले जा रहे हैं जो ग्राहक इस क्लास की लग्जरी एसयूवी से करते हैं।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9.9 अरब डॉलर बढ़ कर 716.9 अरब डॉलर पर

**नयी दिल्ली :** विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार 8वें हफ्ते इजाफा दर्ज हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 अगस्त को समाप्त हफ्ते में 9.905 अरब डॉलर बढ़कर 716.91 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 अगस्त को समाप्त हफ्ते में बढ़कर 716.91 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले हफ्ते के दौरान में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 14.14 अरब डॉलर बढ़ कर 707.002 अरब डॉलर रहा था। आंकड़ों के मुताबिक इस अवधि में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 7.22 अरब डॉलर बढ़कर 581.85 अरब डॉलर और स्वर्ण भंडार 2.68 अरब डॉलर बढ़कर 111.42 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि, इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) पांच करोड़ डॉलर घटकर 18.74 अरब डॉलर रह गया है। आंकड़ों के अनुसार 14 अगस्त को समाप्त हफ्ते के दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में देश का आरक्षित भंडार पांच करोड़ डॉलर बढ़ कर 4.89 अरब डॉलर रहा। गौरतलब है कि इस साल 27 फरवरी को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

# पूरे दिन उतार-चढ़ाव के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार आज पूरे दिन सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद सपाट स्तर पर मामूली तेजी के साथ बंद हुआ। कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के तुरंत बाद लिवाली और बिकवाली के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा। दिन के पहले सत्र में खरीदार बार-बार लिवाली का जोर बनाने की कोशिश करते रहे, लेकिन दूसरे सत्र में ज्यादातर समय बिकवाल हावी रहे। बिकवाली के दबाव के कारण पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.004 प्रतिशत और निफ्टी 0.08 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 163.35 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ 77,701.07 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में उतार-चढ़ाव होने लगा। बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स ओपनिंग लेवल से 255.21 अंक लुढ़क कर 91.86 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 77,445.86 अंक तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे यह सूचकांक निचले स्तर से 279.81 अंक उछल कर 187.95 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,725.67 अंक के स्तर तक पहुंच गया। दिन के दूसरे सत्र में बाजार में लगातार बिकवाली होती रही, जिसकी वजह से यह सूचकांक ऊपरी स्तर से लगभग 185 अंक फिसल कर 3.11 अंक यानी 0.004 प्रतिशत की सांकेतिक बढ़त के साथ 77,540.83 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई



के निफ्टी ने आज 52.20 अंक यानी 0.22 प्रतिशत उछल कर 24,284.05 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण यह सूचकांक थोड़ी देर में ही ओपनिंग लेवल से 77.25 अंक लुढ़क कर 25.05 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,206.80 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाया, जिससे निफ्टी रिकवर कर हरे निशान में 24,264.55 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। हालांकि दिन के दूसरे सत्र में बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से यह सूचकांक ज्यादा देर तक इस स्तर पर टिक नहीं सका। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 20.15 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ 24,252 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल, पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, ऑटोमोबाइल, आईटी और मीडिया सेक्टर के शेयरों की आज लगातार बिकवाली होती रही। इसके साथ ही एफएमसीजी, ऑयल ऐंड गैस और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज लगातार खरीदारी होती रही। निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 491.75 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 492.72 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 97 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिन भर के कारोबार के दौरान एनएसई में 3,058 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,580 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,478 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 13 शेयर बढ़त के साथ और शेयर गिरावट के साथ और एक शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए।

## हर लाइफस्टाइल के लिए Best Foldable फोन: गैलेक्सी Z फोल्ड8 और गैलेक्सीZ फोल्ड8 अल्ट्रा

**नयी दिल्ली :** सैमसंग के नये इनोवेशन, गैलेक्सी Z फोल्ड8 और गैलेक्सी Z फोल्ड8 अल्ट्रा, Best Foldable फोन की परिभाषा को एक नया रूप देते हैं, क्योंकि यह दो अलग-अलग फॉर्म फैक्टर लेकर आए हैं, जो अलग-अलग लाइफस्टाइल के हिसाब से बनाए गए हैं। चाहे आप एंटरटेनमेंट में डूबे रहना पसंद करते हों, एक साथ विभिन्न कार्य संपादित करना चाहते हों या फिर कंटेंट बनाना पसंद करते हों, ये दोनों डिवाइस डिजाइन और काम का ऐसा बेहतरीन मेल देते हैं, जो आपकी हर जरूरत पर खरा उतरता है। गैलेक्सीZ फोल्ड8 कंटेंट को गहराई से देखने और अनुभव करने के लिए सबसे Best Foldable फोन साबित होता है। इसका नया डिजाइन बंद होने पर एक कॉम्पैक्ट लुक देता है, जबकि खोलने पर एक बड़ी स्क्रीन मिलती है, जिससे कंटेंट देखने का अनुभव और भी बेहतर हो जाता है।




इसका 4:3 वाला मुख्य डिस्प्ले मूवी, गेमिंग और सोशल मीडिया देखने के लिए एक शानदार अनुभव देता है, जबकि डिवाइस को 3:4 पोजीशन में घुमाने पर यह पढ़ने और ब्राउज करने के लिए एकदम सही बन जाता है। सिर्फ 201 ग्राम वजन के साथ यह सैमसंग का अब तक का सबसे हल्का गैलेक्सीZ फोल्ड है। इसे साथ ले जाना जितना आसान है, इसकी 4,800 mAh बैटरी उतनी ही दमदार है, जो 26 घंटे तक वीडियो चलाने की क्षमता रखती है। यही वजह है कि यह उन लोगों के लिए सबसे Best Foldable फोन है जो आसानी से और स्वाभाविक तरीके से कंटेंट का आनंद प्राप्त करना चाहते हैं।

वहीं दूसरी तरफ, गैलेक्सी Z फोल्ड8 अल्ट्रा दमदार प्रोडक्टिविटी और क्रिएशन के लिए सबसे Best Foldable फोन है। सैमसंग की गैलेक्सी Z सीरीज का यह पहला अल्ट्रा मॉडल है, जिसमें 8 इंच का बड़ा डिस्प्ले है, जो मल्टीटास्किंग और क्रिएटिव काम के लिए एक बड़ा वर्कस्पेस देता है। इतने बड़े साइज के बावजूद यह खुलने पर सिर्फ 4.1 मिमी जितना पतला रहता है और इसका वजन भी सिर्फ 215 ग्राम है। इसमें दिया गया एडवांस्ड कैमरा सिस्टम, जिसमें 200 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा शामिल है, उन क्रिएटर्स के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनता है जो एक ही डिवाइस से फोटो व वीडियो कैप्चर करना, एडिट करना और शेयर करना चाहते हैं। यही वजह है कि यह उन प्रोफेशनल्स और क्रिएटर्स के लिए सबसे Best Foldable फोन है जिन्हें एक दमदार मोबाइल वर्कस्पेस की जरूरत होती है।

## केन्द्र ने चीनी की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए उठाये सख्त कदम

**नयी दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने चीनी की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने और त्योहारी सीजन में इसकी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। केंद्र ने चीनी भंडारण की सीमा को कड़ी करने के साथ-साथ शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी है। केंद्र सरकार ने चीनी की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण लगाने के लिए चीनी के भंडार की सीमा कड़ी की गई है। इसके साथ ही शुल्क-मुक्त चीनी के आयात की अनुमति दी गई है। सरकार ने एक दिन पहले 31 अक्टूबर तक बिना किसी ड्यूटी के 10 लाख मीट्रिक टन तक कच्ची चीनी के आयात की मंजूरी दी थी। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने चीनी की कीमतों में बढ़ोतरी के लिए एथनॉल को जिम्मेदार मानने से इनकार किया है।

## मशीन टूल से स्मार्ट फैक्ट्री तक, पुणे में सजेगा मैन्युफैक्चरिंग का नया मंच

**मुंबई :** भारत के तेजी से बदलते मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नई तकनीक और आधुनिक समाधानों से जोड़ने के लिए इंडियन मशीन टूल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (IMTMA) 7 से 10 सितंबर तक पुणे इंटरनेशनल एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (PIECC), मोशी में पुणे मशीन टूल एक्सपो (PMTX) 2026 के साथ फैक्ट्री इक्विपमेंट एक्सपो (FACTEQ) 2026 आयोजित करेगा। इस मेगा इंडस्ट्रियल शो में 175 से अधिक एग्ज़िबिटर मशीन टूल्स, मेटल कटिंग-फॉर्मिंग,




टूलिंग, ऑटोमेशन, रोबोटिक्स, मेट्रोलॉजी और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन करेंगे। वहीं FACTEQ में फैक्ट्री इक्विपमेंट, मटीरियल हैंडलिंग, इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी-एफिशिएंट सिस्टम और स्मार्ट फैक्ट्री सॉल्यूशंस आकर्षण का केंद्र होंगे। IMTMA के डायरेक्टर जनरल एवं उएड जिबाक दासगुप्ता ने कहा, आज मैन्युफैक्चरर्स केवल मशीन नहीं, बल्कि एंड-टू-एंड टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन चाहते हैं। लाइव डेमो और टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर्स से सीधा संवाद बेहतर निवेश फैसलों में मदद करेगा। ऑटोमोटिव, एयरोस्पेस, इंजीनियरिंग, कैपिटल गुड्स और टरटए सेक्टर से बड़ी संख्या में बिजनेस विजिटर्स के पहुंचने की उम्मीद है। यह एक्सपो तकनीकी प्रदर्शन के साथ बिजनेस नेटवर्किंग, नये सप्लायर खोजने और टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप के लिए भी महत्वपूर्ण मंच बनेगा।

## बदल गयी एआई+ स्मार्टफोन की कीमत

**रांची :** एआई+ स्मार्टफोन ने आज अपने स्मार्टफोन पोर्टफोलियो के कुछ चुनिंदा डिवाइसेस की कीमतों में करीब 2,000 रुपए का बदलाव करने का ऐलान किया है। नई कीमतें तुरंत लागू होंगी। कंपनी ने यह बदलाव स्मार्टफोन इंडस्ट्री में कंपोनेंट्स और इनपुट कॉस्ट में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए किया है।

स्मार्टफोन इंडस्ट्री इस समय बढ़ती लागत की चुनौती से गुजर रही है। खास तौर पर मेमोरी जैसे जरूरी कंपोनेंट्स की कीमतों के साथ-साथ मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और दूसरी जरूरी लागतों में भी बढ़ोतरी हुई है। इसका असर अलग-अलग कीमत वाले डिवाइसेस पर पड़ रहा है। ऐसे




में, कंपनियों के लिए ग्राहकों के लिए कीमतों को सही स्तर पर रखते हुए प्रोडक्ट को लेकर बेहतर अनुभव बनाए रखना चुनौती बन गया है। एआई+ स्मार्टफोन ने ग्राहकों के लिए कीमतों को ज्यादा न बढ़ाने के लिए बढ़ी हुई लागत का एक बड़ा हिस्सा खुद वहन किया है। हालाँकि, लागत का दबाव लगातार बना रहने के कारण कंपनी ने आज से अपने कुछ चुनिंदा डिवाइसेस की कीमतों में सोच-समझकर बदलाव किया है। इस बदलाव पर एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस के फाउंडर, माधव शेठ ने कहा, हमारा मिशन भारतीय ग्राहकों को बेहतरीन टेक्नोलॉजी और सही मायने में अच्छी वैल्यू प्रदान करना है, साथ ही एक मजबूत और लंबे समय तक चलने वाला बिजनेस भी तैयार करना है। कंपोनेंट्स की बढ़ती कीमतों के कारण पूरी इंडस्ट्री पर दबाव है। हमने इस बढ़ी हुई लागत का बड़ा हिस्सा खुद संभाला है, लेकिन अब कीमतों में रणनीतिक बदलाव करना जरूरी हो गया है। एक बात स्पष्ट है कि हम टेक्नोलॉजी को ग्राहकों की पहुँच में बनाए रखेंगे और एआई+ अपने सभी प्रोडक्ट्स में ग्राहकों को बेहतरीन वैल्यू प्रदान करना जारी रखेगा।

## सैन्य अधिकारियों, जवानों के लिए दो विशेष क्रेडिट कार्ड जारी करेगा पीएनबी

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र का पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) भारतीय सेना के अधिकारियों और जवानों के लिए दो विशेष क्रेडिट कार्ड जारी करेगा। ये कार्ड्स रुपे और वीजा प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे। पंजाब नेशनल बैंक ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि 20 अगस्त, 2026 को हुए समझौते के तहत सेना के अधिकारियों के लिए 'पीएनबी लक्सर मेटल क्रेडिट कार्ड' और जूनियर कमीशंड अधिकारियों (जेसीओ) तथा अन्य रैंक के कर्मियों के लिए 'पीएनबी पराक्रम क्रेडिट कार्ड' उपलब्ध कराया जाएगा। पीएनबी के अनुसार सैन्य अधिकारियों एवं जवानों को विशेष सुविधाओं वाले इन कार्ड पर कैंटीन स्टोर्स डिपार्टमेंट (सीएसडी) से खरीदारी पर तीन फीसदी की छूट, घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के लाउंज में मुफ्त प्रवेश और एक टिकट खरीदने पर दूसरा फिल्म टिकट मुफ्त मिलने जैसी सुविधाएं मिलेंगी। पंजाब नेशनल बैंक ने बताया कि इस आशय के समझौता ज्ञापन पर दिल्ली स्थित सेना मुख्यालय में मेजर जनरल वीके पुरोहित और पीएनबी के क्रेडिट कार्ड प्रभाग के महाप्रबंधक दीपक कुमार ने हस्ताक्षर किए हैं।

# सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी ने भी लगायी बड़ी छलांग

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी बॉन्ड मार्केट में आई गिरावट का असर दुनिया भर के बुलियन मार्केट में नजर आ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं ने जोरदार छलांग लगाई है। सोना और चांदी के भाव में आई वैश्विक तेजी का असर आज घरेलू सरार्फा बाजार में भी शुरूआती कारोबार के दौरान नजर आ रहा है। देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में सोना आज 3,970 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 4,320 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी के भाव में आज 10,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की उछाल दर्ज की गई है। कीमत में हुए इस बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,59,280 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,59,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,46,010 रुपये प्रति 10 ग्राम से



लेकर 1,46,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,55,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,59,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,59,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,59,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,59,280 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,46,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,59,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,59,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,46,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,59,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,59,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,46,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,59,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,46,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोना शुरूआती कारोबार के दौरान जबरदस्त मजबूती के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,59,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,46,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पेज एक के शेष

### जेएसएससी-सीजीएल और सीडीपीओ नियुक्ति रद्द करने के आदेश पर भी हाई कोर्ट की रोक...

भी घोषणा की गयी थी।

इन घोषणाओं के बाद कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से परीक्षा रद्द करने, परीक्षा प्रक्रिया स्थगित करने और विभिन्न परीक्षाओं को जांच के दायरे में लाने सम्बन्धी अधिसूचना जारी की गयी।

सरकारी अधिसूचना के अनुसार, 22 परीक्षाओं को रद्द, छह परीक्षाओं की प्रक्रिया स्थगित तथा 17 परीक्षाओं को जांच के दायरे में शामिल किया गया है।

भर्ती परीक्षाओं और नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले के बाद प्रभावित अभ्यर्थियों और नवनियुक्त कर्मियों ने अलग-अलग स्तर पर विरोध शुरू किया और अब कई मामलों में न्यायालय का रुख किया है। उच्च न्यायालय के शुक्रवार के आदेश के बाद जेएसएससी-सीजीएल और सीडीपीओ से जुड़ीं नियुक्तियों के मामले में अभ्यर्थियों को फिलहाल राहत मिली है। मामले में अंतिम निर्णय सरकार के जवाब और आगे की सुनवाई के बाद होगा।

### छात्राओं-महिलाओं के लिए अवसर विकसित करने पर दिया जा रहा जोर...

पर भी चर्चा हुई।

झारखंड सरकार के प्रतिनिधिमंडल में योजना एवं विकास मंत्री राधा कृष्ण किशोर, अपर सचिव विजया नारायणराव जाधव, अपर निदेशक-सह-अपर सचिव कृष्ण नंदन प्रसाद, तकनीकी सलाहकार समीर कुमार सिन्हा, रामदेव शर्मा और सुनील दुबे शामिल रहे। अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासन संस्थान की ओर से उप महानिदेशक रवि रंजन गुरु, क्षेत्रीय निदेशक जोधपुर विनोद पालीवाल और राजीव रंजन गुरु उपस्थित रहे।

आईआईटी जोधपुर की ओर से निदेशक प्रो. अविनाश कुमार अग्रवाल, उपनिदेशक प्रो. भवानी कुमार सतपथी और अधिष्ठाता अनुसंधान एवं विकास प्रो. सुनील कुमार खिजवानिया ने भाग लिया। इनके साथ डॉ. लवी त्यागी, डॉ. अक्षय मौडगिल, डॉ. प्रियव्रत राउत्रे, डॉ. विक्की आनन्द और डॉ. जितेश मोहनोट भी उपस्थित रहे। बैठक में एआईओटी फैब लैब, व्यावसायिक प्रशिक्षण और केन्द्रीय अनुसंधान सुविधा से जुड़े प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### बांग्लादेश के साथ गंगा जल संधि पर तकनीकी स्तर पर चर्चा जारी...

गंगा जल संधि के अंतर्गत गठित संयुक्त समिति की तकनीकी स्तर पर बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाती है।

उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश गंगा जल संधि पर गारंटी क्लोज चाहता है। यह क्लोज 1977 की संधि में था, लेकिन 1996 की संधि में हटा दिया गया। इसके तहत सूखे मौसम में बांग्लादेश नदी के बहाव में कमी होने पर भी एक न्यूनतम मात्रा में जल चाहता है।

### लिव-इन रिलेशनशिप शादी जैसा, माता-पिता दखल नहीं दें...

विवाह के बराबर घोषित नहीं किया गया है, लेकिन इसकी प्रकृति विवाह जैसी मानी जा सकती है।

दरअसल, यह टिप्पणी एक 30 वर्षीय जोड़े की याचिका पर आयी, जिन्होंने महिला के परिवार से कथित धमकियों के चलते सुरक्षा की मांग की थी। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 19 और 21 (स्वतंत्रता, जीवन और व्यक्तिगत स्वाधीनता) का हवाला देते हुए कपल को पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

### प्रधानमंत्री ने 20 अंतरिक्ष स्टार्टअप के सीईओ और संस्थापकों से किया संवाद...

तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से स्थानीय मौसम और जलवायु की जानकारी देनेवाली तकनीकों पर काम कर रहे स्टार्टअप के प्रमुख शामिल हुए।

स्टार्टअप प्रमुखों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कम्पनियों को काम करने की अनुमति देने के सरकार के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस फैसले से उद्योग के लिए कई नये अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने बताया कि भारत की निजी अंतरिक्ष कम्पनियों द्वारा विकसित तकनीकों को अपनाने और उनका इस्तेमाल करने में दुनिया के कई देशों की कंपनियां रुचि दिखा रही हैं।

प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों को अपनी तकनीकों के नये उपयोग तलाशने और ऐसी तकनीक विकसित करने पर ध्यान देने को कहा, जिससे आम लोगों का जीवन आसान हो सके।

मोदी ने अंतरिक्ष उद्योग और समाज के विकास से जुड़े दूसरे क्षेत्रों के बीच सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में जमा कचरे को हटाने की तकनीक पर काम करने वाली कम्पनियां पर्यावरण से जुड़े संगठनों के साथ मिल कर काम कर सकती हैं। इसी तरह कृषि के लिए अंतरिक्ष तकनीक विकसित करने वाली कम्पनियां कृषि विश्वविद्यालयों और सरकारी विभागों के साथ मिल कर किसानों को बेहतर फैसले लेने और उत्पादन बढ़ाने में मदद कर सकती हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ऐसा माहौल तैयार करे कि जब दुनिया अंतरिक्ष क्षेत्र के बारे में सोचे, तो उसकी नजर भारत पर जाये। उन्होंने कहा कि देश का अंतरिक्ष क्षेत्र दुनिया भर की प्रतिभाओं, कम्पनियों और निवेश को आकर्षित करने का केन्द्र बन सकता है।

उन्होंने अटल टिंकरिंग लैब्स के साथ अंतरिक्ष क्षेत्र की कम्पनियों का सहयोग बढ़ाने का सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे बच्चों में छोटी उम्र से ही अंतरिक्ष के प्रति जिज्ञासा और रुचि पैदा करने में मदद मिलेगी।

संवाद में स्काईरूट एयरोस्पेस, अग्निकुल कॉसमॉस, पिक्सेल, ध्रुव स्पेस, गैलेक्सआई, पियरसाइट, बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस, डिगंतरा, सैटश्योर, सुहोरा टेक्नोलॉजीज, मनस्तु स्पेस, एस्ट्रोबेस, टेकमी2स्पेस, व्योमआईसी, कॉसमॉसर्व स्पेस, ऑर्बिटएआईडी एयरोस्पेस, स्काईसर्व (हाइस्पेस), सेरेंडिपिटी स्पेस, वासर लैब्स और मिस्टईओ के प्रमुख एवं संस्थापक शामिल हुए।

### पूरा 'वंदे मातरम्' गाया जाना इस बार स्वतंत्रता दिवस को खास बना गया : शाह...

उन्होंने कहा कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस का समारोह उनके लिए खास रहा। शाह ने बताया कि 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब भी लाल किले से स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं, वह वहां मौजूद रहे हैं। लेकिन, इस बार 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह अलग रहा, क्योंकि पहली बार पूरा 'वंदे मातरम्' गाया गया।

गृह मंत्री ने 'वंदे मातरम्' की रचना करनेवाले बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को याद करते हुए कहा कि इस रचना ने न केवल स्वतंत्रता आन्दोलन को गति दी, बल्कि स्वतंत्र भारत की कल्पना को भी दिशा दी। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने अपनी रचना के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया कि स्वतंत्र भारत कैसा होना चाहिए।

सीमा सुरक्षा और सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन आवंटन के मुद्दे पर अमित शाह ने मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के पद सम्भालने के बाद सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन आवंटन का लम्बे समय से लम्बित काम तेजी से आगे बढ़ा है। राज्य सरकार अब तक इसके लिए 1,129 एकड़ जमीन आवंटित कर चुकी है।

अमित शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई बार उनसे सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया था, लेकिन उनकी अपील पर ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार राज्य से भाजपा के लिए नहीं, बल्कि देश की सीमा और नागरिकों की सुरक्षा के लिए जमीन मांग रही थी।

इस अवसर पर अमित शाह ने प्रसिद्ध शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खान को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने बिस्मिल्लाह खान से जुड़ा एक प्रसंग साझा करते हुए कहा कि जब उनसे पूछा गया था कि संसद, राष्ट्रपतियों के सामने और बड़े आयोजनों में शहनाई बजाने के बाद उन्हें सबसे अधिक खुशी कहां मिलती है, तो उन्होंने गंगा के किनारे सुबह काशी विश्वनाथ की मौजूदगी में शहनाई बजाने को सबसे बड़ा आनन्द बताया था।

### राहुल के दबाव में अंततः अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर...

कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को दिल्ली के संसद मार्ग पुलिस थाने पहुंचे। जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आन्दोलन के दौरान पेलेट गन से आंख गंवानेवाले साहिल लोचब और उनकी मां भी थीं। राहुल गांधी दिल्ली पुलिस की ज्वाइंट सीपी नूपुर प्रसाद से मिलने पहुंचे थे, जिन्होंने हाल ही में अपना पदभार सम्भाला है। राहुल गांधी कई शिकायतें लेकर उनके पास गये और उन पर कार्रवाई की मांग की, लेकिन तत्काल कोई फैसला नहीं हुआ। इसके बाद बाहर निकल कर राहुल गांधी धरने पर बैठ गये। उनके लिए कुर्सी लगायी गयी और मौके पर मीडियाकर्मियों व सुरक्षाकर्मियों की भीड़ जुट गयी। राहुल के साथ प्रियंका गांधी, अधीर रंजन चौधरी, सलमान खुर्शीद और जयराम रमेश भी मौजूद थे। अंततः राहुल के दबाव में मामला बीएनएस की धारा 118 और 125 के तहत दर्ज किया गया है। धारा 118 खतरनाक हथियार या साधन से जान-बूझ कर चोट या गम्भीर चोट पहुंचाने से जुड़ी है, जबकि धारा 125 दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालनेवाले कृत्य से सम्बन्धित है।

**यह न्याय की तरफ पहला कदम है : राहुल**

एफआईआर लिखे जाने के बाद साहिल के परिवार के साथ बाहर आये राहुल गांधी ने कहा कि हमने यहां आकर कुछ नया नहीं किया। लेकिन, हमें यहां 08 घंटे लग गये, अपनी शिकायत दर्ज करवाने में। यह न्याय की तरफ पहला कदम है। राहुल ने कहा कि पुलिसवाले शिकायत दर्ज करना चाहते थे, लेकिन उन्हें ऊपर से रोक कर रखा गया था। कांग्रेस ने इस मामले में सवाल उठाया था कि छात्रों पर पैलेट गन चलाने के आदेश किसने दिये। पार्टी ने कहा था कि अमित शाह और दिल्ली पुलिस को इसका जवाब देना चाहिए। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया था कि साहिल और उसकी मां लगातार एफआईआर दर्ज कराने की मांग कर रहे थे, लेकिन पुलिस उनकी मांग पर ध्यान नहीं दे रही थी। हालांकि बाद में पुलिस ने शिकायत ले ली थी और बताया था कि मामले की जांच क्राइम ब्रांच कर रही है। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट की हाई पावर्ड कमेटी भी गठित हो चुकी थी और उसकी रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा था। इससे पहले राहुल गांधी प्रधानमंत्री आवास के बाहर भी धरने पर बैठे थे, जहां से उन्हें हिरासत में लेकर छत्रसाल स्टेडियम ले जाया गया था। रणदीप सुरजेवाला और कुमारी शैलजा समेत कई नेता भी मौके पर पहुंचे थे।

**अमित शाह और होम सेक्रेटरी पर लगाये आरोप**

**राहुल गांधी** ने यह भी कहा कि हमने बस एक भारतीय नागरिक उसके माता-पिता के लिए न्याय मांगा और इसमें आठ घंटे लग गये। आखिरी मंजूरी होम सेक्रेटरी और खुद अमित शाह से आनी थी। तो, आप समझ सकते हैं कि एफआईआर दर्ज होने से कौन रोक रहा था। ये पुलिस अधिकारी एफआईआर दर्ज करना चाहते थे, लेकिन न्याय की प्रक्रिया को ऊपर से रोका जा रहा था।

**कुचले जा रहे हैं संवैधानिक अधिकार**

**राहुल** गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि आज साहिल लोचब के साथ, उनके साथ हुई पुलिस बर्बरता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने संसद मार्ग के डीसीपी कार्यालय पहुंचा। 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे साहिल पर पुलिस ने पैलेट गन से हमला किया। छर्रों से बुरी तरह घायल साहिल की एक आंख की रौशनी खतरे में है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के खिलाफ ऐसी बर्बरता कोई कानूनी कार्रवाई नहीं, एक गम्भीर अपराध है। इस क्रूरता के लिए न गृह मंत्री अमित शाह ने छात्रों को कोई सफाई दी, न प्रधानमंत्री ने उनसे माफी मांगी। अब जब साहिल न्याय के लिए एफआईआर दर्ज कराना चाहता है, तो वह भी नहीं करने दिया जा रहा। इस तरह संविधान और संवैधानिक अधिकारों को कुचला जा रहा है।

# एच1एन1 इन्फ्लुएंजा को लेकर स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने की समीक्षा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को देश में एच1एन1 एन्फ्लुएंजा की मौजूदा स्थिति और इससे निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह भी शामिल हुए। बैठक के दौरान देश में इन्फ्लुएंजा की निगरानी और महामारी विज्ञान संबंधी स्थिति, इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण के रुझानों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही टेस्टिंग, प्रयोगशाला निगरानी और मौसमी इन्फ्लुएंजा के मरीजों के इलाज के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों का जायजा लिया गया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को लगातार सतर्कता बनाए रखने, मजबूत निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने और सक्रिय रूप से तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने इन्फ्लुएंजा के रुझानों पर लगातार नजर रखने पर भी जोर दिया।

बैठक में दिल्ली की स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों की भी विशेष रूप से समीक्षा की गई। अस्पतालों में उपलब्ध बेड, क्रिटिकल केयर सुविधाओं तथा आवश्यक दवाओं और अन्य मेडिकल सप्लाई की उपलब्धता पर चर्चा हुई।

सरकार ने मौसमी इन्फ्लुएंजा की



स्थिति पर करीबी नजर रखते हुए अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों को आवश्यक तैयारियां बनाए रखने पर जोर दिया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि इस इन्फ्लुएंजा से बचाव के लिए जन-जागरूकता बढ़ाने और बचाव के उपायों को अपनाने जरूरी है।

उन्होंने लोगों से श्वसन संबंधी स्वच्छता बनाए रखने और नियमित रूप से हाथों की सफाई करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों में लंबे समय से या गंभीर श्वसन संबंधी लक्षण बने हुए हैं, सांस लेने में परेशानी हो रही है या अन्य चेतावनी संकेत दिखाई दे रहे हैं, उन्हें बिना देरी किए चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।

स्वास्थ्य मंत्री ने दोहराया कि देश में एच 1एन 1समेत मौसमी इन्फ्लुएंजा की स्थिति पर लगातार और करीबी नजर रखी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, अस्पतालों, प्रयोगशालाओं तथा अन्य संबंधित संस्थानों के साथ समन्वय कर रहा है। मंत्रालय का फोकस प्रभावी निगरानी, संक्रमण की जल्द पहचान, समय पर उपचार और स्वास्थ्य सेवाओं की सक्रिय तैयारियों पर है, ताकि मौसमी इन्फ्लुएंजा के मामलों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

## एक झलक

### न्यूयॉर्क कैपिटल उड़ाने की साजिश नाकाम

**न्यूयॉर्क :** अमेरिकी अधिकारियों ने अल्बानी स्थित न्यूयॉर्क कैपिटल पर कथित बम हमले की साजिश को नाकाम करते हुए 35 वर्षीय जेसिका बोवी को गिरफ्तार किया है। संघीय जांच ब्यूरो के अनुसार, वह आईएसआईएस के प्रति समर्थन जता चुकी थी, हमले के लिए सरकारी इमारतों की रेकी कर चुकी थी और विस्फोटक को भोजन पहुंचाने की सेवा के जरिए अंदर पहुंचाने की योजना बना रही थी। अधिकारियों ने बताया कि उसे एक निष्क्रिय विस्फोटक और नकली बंदूक दिए जाने के बाद न्यूयॉर्क कैपिटल के पास गिरफ्तार किया गया। बोवी को गुरुवार को गिरफ्तार किए जाने के बाद विदेशी आतंकवादी संगठन को मदद पहुंचाने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

### चार्टर प्लेन क्रैश 08 लोगों की मौत

**अलास्का :** अमेरिका के अलास्का राज्य के सुदूर पश्चिमी इलाके में एक चार्टर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें सवार सभी आठ लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों और संघीय विमानन एजेंसियों ने इस दुखद घटना की पुष्टि की है। दुर्घटना केप न्यूएनहम लॉन्ग रेंज रडार साइट एयरपोर्ट पर हुई जो एंकरेज से करीब 725 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। यह जगह बहुत दूरदराज की है। यहां सिर्फ सैन्य या मंजूरी प्राप्त चार्टर उड़ानें ही उतर सकती हैं। यह विमान एक सिविलियन-कॉन्ट्रैक्टेड चार्टर फ्लाइट था जिसे सिक्योरिटी एविएशन कंपनी संचालित कर रही थी।विमान का मॉडल सेसना 441 था जो दो इंजन वाला है। यह एंकरेज से केप न्यूएनहम की ओर जा रहा था।

### पेरू में 6.7 तीव्रता का आया भूकम्प

**लीमा :** पेरू के दक्षिणी हिस्से में 6.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप से नुकसान की कोई खबर नहीं मिली। भूकंप स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 1 बजे (भारतीय समयानुसार रात 11:30 बजे) आया। इसका केंद्र आयाकूचो क्षेत्र के पैरिनाकोचास प्रांत में उपाहुआचो शहर से 38 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था। भूकंप का केंद्र जमीन से 66.7 किलोमीटर गहराई में था। दक्षिणी पेरू के कई इलाकों में इसके झटके महसूस किए गए, जिनमें इंका और अरेकिपा भी शामिल हैं। पेरू प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर का हिस्सा है। यह इलाका भूकंपीय गतिविधियों के लिए जाना जाता है, इसलिए यहां अक्सर भूकंप आते हैं।

### यमन-सोमालिया के पास दो जहाज हाईजैक

**नयी दिल्ली :** यमन और सोमालिया के तट के पास समुद्री सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ गई है। अलग-अलग घटनाओं में समुद्री लुटेरों ने दो कमर्शियल जहाजों को हाईजैक कर लिया। दोनों जहाजों पर कुल 30 क्रू सदस्य सवार थे, जिनमें 22 भारतीय नागरिक शामिल हैं। भारतीय अधिकारियों के मुताबिक, ताजा जानकारी में सभी भारतीय क्रू सदस्य सुरक्षित बताए जा रहे हैं। पहली घटना अदन की खाड़ी में हुई, जबकि दूसरी घटना सोमालिया के पुंटलैंड तट के पास सामने आई। दोनों घटनाओं के बीच क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

### पाक सेना के ड्रोन हमले में चार मजदूरों की मौत

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के बलोचिस्तान प्रांत में सेना के ड्रोन हमले में चार मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। इस बीच पाकिस्तान की सेना का बलोचिस्तान के विद्रोहियों के साथ सशस्त्र संघर्ष और तेज हो गया है। विद्रोहियों ने सेना और पुलिस के नियंत्रण से एक शहर को छुड़ाने का दावा किया है। द बलोचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार ड्रोन हमला गुरुवार शाम मस्तुंग जिले के खड़कोचा के गीत इलाके में गार्डन में किया गया। इस हमले में गार्डन में काम कर रहे चार मजदूरों की मौके पर मौत हो गई और तीन मजदूर घायल हो गए।

# सीओपी-31 से पहले भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जलवायु वार्ता

## भूपेन्द्र यादव और क्रिस बोवेन ने की चर्चा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के जलवायु परिवर्तन एवं ऊर्जा मंत्री क्रिस बोवेन के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक में इस वर्ष होने वाले संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (सीओपी-31) से पहले जलवायु परिवर्तन से जुड़े प्रमुख मुद्दों और वैश्विक जलवायु वाताओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर सहयोग और प्रभावी जलवायु कार्रवाई की आवश्यकता पर चर्चा की। भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के वैश्विक प्रयासों में लगातार समाधान का हिस्सा रहा है। उन्होंने जलवायु कार्रवाई के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सभी देशों के बीच सहयोग और सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। भारत वैश्विक जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में अपनी जिम्मेदार भूमिका निभाता रहेगा।

ऑस्ट्रेलिया के जलवायु परिवर्तन एवं ऊर्जा मंत्री क्रिस बोवेन ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए दीर्घकालिक समाधान विकसित करने की दिशा में भारत के सकारात्मक दृष्टिकोण और सहयोगात्मक भूमिका की सराहना की।



दोनों नेताओं ने जलवायु परिवर्तन से जुड़े मुद्दों पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सहयोग को और मजबूत करने तथा आगामी वैश्विक जलवायु वाताओं में मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक को सीओपी-31 से पहले दोनों देशों के बीच जलवायु संबंधी समन्वय को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### भारत-नेपाल ने सीमा सुरक्षा, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर दिया जोर

**देहरादून :** भारत और नेपाल ने सीमा प्रबंधन एवं सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने के साथ-साथ सीमा पार अपराध और आपराधिक गतिविधियों से प्रभावी ढंग से निपटने पर जोर दिया




और सीमा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने और संस्थागत समन्वय बढ़ाने पर भी व्यापक विचार-विमर्श किया। भारत-नेपाल संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की 14वीं बैठक 20 और 21 अगस्त को देहरादून में हुई। बैठक में दोनों पक्षों ने सीमा प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़े द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की तथा इन क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व गृह मंत्रालय की संयुक्त सचिव (बीएम-क) पौसुमी बासु ने किया, जबकि नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नेपाल सरकार के गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव आनंद कफ्ले ने किया। बैठक के दौरान सीमा पार से होने वाले अपराधों और अन्य आपराधिक गतिविधियों से निपटने के उपायों पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने सीमा पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, विशेष रूप से एकीकृत जांच चौकियों (आईसीपी), सड़कों और रेलवे नेटवर्क को बेहतर बनाने तथा इनके प्रभावी उपयोग पर विचार-विमर्श किया। अधिकारियों ने सीमा क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने और सीमा स्तंभों के रखरखाव से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में संस्थागत समन्वय और क्षमता विकास को मजबूत करने के उपायों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

# भाजपा राज में कानून व्यवस्था बदहाल : भूपेन्द्र

श्रीओम शर्मा

**बहादुरगढ़ :** आगामी 27 सितंबर को नूंह में आयोजित होने वाले ताऊ देवी लाल जयंती सम्मान समारोह को लेकर इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। राठी गांवों और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दौरा कर लोगों को 24 अगस्त को राठी फार्म हाउस में होने वाली बैठक का निमंत्रण दे रहे हैं। इस बैठक को इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला संबोधित करेंगे।

राठी ने शुक्रवार को गांव कसार, सराय औरंगाबाद, टांडाहेडी, मांडोठी व मेहंदीपुर डाबौदा गांव का दौरा किया। जनसंपर्क के दौरान राठी लोगों से 24 अगस्त की बैठक में पहुंचने का आह्वान करने के साथ-साथ 27 सितंबर के ताऊ देवी लाल जयंती सम्मान समारोह में भी बड़ी संख्या में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ताऊ देवी लाल ने जीवनभर किसान, मजदूर और कमेरे वर्ग के हितों की आवाज उठाई और उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं।



भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा राज में हरियाणा की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है, विकास कार्यों की रफ्तार थम गई है और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी और युवा सहित हर वर्ग सरकार की नीतियों से परेशान है।

राठी ने कहा कि गांव और शहर में लोगों से संपर्क के दौरान उन्हें जनता की समस्याओं और नाराजगी से रूबरू होने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को इनेलो से जोडने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 24 अगस्त की बैठक में चौधरी अभय सिंह चौटाला कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे और आगामी 27 सितंबर को नूंह में होने वाली ताऊ देवी लाल जयंती सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। बैठक को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी जाएंगी।

इस मौके पर उनके साथ शहरी जिला अध्यक्ष रामनिवास सैनी, देवेंद्र दहिया, जगबीर, रामरतन, सरपंच राकेश राठी, चरण सिंह कोच, बलबीर सांगवान, बलराज फौजी, सतपाल प्रधान, भगत सरपंच, कप्तान बिजेंद्र पाल, बलवान, रुघे व रामबीर आदि मौजूद रहे।

### भारत में पिछले साल 32 करोड़ मोबाइल फोन बने : वैष्णव

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि भारत में पिछले वर्ष 32 करोड़ मोबाइल फोन का निर्माण हुआ। मोबाइल फोन का निर्यात भारत से निर्यात होने वाली वस्तुओं की सबसे बड़ी श्रेणी बन गया है। वैष्णव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारत में मोबाइल फोन निर्माण की यह यात्रा पिछले कुछ वर्षों में तेजी से आगे बढ़ी है। करीब एक दशक पहले देश अपनी जरूरत के लगभग सभी मोबाइल फोन आयात करता था लेकिन आज भारत में इस्तेमाल होने वाले 99 प्रतिशत से अधिक मोबाइल फोन देश में निर्मित हो रहे हैं।

# रेवंत रेड्डी की अमेरिकी यात्रा को विदेश मंत्रालय से नहीं मिली मंजूरी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की अमेरिका की प्रस्तावित यात्रा को पद एवं उद्देश्यों के अनुरूप नहीं होने के कारण मंजूरी नहीं दी है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री की यात्रा का मूल्यांकन अन्य गणमान्य व्यक्तियों की यात्रा की ही तरह राजनीतिक मंजूरी के लिए किया जाता है।

प्रस्तावित कार्यक्रम पद और यात्रा के उद्देश्य के अनुरूप होना चाहिए। इस विशेष मामले में अमेरिका के संबंध में ऐसा नहीं था। ऐसे में उनकी यात्रा को मंजूरी नहीं दी गई। हालांकि उनकी ब्रिटेन यात्रा को मंजूरी मिल चुकी है। तय कार्यक्रम के अनुसार रेवंत रेड्डी 'तेलंगाना राइजिंग' प्रतिनिधिमंडल के साथ 20 अगस्त से ब्रिटेन के दौरे पर हैं। उन्हें 23 अगस्त को ब्रिटेन से अमेरिका जाना था, लेकिन अब वह लंदन से सीधे हैदराबाद लौट आएंगे। उनकी अमेरिकी संस्थानों जैसे हार्वर्ड, एमआईटी और अन्य विश्वविद्यालय के साथ वैश्विक शैक्षणिक भागीदारी के तहत समझौता करने की योजना थी।

# बाढ़ में घायल हथिनी 'जॉयमोती' को एयरलिफ्ट कर वनतारा लाया गया

- 53 वर्षीय हथिनी को गम्भीर चोटें, वनतारा के विशेष अस्पताल में होगा इलाज
- इलाज के लिए हाथी को एयरलिफ्ट करने का भारत में अपनी तरह का पहला मामला

**जामनगर :** जुलाई की भीषण बाढ़ में बह कर गम्भीर रूप से घायल हुई 53 वर्षीय हथिनी जॉयमोती को विशेष इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर जामनगर स्थित वनतारा पहुंचाया गया है। नागालैंड में बाढ़ के तेज पानी में बहने के बाद स्थानीय लोगों और सरकारी एजेंसियों की मदद से उसे बचाया गया था। जॉयमोती के शरीर पर कई गंभीर घाव हैं, उसकी दाहिनी आंख बुरी तरह क्षतिग्रस्त है और पुरानी चोट के कारण पिछले पैर में भी लंगड़ापन है। स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार के बावजूद उसकी उम्र, गम्भीर चोटों और चलने-फिरने में परेशानी को देखते हुए विशेष अस्पताल में इलाज की जरूरत थी। वनतारा में अब उसकी विस्तृत चिकित्सा जांच के साथ आंख और अन्य चोटों का विशेष उपचार किया जा रहा है। पोषण और दूसरी जरूरी देखभाल भी दी जायेगी।

गम्भीर रूप से घायल हाथी को अस्पताल में इलाज के लिए विमान से पहुंचाना भारत में अपनी तरह का पहला प्रयास बताया गया है। जॉयमोती को सड़क के लम्बे और थकाऊ सफर से बचाने के लिए एयरलिफ्ट किया गया। यात्रा के दौरान उसकी सेहत, आराम और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया।

वनतारा ने स्पष्ट किया है कि जॉयमोती को जामनगर लाना स्थायी स्थानांतरण नहीं है। उसे केवल विशेष और जरूरी इलाज के लिए यहां लाया गया है। वनतारा ने असम में हाथियों के लिए एक समर्पित केन्द्र समेत तीन वन्यजीव पशु चिकित्सा केन्द्र बनाने का प्रस्ताव भी दिया है, ताकि भविष्य में घायल वन्यजीवों को उनके क्षेत्र के करीब ही बेहतर इलाज मिल सके।

### कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बड़ा कदम

**भोपाल :** मध्य प्रदेश की जेलों में निरुद्ध मानसिक रूप से बीमार एवं तनावग्रस्त बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य और सुधार की दिशा में जेल विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जेल महानिदेशक डॉ. वरुण कपूर की विशेष पहल पर मध्य प्रदेश जेल विभाग और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर, गुजरात के बीच साइको-सोशल काउंसलिंग के क्षेत्र में सहयोग के लिए ज्ञापन समझौता पर हस्ताक्षर किए गए। जनसंपर्क अधिकारी राजेश दाहिमा ने शुक्रवार को बताया कि जेल मुख्यालय, भोपाल में आयोजित एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम में जेल महानिदेशक डॉ. वरुण कपूर ने प्रदेश की जेलों में बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं मानसिक सुधार को प्राथमिकता देते हुए राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित साइको-सोशल काउंसलिंग योजना का अध्ययन किया।

# 'स्पिरिट' से जुड़े विवाद में दीपिका पर उठे सवाल

**मुम्बई :** निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट' से दीपिका पादुकोण के बाहर होने का विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है। निर्देशक के भाई और फिल्म से जुड़े निमार्ता प्रणय रेड्डी वांगा ने इस मामले में नए दावे किए हैं। जहां अब तक दीपिका के फिल्म से अलग होने की वजह 8 घंटे की शूटिंग शिफ्ट की शर्त को माना जा रहा था, वहीं प्रणय के मुताबिक असली मतभेद फीस और फिल्म के मुनाफे में हिस्सेदारी को लेकर हुआ था। उन्होंने दावा किया कि संदीप करीब 18 महीनों से दीपिका के साथ फिल्म को लेकर बातचीत कर रहे थे और उन्हें इस परियोजना का हिस्सा बनाने के लिए काफी उत्सुक थे। दिए एक हालिया इंटरव्यू में प्रणय ने दावा किया कि दीपिका ने फिल्म के मुनाफे में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी की मांग की थी। उनके मुताबिक, इसके बाद बातचीत आगे नहीं बढ़ सकी और टीम ने दूसरे विकल्प तलाशने शुरू कर दिए। प्रणय ने यह भी आरोप लगाया कि विकल्पों पर विचार शुरू होने के बाद फिल्म की कहानी और किरदार से जुड़ी कुछ जानकारियां लीक की गईं। उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी और किरदार को लेकर अभिनेत्री के साथ हुई बातचीत निजी और गोपनीय थी और इस तरह की जानकारी के सार्वजनिक होने से टीम काफी परेशान हुई।

प्रणय ने यह भी स्पष्ट किया कि विवाद केवल 5-6 करोड़ रुपये अतिरिक्त फीस की मांग का मामला नहीं था। इससे पहले दीपिका के 8 घंटे की कार्य अवधि की कथित शर्त को लेकर भी काफी चर्चा हुई थी।



# कल्याण सिंह ने सत्ता गंवायी, लेकिन रामभक्तों पर गोली नहीं चलायी : योगी

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को अटल बिहारी बाजपेयी इकाना स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से मैं बाबू जी के चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कल्याण सिंह ने प्रभु श्रीराम के लिए अपनी सत्ता गंवायी लेकिन रामभक्तों पर गोली नहीं चलाई। याद करिए राम जन्मभूमि आन्दोलन को उन्होंने कहा कि संघर्ष स्वीकार है। सत्ता दूर हो स्वीकार है लेकिन प्रभु श्रीराम का अपमान स्वीकार्य नहीं है। आज जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर को देखते हैं तो बाबू कल्याण सिंह की स्मृति जीवंत हो उठती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे लम्बे समय तक बाबू कल्याण सिंह के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में रहने का अवसर प्राप्त हुआ है। 'आज का दिन हिंदू गौरव दिवस है। बाबूजी की स्मृतियां हमारे लिए प्रेरणा हैं। आदमी अपने कर्मों से बड़ा व महान होता है। अतरौली के एक सामान्य किसान परिवार में जन्म लेने वाले बाबू जी अपनी कर्मठता और देश के प्रति समर्पण के भाव से राष्ट्रीय स्वयंसेवक



संघ की पाठशाला में तपे हुए एक स्वयंसेवक के रूप में, एक किसान, एक शिक्षक, एक विधायक, सांसद, एक मंत्री व एक मुख्यमंत्री व राज्यपाल के रूप में संवैधानिक दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल्याण सिंह का जीवन हर उस भारतीय के लिए जिसके लिए भारत प्रथम है, सनातन मूल्य प्रथम है, राष्ट्र प्रथम का भाव रखता है, उसके लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। उनकी सादगी, तप व साधना से भरा जीवन था। उन्होंने सदैव सनातन मूल्यों की रक्षा करते हुए गरीबों के लिए अन्नदाता किसानों व युवाओं के लिए अपना जीवन समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गलत काम बाबू जी से कोई करा नहीं सकता था। वह बोलते थे कल्याण सिंह टूट सकता है लेकिन झुक नहीं सकता। गिरगिट की तरह रंग बदलने वाले पीडीए का अर्थ रोज बदलते रहते हैं। एक दिन पी का मतलब पाकिस्तान हो जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले नौ वर्ष में तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों की मृत्यु हुई। कल्याण सिंह की मृत्यु होने पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सारे कार्यक्रम निरस्त कर लखनऊ आये थे। हमारे लिए कष्टकारी था कि एक सामान्य शिष्टाचार होता है। बसपा प्रमुख मायावती ने आकर बाबू जी को श्रद्धांजलि दी लेकिन समाजवादी पार्टी के मुखिया ने बाबू जी को प्रत्यक्ष जाकर श्रद्धांजलि देने के बजाय शब्दों से भी व्यक्त् नहीं किया। इससे बड़ा अपमान क्या हो सकता है।

योगी ने कहा कि बाबू जी का जीवन सनातन मूल्यों के लिए समर्पित था। कल्याण सिंह ने उत्तर प्रदेश में सुशासन की नींव रखी। बाबू जी ने युवाओं को मंच दिया। उत्तर प्रदेश को एक पहचान दी। सनातन मूल्यों की रक्षा करते हुए अयोध्या में गुलामी के ढांचे को गिराकर राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। जो बाबूजी ने कहा वो करके दिखाया। डबल इंजन सरकार कल्याण सिंह के सपनों को साकार करेगी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, सांसद राजबीर सिंह राजू, उन्नाव सांसद सच्चिदानन्द हरि साक्षी महाराज, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।